निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



धनबाद में झामुमो के 54वें स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं से मिलते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

• बोकारो, गुरुवार 5 फरवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 259 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

# झारखंड में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को नौकरी देने का कानून : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) अपने जन्मकाल से ही मूलवासियों और आदिवासियों की पार्टी मानी जाती रही है। झामुमो के नेता बाहर से आकर बसे लोगों-जैसे बिहारी, साहूकार, जमींदार और व्यापारियों-को 'दिकू' (शोषक) कहकर संबोधित करते रहे हैं। अब जब झामुमो पिछले सात वर्षों से झारखंड की सत्ता में है और सत्ताधारी पार्टी बन चुकी है, तो वह सभी को साथ लेकर चलने की रणनीति पर आगे बढ़ रही है। इसका स्पष्ट संदेश झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिया है। सोरेन ने कहा कि मूलवासियों के साथ-साथ जो लोग बाहर से आकर यहां बसे हैं, वे भी स्वयं को झारखंडी कहने में गर्व महसूस करते हैं। सोरेन ने कहा, जन्म देने वाली मां से पालन करने वाली मां का दर्ज़ा बड़ा होता है। मुख्यमंत्री बुधवार को धनबाद में झामुमो के 54वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। गौरतलब है कि 4 फरवरी 1973 को धनबाद में ही झामुमो की स्थापना हुई थी। उन्होंने कहा कि जोहार (संथाली में नमस्कार) सिर्फ झारखंड तक सीमित नहीं है, पूरे देश में इस अभिवादन को सम्मान और समर्थन मिला है। लंदन में भी लोग 'जोहार' बोल रहे हैं। हम अपने कार्यकर्ताओं के लिए हर मौसम, हर चुनौती और हर परिस्थिति में तैयार हैं। सोरेन ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों ने लंबी लड़ाई लड़ी। कई ऐसे नेता थे जिन्होंने रास्ता दिखाया लेकिन वे आज हमारे बीच नहीं हैं। उन्होंने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को याद करते हुए कहा कि उनकी पहचान देश और दुनिया में आदिवासी, दलित और मजदूरों के नेता के रूप में रही है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ स्थापना दिवस नहीं



है बल्कि गुरुजी के नहीं रहने का दिन भी है। यह राज्य को सजाने-संवारने और उनके सपनों को पूरा करने का संकल्प दिवस है। मालूम हो कि झामुमो के संस्थापक शिबू सोरेन अब हमारे बीच नहीं हैं। पिछले साल 4 अगस्त, 2025 को उनका निधन हो गया था। गोल्फ ग्राउंड के ऐतिहासिक महत्व का जिक्र करते हुए सोरेन ने कहा कि इस धरती ने कई ऐसे नेतृत्व दिए, जिन्होंने दमनकारियों के सामने सीना तानकर बलिदान दिया। भगवान बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, बिनोद बिहारी महतो और ए.के. राय जैसे महान नेताओं का यह राज्य है। इनके बलिदान और समर्पण ने झारखंड को अलग पहचान दी है। उन्होंने दोहराया कि बाहर से आकर बसे लोग भी खुद को झारखंडी कहने में गर्व महसूस करते हैं। झारखंड ने पूरे देश को चलाने का काम किया, लेकिन यहां के लोगों को गरीबी, उत्पीड़न और अशिक्षा मिली। इसी कारण गुरुजी ने अलग राज्य का बिगुल फूंका, उन्होंने कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब अलग झारखंड राज्य का आंदोलन शुरू हुआ तब कई लोग इस मिट्टी में मिल गए। सोरेन ने कहा कि 'अबुआ सरकार' बनने के बाद स्कूल दोबारा खोले गए और निजी शिक्षण संस्थानों की तर्ज पर शिक्षा व्यवस्था विकसित की जा रही है। आज झारखंड के बच्चे विदेशों में पढ़ाई करने जा रहे हैं। हालांकि कुपोषण जैसी समस्याओं से बाहर निकलने में अभी समय लगेगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार रांची से नहीं बल्कि गांवों से संचालित होती है। अधिकारी गांव-गांव जाकर काम कर रहे हैं। गरीबी के आधार पर परिवारों को चिन्हित कर 2500 रुपये की सहायता दी जा रही है। माताओं-बहनों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि वे अपने बच्चों को पढ़ाएं और उन्हें आईएएस-आईपीएस जैसे बड़े पदों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करें। धनबाद के महत्व पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से बाहरी लोगों को लाया जा रहा है। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे रोजगार के अवसरों पर अपना हक सुनिश्चित करें। राज्य सरकार ने 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को नौकरी देने का कानून बनाया है। सोरेन ने कहा कि गुरुजी (शिबू सोरेन) के नहीं रहने की कमी महसूस होती है और आगे का सफर आसान नहीं है। लेकिन उनकी दी हुई शिक्षा से मंजिल जरूर मिलेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि बड़ी मुश्किल से राज्य और सत्ता मिली है, इसलिए झारखंड विरोधी ताकतों को दोबारा मौका नहीं देना है। ब्लगांव भी हमारा, शहर भी हमारा-कोई कोना नहीं छोड़ना है। राजनीतिक ताकत को मजबूत करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### किसान ने फांसी लगा की आत्महत्या

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** सदर थाना अंतर्गत मुरकुंडा कोलांबी गांव में 35 वर्षीय नवीन कुमार ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना देर रात की बताई जा रही है। बुधवार दोपहर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पुलिस ने इस मामले में यूडी केस दर्ज कर घटना के कारणों की छानबीन में जुट गई है।

### निर्माणाधीन अपार्टमेंट में मिला नाबालिग का शव

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी रांची के पुंदाग ओपी क्षेत्र में एक नाबालिग लड़के की हत्या का मामला सामने आया है। 16 वर्षीय जसीम मंसूरी का शव लाजपत नगर इलाके में स्थित एक निर्माणाधीन अपार्टमेंट से बरामद किया गया है। मृत लड़का रांची के पंडरा स्थित मुस्लिम मोहल्ले का रहने वाला था। शव को देख कर ऐसा लगता है कि पहले जसीम को चाकू से मारा गया और फिर हत्या के बाद मृतक को निर्माणाधीन चार माले अपार्टमेंट की ऊपरी मंजिल से नीचे फेंक दिया गया। मामले की जानकारी मिलते ही हटिया डीएसपी पीके मिश्रा मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुट गए हैं।

### यात्री बस ने बाइक सवारों को रौंदा

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के गिद्धौर थाना अंतर्गत ब्रह्मपुर मोड़ के समीप दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां यात्री बस और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान गिद्धौर थाना क्षेत्र के बंदिया गांव निवासी 34 वर्षीय अजय साव के रूप में हुई है। वहीं बाइक पर सवार उसका साथी छतरु भुइयां गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए सड़क पर यातायात भी प्रभावित रहा।

### युवक ने खुद को मारी गोली

**दुमका(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के जिला रोड निवासी लल्लू सिंह के 18 वर्षीय देव सिंह ने बुधवार की अहले सुबह करीब चार बजे पिता के लाईसेंसी पिस्टल से कनपटी में गोली मार ली। गोली लगने के बाद पार हो गई। उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत अधिक गंभीर होने की वजह से रेफर कर दिया गया। दुर्गापुर के हेल्थ वर्ल्ड अस्पताल में वह जीवन के लिए संघर्ष कर रहा है। जान देने के प्रयास की वजह पिता की बीमारी सामने आई है। स्वजन ने बताया कि अभी दुर्गापुर के अस्पताल में इलाजरत है। उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई। नगर थाना प्रभारी जगन्नाथ धान का कहना है कि घटना की जानकारी मिलने पर जांच करने का प्रयास किया, लेकिन बीमार पिता की हालत ऐसी नहीं है कि वे कुछ बता पाते।

# खादगढ़ा बस स्टैंड में लगातार आगजनी की घटनाओं का खुलासा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** खादगढ़ा बस स्टैंड पर लगातार हो रही आगजनी की घटनाओं में पुलिस ने एक संदिग्ध आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लोअर बाजार थाने की पुलिस ने अर्जुन भोक्ता नामक आरोपी को पकड़ा, जिसके कब्जे से माचिस का डिब्बा और लाइटर बरामद हुआ। प्रारंभिक जांच में आरोपी पर जानबूझकर आग लगाने का शक है। रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि 1 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 2:30 बजे खादगढ़ा बस स्टैंड पर खड़ी छह बसों में अचानक आग लग गई थी, जिसमें सभी बसें जलकर खाक हो गईं। इस घटना की जांच जारी थी, उसी दौरान 2 फरवरी को बस टर्मिनल के सामने खड़ी सीटी बस (रजिस्ट्रेशन नंबर खख01इक्क-6969) में फिर आग लग गई। राहत की बात यह रही कि समय रहते आग बुझा ली गई। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल में एक संदिग्ध व्यक्ति का हाथ फुटेज में कैद हुआ। फुटेज में देखा गया कि बस में आग लगने से ठीक पहले वह व्यक्ति हाथ में



कपड़ा लिए बस में घुसा और बाहर निकलते ही आग भड़क उठी। पुलिस ने आगे जांच की तो 1 फरवरी की घटना वाली पहली जलकर खाक हुई बस के पांच मिनट पहले भी यही व्यक्ति उसी बस के पास से गुजरता नजर आया। इन सुरागों के आधार पर लोअर बाजार थाने में 3 फरवरी को कांड संख्या 31/2026 धारा 326(जी)/327(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। विशेष टीम ने छापेमारी कर आरोपी को उसके घर से दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी अर्जुन भोक्ता है, जो रांची के सिकिदरी का रहने वाला है। गिरफ्तार आरोपी के पास से एक माचिस का डिब्बा और एक लाइटर भी बरामद किया गया है। रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि आरोपी को जिस समय पकड़ा गया वह अत्यधिक नशे में था या तो उसने शराब का नशा किया था या फिर डेंड्राइट का। सिटी एसपी के अनुसार, इस मामले में दर्जनों लोगों से पूछताछ की गई है। लेकिन अंत में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# सीसीटीवी की निगरानी में दसवीं और बारहवीं की परीक्षा शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** झारखंड में बुधवार 4 फरवरी से 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) की ओर से आयोजित इस परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। नकल और कदाचार पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए हजारीबाग जिले में विशेष और पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस बार परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने पर जोर दिया गया है। हजारीबाग जिले में लगभग सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। परीक्षा शुरू होने से पहले सभी कैमरों की जांच कर उन्हें दुरुस्त किया गया, ताकि निगरानी व्यवस्था में कोई खामी न रहे। मैट्रिक और इंटरमीडिएट दोनों की परीक्षाएं अब सीसीटीवी की सीधी निगरानी में कराई जा रही हैं। शहरी क्षेत्र में मैट्रिक और इंटर के लिए अलग-अलग कुल 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, और इन सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय हैं। पूरे हजारीबाग जिले में मैट्रिक परीक्षा के लिए 69 और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 49 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर कुल 53,303 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। मैट्रिक में 26,651 और इंटरमीडिएट में 26,652 विद्यार्थी शामिल हुए हैं। आंकड़ों के अनुसार इंटरमीडिएट में मैट्रिक की तुलना में सिर्फ एक परीक्षार्थी अधिक है, जो अपने आप में एक दिलचस्प तथ्य है। विद्यार्थियों और अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले के 16 प्रखंडों में से 15 प्रखंडों में स्थानीय स्तर पर ही परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इससे छात्रों को लंबी दूरी तय करने से राहत मिली है। केवल कटकमदाग प्रखंड, जो शहर से सटा हुआ है, उसके विद्यार्थियों को शहरी क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों से जोड़ा गया है। इससे भीड़ प्रबंधन और परीक्षा संचालन में आसानी हुई है। हिंदू प्लस टू स्कूल के केंद्राधीक्षक लक्ष्मण प्रसाद मेहता ने बताया कि परीक्षा पूरी तरह सीसीटीवी निगरानी में हो रही है। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। जरूरत के अनुसार पेयजल, शौचालय और साफ-सफाई की पूरी व्यवस्था की गई है। परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक और जरूरी सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) प्रवीण रंजन ने कहा कि जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह फंक्शनल हैं। परीक्षा शुरू होने से पहले केंद्राधीक्षकों के साथ कई राउंड की बैठकें की गईं। इन बैठकों में परीक्षा से जुड़ी हर छोटी-बड़ी तैयारी की समीक्षा की गई। सीसीटीवी कैमरों के साथ-साथ बेंच-डेस्क, पेयजल और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता पहले ही सुनिश्चित कर ली गई थी। डीईओ ने बताया कि किसी भी प्रकार की शिकायत को गंभीरता से लेने के लिए डीईओ कार्यालय में विशेष परीक्षा सेल बनाया गया है। केंद्राधीक्षकों के लिए एक व्हाट्सएप नंबर जारी किया गया है और सभी को एक ग्रुप से जोड़ा गया है। इससे किसी भी समस्या की सूचना तुरंत मिल सके और त्वरित कार्रवाई की जा सके। साथ ही, शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिलेभर में 1000 से अधिक शिक्षकों को वीक्षक के रूप में तैनात किया गया है। हजारीबाग प्रशासन का साफ संदेश है कि नकल और अनुशासनहीनता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीसीटीवी निगरानी, पर्याप्त वीक्षकों की तैनाती और मजबूत प्रशासनिक व्यवस्था के जरिए परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने की पूरी कोशिश की जा रही है। इन सख्त इंतजामों के बीच परीक्षार्थी भी पूरे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।

# डैम के कैचमेंट एरिया में अतिक्रमण पर हाईकोर्ट गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची में तीन ऐसे डैम हैं जो राजधानीवासियों के पेयजल की जरुरत को पूरा करते हैं। इनके नाम हैं, धुर्वा डैम, कांके डैम और गेतलसूद डैम। तीनों डैम के कैचमैंट एरिया में अतिक्रमण का मामला सामने आने पर झारखंड हाईकोर्ट ने इसे गंभीर बताते हुए जिला प्रशासन से रिपोर्ट तलब किया है। मामले की विस्तृत सुनवाई 26 मार्च को होगी। झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि चीफ जस्टिस एम एस सोनक की खंडपीठ में रांची के जलश्रोतों और तीनों प्रमुख डैम के क्षेत्र में अतिक्रमण मामले पर सुनवाई हुई। खंडपीठ ने रांची के उपायुक्त से जानना चाहा कि डैमों के लिए कितनी जमीन अधिग्रहित की गई थी और उन जमीनों पर कितना अतिक्रमण हुआ है। खंडपीठ ने यह भी जानना चाहा कि अतिक्रमण को हटाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से क्या कार्रवाई की गई है या की जा रही है। शपथ पत्र के जरिए इन सवालों का जवाब मांगा गया है। सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट के आदेश के अनुपालन पर रांची नगर निगम से रिपोर्ट तलब किया है। नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने पक्ष रखा। इस दौरान सरकार की ओर से बताया गया कि हरमू नदी, हीनू नदी और धुर्वा डैम क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। यह भी बताया गया कि कुछ मामलों में कोर्ट के स्थगन आदेश के कारण अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका है।

# मासूमों को एचआइवी संक्रमित खून चढ़ाने के मामले में एफआइआर दर्ज करने का आदेश

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** चाईबासा के सदर अस्पताल में थैलेसीमिया से पीड़ित नाबालिग बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाने के मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने इस मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। केस की सुनवाई न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की पीठ ने की। झारखंड हाईकोर्ट ने यह भी आदेश दिया है कि दर्ज की गई एफआईआर की एक प्रति शिकायतकर्ताओं को उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही पुलिस को यह निर्देश दिया गया है कि एफआईआर की प्रति जवाबी हलफनामा के माध्यम से अदालत में भी पेश किया जाए। यह मामला साल 2025 में सदर अस्पताल चाईबासा में इलाज के दौरान पांच नाबालिग थैलेसीमिया मरीजों को संक्रमित खून चढ़ाए जाने से जुड़ा है। जिसके बाद बच्चों में एचआइवी संक्रमण की पुष्टि हुई थी। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद मामले में पुलिस कार्रवाई की प्रक्रिया तेज होने का रास्ता साफ हो गया है।

# रिम्स में ओपीडी पर्ची कटाना पड़ेगा महंगा, अब देने होंगे 10 रुपये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची स्थित राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) में इलाज कराना अब पहले से महंगा हो जाएगा। आने वाले दिनों में रिम्स के बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में पर्ची कटाने की फीस पांच रुपये के बदले 10 रुपये देने होंगे। यह फैसला रिम्स शासी परिषद की 64वीं बैठक में लिया गया। अब मरीजों को डॉक्टर से परामर्श लेने से पहले 10 रुपये का रजिस्ट्रेशन शुल्क देना होगा। रिम्स शासी परिषद की 64वीं बैठक में कुल 18 एजेंडों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में ओपीडी शुल्क को बढ़ाकर 20 रुपये करने का प्रस्ताव भी रखा गया था, लेकिन सदस्यों के विरोध के बाद सदर अस्पताल रांची की तर्ज पर इसे 10 रुपये तक सीमित रखने पर सहमति बनी। बैठक में रिम्स के आधारभूत ढांचे के विस्तार और प्रशासनिक फैसलों पर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में रिम्स कैंपस थ्री (डीआईजी ग्राउंड) के निर्माण को लेकर भी सहमति बनी। यहां ओपीडी और आईपीडी (वार्ड) कॉम्प्लेक्स के साथ-साथ 50 बेड का सुपर स्पेशियलिटी यूनिट बनाया जाएगा। यह रिम्स के विस्तार की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, भविष्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए यह परियोजना अहम होगी। रिम्स की करीब 60 साल पुरानी बिल्डिंग को तोड़कर नया भवन बनाने का भी निर्णय लिया गया है। नया भवन पूरी तरह तैयार होने के बाद ओपीडी और आईपीडी सेवाओं को यहां शिफ्ट किया जाएगा। इसके बाद कैंपस थ्री को 500 बेड का सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल घोषित करने की योजना है। इससे न सिर्फ मरीजों को बेहतर सुविधा मिलेगी बल्कि रिम्स की क्षमता में भी बड़ा इजाफा होगा। शासी परिषद की 63वीं बैठक में लिए गए कई फैसलों पर अब अंतिम रूप से मुहर लगा दी गई है क्योंकि वे अभी तक धरातल पर नहीं उतर पाए थे। हालांकि नगर निकाय चुनाव के चलते बैठक तो हुई लेकिन जीबी अध्यक्ष सह स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी और रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार ने फैसलों की विस्तृत जानकारी मीडिया को नहीं दी। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, कांके विधायक सुरेश बैठा, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, वित्त विभाग के निदेशक, रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार और पर्यवेक्षक के तौर पर झारखंड हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस अमरेश्वर सहाय मौजूद थे। बैठक में जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर (जीडीएमओ) की नियुक्ति को लेकर भी अहम फैसला लिया गया। तय हुआ कि सरकारी अस्पतालों में तैनात जीडीएमओ को मिलने वाली सैलरी के बराबर वेतन पर ही नियुक्ति की जाएगी। पदोन्नति को लेकर पहले पांच साल का प्रस्ताव था लेकिन विचार-विमर्श के बाद छह साल में पदोन्नति पर सहमति बनी। शासी परिषद ने अस्पताल की रोगी कल्याण मद में आय बढ़ाने, साफ-सफाई व्यवस्था सुधारने, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और सुविधाओं के बेहतर रखरखाव पर भी निर्णय लिया। अधिकारियों का मानना है कि इससे मरीजों को बेहतर माहौल और सुविधाएं मिल सकेंगी। रिम्स में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ओपीडी में प्रतिदिन औसतन 1,900 से 2,200 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। आईपीडी में 250 से 300 मरीज भर्ती रहते हैं, जबकि इमरजेंसी में रोजाना 280 से 350 मरीजों को भर्ती किया जाता है। ऐसे में ओपीडी शुल्क में बढ़ोतरी आम लोगों के लिए चिंता का विषय बन सकती है।


यू सी आई एल UCIL

**URANIUM CORPORATION OF INDIA LIMITED**
[ A Govt. of India Enterprises ]
PO: Jaduguda Mines, Dist: East Singhbhum, Jharkhand - 832 102
Phone No. 0657-2730122, Website: www.uraniumcorp.in

**ADVERTISEMENT No. 03/2026**

Uranium Corporation of India Limited [UCIL] invites applications from Ex-ITI [NCVT], Diploma & Graduate candidates for various apprenticeship training under The Apprentices Act- 1961 read in conjunction with The Apprenticeship Rules 1992. A total number of 364 [Three Hundred Sixty Four] vacancies as per distribution of vacancy details given below (for all units of UCIL in Jharkhand region):-

**1. Ex- ITI One Year Trade Apprentices Training**

| Sl. No. | Designated Trades | Eligible Courses | No. of Posts | Units wise Vacancy |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Fitter | ITI (Fitter) | 78 | Jaduguda Unit = 118<br>Narwapahar Unit= 56<br>and<br>Turamdih Unit = 95 |
| 02 | Electrician | ITI (Electrician) | 78 | |
| 03 | Welder [Gas & Electric] | ITI (Welder [Gas & Electric]) | 35 | |
| 04 | Turner/Machinist | ITI (Turner/Machinist) | 09 | |
| 05 | Instrument Mechanic | ITI (Instrument Mechanic) | 04 | |
| 06 | Mech. Diesel/Mech. MV | ITI (Mech. Diesel/Mech. MV) | 07 | |
| 07 | Carpenter | ITI (Carpenter) | 04 | |
| 08 | Plumber | ITI (Plumber) | 04 | |
| 09 | Mate (Mines) | 10th/Matric Exam | 50 | |
| TOTAL | | | 269 | |

**2. For Technician Apprentice Training**

| Sl. No. | Apprentice Training Trade | Eligible Courses | No. of Post | Units wise Vacancy |
|---|---|---|---|---|
| 01. | Mining | Diploma (Mining) | 25 | Jaduguda Unit = 26<br>Narwapahar Unit= 14<br>and<br>Turamdih Unit = 20 |
| 02. | Civil | Diploma (Civil) | 15 | |
| 03. | Mechanical | Diploma (Mechanical) | 10 | |
| 04. | Electrical | Diploma (Electrical) | 10 | |
| | | Total | 60 | |

**3. For Graduate Apprentice Training**

| Sl. No. | Apprentice Training Trade | Eligible Courses | No. of Post | Units wise Vacancy |
|---|---|---|---|---|
| 01. | Mining | B.E/B.Tech (Mining) | 05 | Jaduguda Unit = 15<br>Narwapahar Unit= 07<br>and<br>Turamdih Unit = 13 |
| 02. | Civil | B.E/B.Tech (Civil) | 05 | |
| 03. | Mechanical | B.E/B.Tech (Mechanical) | 05 | |
| 04. | Electrical | B.E/B.Tech (Electrical) | 05 | |
| 05. | Administration, Finance, Purchase | B.Com, B.A, LLB,BBA, MBA | 15 | |
| | | Total | 35 | |

**For detail advertisement may visit website: www.uraniumcorp.in**

CBC 48134/12/0041/2526

# नामांकन के अंतिम दिन गिरिडीह में चुनावी हलचल तेज, मेयर पद के लिए 20 प्रत्याशियों ने ठोका दावा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर निगम चुनाव को लेकर शहरी क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी अपने चरम पर पहुँच गई है। नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन बुधवार को मेयर और वार्ड पार्षद पद के लिए नामांकन कराने को लेकर प्रत्याशियों व समर्थकों की भारी भीड़ देखने को मिली।

मेयर पद के लिए नामांकन समाहरणालय परिसर में किया गया, जबकि वार्ड पार्षद पद के प्रत्याशियों ने सदर प्रखंड मुख्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया नामांकन के आखिरी दिन मेयर पद के लिए भाजपा नेता कामेश्वर पासवान व प्रकाश दास के अलावा अर्जुन बैठा, जीवन दास सहित कुल 13 प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। सभी प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ समाहरणालय पहुँचे और अपर समाहर्ता विजय सिंह विरुवा के समक्ष विधिवत रूप से नामांकन पत्र जमा किया। नामांकन की अंतिम तिथि तक मेयर पद के लिए कुल 20 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया है। इनमें योगेश्वर महथा, प्रमिला मेहरा गौरव कुमार, बनारसी लाल दासल्लअनिल कुमार दास डॉ. शैलेन्द्र कुमार चौधरी फूल देवी अर्जुन बैठा प्रकाश कुमार दास पंकज कुमार सागर कामेश्वर पासवान बृजमोहन तुरी गोविंद तुरी नागेश्वर दास जीवन कुमार दास दयानंद निरंजन पप्पू रजक कृष्णा तुरी प्रदीप पासवान और समीर राज चौधरी शामिल हैं।विदित हो कि नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद 5 फरवरी को सभी प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों एवं दस्तावेजों की स्क्रूटनी की जाएगी। वहीं 6 फरवरी तक नाम वापसी की प्रक्रिया चलेगी, जबकि 7 फरवरी को प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जायगा



# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस का किया मासिक निरीक्षण

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामनिवास यादव के द्वारा प्रखंड कार्यालय गिरिडीह स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया उन्होंने ईवीएम वेयर हाउस की विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली उपायुक्त ने सीसीटीवी व अन्य उपकरणों की स्थिति और रखरखाव का जायजा लिया।

सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया इसके अलावा मासिक निरीक्षण दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा परिसर का अवलोकन के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था विद्युत व्यवस्था बीयू हॉल सीसीटीवी कंट्रोल रूम जनरेटर रूम तैनात सुरक्षा बलों के लॉग बुक, अग्निशमन यंत्र आदि सहित अन्य व्यवस्थाओं आदि का जायजा लिया गया निरीक्षण के क्रम में तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने कार्य एवं दायित्वों के प्रति सचेत व सक्रिय रहने के निर्देश दिए मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार उप निर्वाचन पदाधिकारी रंथू महतों, अग्निशमन पदाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## संक्षिप्त समाचार

### गिरिडीह में भाजपा की अंदरूनी नाराजगी आई सामने, प्रकाश दास ने किया नामांकन

**गिरिडीह (नबिटासं)।** नगर निकाय चुनाव में भाजपा द्वारा डॉ. शैलेन्द्र चौधरी को समर्थित उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद पार्टी के भीतर असंतोष खुलकर सामने आने लगा है। नामांकन के अंतिम दिन बुधवार को भाजपा नेता कामेश्वर पासवान के साथ-साथ अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रकाश दास भी नामांकन दाखिल करने समाहरणालय पहुंचे।प्रकाश दास जो गिरिडीह के पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी के करीबी माने जाते हैं, अपने समर्थकों के साथ समाहरणालय पहुंचे और अपर समाहर्ता विजय सिंह विरुवा के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके नामांकन से यह स्पष्ट संकेत मिला है कि भाजपा के भीतर उम्मीदवार चयन को लेकर नाराजगी गहराती जा रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस घटनाक्रम से चुनावी समीकरणों पर असर पड़ सकता है और आने वाले दिनों में सियासी हलचल और तेज होने की संभावना है।

### गिरिडीह में भाजपा की अंदरूनी नाराजगी आई सामने, प्रकाश दास ने किया नामांकन

**गिरिडीह (नबिटासं)।** नगर निकाय चुनाव में भाजपा द्वारा डॉ. शैलेन्द्र चौधरी को समर्थित उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद पार्टी के भीतर असंतोष खुलकर सामने आने लगा है। नामांकन के अंतिम दिन बुधवार को भाजपा नेता कामेश्वर पासवान के साथ-साथ अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रकाश दास भी नामांकन दाखिल करने समाहरणालय पहुंचे।प्रकाश दास जो गिरिडीह के पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी के करीबी माने जाते हैं, अपने समर्थकों के साथ समाहरणालय पहुंचे और अपर समाहर्ता विजय सिंह विरुवा के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके नामांकन से यह स्पष्ट संकेत मिला है कि भाजपा के भीतर उम्मीदवार चयन को लेकर नाराजगी गहराती जा रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस घटनाक्रम से चुनावी समीकरणों पर असर पड़ सकता है और आने वाले दिनों में सियासी हलचल और तेज होने की संभावना है।

### शिक्षक मूंगा लाल राम व राजेंद्र महतो की सेवानिवृत के पश्चात सम्मान के साथ दी गई विदाई

**मेदिनीनगर (पलामू)/(नबिटासं)।**स्तरोन्नत राजकीयकृत उच्च विद्यालय सिगसिगी के प्रांगण में सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षक मूंगा लाल राम व राजेंद्र महतो की सेवानिवृत के पश्चात सम्मान सह विदाई समारोह का कार्यक्रम किया गया। सम्मान सह विदाई समारोह का संचालन विद्यालय के शिक्षक राम निवास तिवारी व सोनू कुमार रंजन ने संयुक्त रूप से किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजार अहमद खां ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते। वे जहां भी रहते हैं शिक्षा का अलग जागते हैं। कहा कि शिक्षक की सेवानिवृत्ति एक भावुक अवसर होता है। शिक्षक मूंगा लाल राम व राजेंद्र महतो के वर्षों के समर्पण व ज्ञान के प्रसार का जश्न मना रहे हैं। साथ ही विदाई कर मन भारी व भावुक हो रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी कृति हमेशा याद की जाएगी। बच्चों की बीच इनकी लोकप्रियता काफी रही है। मौके पर शिक्षक मूंगा लाल राम व राजेंद्र महतो को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षिका सुनीता दुबे, किरण कुमारी , चंद्रदेव प्रसाद, दिलीप चौधरी, उपेंद्र पाल आलोक पाल,जितेंद्र कुमार , मनोहर पासवान, संध्या देवी, समाज सेवी- उमेश सोनी , विनय चंद्रवंशी, रामचंद्र चंद्रवंशी, राम नरेश चंद्रवंशी, प्रबंध समिति अध्यक्ष राजकुमार चौधरी, संयोजिका रानी रेशमी देवी, सुनील तिवारी सहित सैकड़ों छात्र व ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्लाईवुड लदी ट्रक में लगी आग, धुंधू कर जला पूरा ट्रक, कोई हताहत नहीं

**किशनगंज/(नबिटासं)।** किशनगंज एनएच 27 स्थित बस स्टैंड के समीप एक ट्रक में अचानक आग लग गई। आग की लपेटे इतनी चेज थी कि पूरा ट्रक में लदा प्लाईवुड जलकर राख गया। घटना बुधवार को दोपहर बस स्टैंड के सामने एनएच पर घटी है। जबतक अग्निशमन की टीम पहुंची तो आग विकराल रूप धारण कर चुका था। जिसके सामने अग्निशमन की टीम की भी नहीं चली। तबतक आग के लपेटे से पूरा प्लाईवुड जलकर राख हो गया था। घटना की सूचना पर टाऊन थाना पुलिस की पूरी टीम पहुंच गई थी। एनएच के दोनों लेन को अवरुद्ध कर दिया गया था। ट्रक के पीछे आ रही सभी वाहनों को हटा दिया गया। इस दौरान लोगों की काफी भीड़ उमड़ गई थी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस हर तरफ फैल गई थी। टाऊन थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार इस दौरान मौजूद थे। उक्त ट्रक प्लाईवुड लेकर बंगाल के इस्लामपुर से किशनगंज आ रही थी। इस दौरान शॉट सर्किट के कारण ट्रक में अचानक आग लग गई। आग की धधक निकलने के आधे घंटे बाद अग्निशमन टीम पहुंची थी। जो चर्चा का विषय बना रहा। लोगों ने बताया कि घटना स्थल के आधा किलोमीटर की दूरी पर अग्निशमन कार्यालय है। जहां सूचना के आधे घंटे बाद टीम का पहुंचना विभाग पर सवालिया निशान खड़ा कर रहा है। बताया कि घटना में लाखों का क्षति हुई है। जिसका आकलन अग्निशमन शमन विभाग कर रही है।

### ऋण स्वीकृति एवं वितरण के लिए राज्य के सभी जिलों में लगाए जाएंगे विशेष ऋण कैंप

**पटना/(नबिटासं)।।** माननीय मंत्री, उद्योग विभाग डॉ दिलीप कुमार जायसवाल के निदेर्शानुसार उद्योग विभाग, बिहार सरकार से संबंधित योजनाओं—प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (ढटऋए), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (ढटएऋ) एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत ऋण की स्वीकृति एवं वितरण को गति देने के उद्देश्य से राज्य के सभी जिलों में दिनांक 06.02.2026 एवं 12.03.2026 को ऋण कैंप का आयोजन किया गया है। आयोजित ऋण कैंप में संबंधित जिले के जिला पदाधिकारी, उद्योग विभाग के पदाधिकारी, जीविका के पदाधिकारी एवं बैंकों के वरीय पदाधिकारी सहभागिता करेंगे, जिससे पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ सुलभ एवं त्वरित रूप से प्राप्त हो सके। इससे न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बल मिलेगा, बल्कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

# विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर स्थानीय पारमेडिकाल संस्थान सदर अस्पताल के परिसर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अरवल।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर स्थानीय पारमेडिकाल संस्थान सदर अस्पताल के परिसर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा नर्सिंग और पैरामेडिकल के छात्रों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक किया गया। इस वर्ष के वैश्विक विषय युनाइटेड बाय यूनिक्यू पर आधारित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएमआई के प्राचार्य डॉ हरी शेखर भारती द्वारा की गई। मौके पर उपस्थित डॉ प्रगति, डॉ अरुंदती, नर्सिंग शिक्षक के आर पटेल, रणजीत, विपुल कुमार, पूजा कुमारी स्टाफ नर्स सहित अन्य की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कैंसर अब कोई लाइलाज बीमारी नहीं है, बशर्ते इसका पता सही समय पर चल जाए। इस अवसर पर अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी और भारी संख्या में पैरमेडिकल छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सत्र के दौरान डॉक्टरों ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कैंसर के शुरूआती लक्षणों को पहचानना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि शरीर में किसी भी प्रकार की गांठ, लंबे समय तक रहने वाली खांसी, भोजन निगलने में कठिनाई या बिना कारण वजन का घटना कैंसर के संकेत हो सकते हैं। छात्रों को सलाह दी गई कि वे समाज में जाकर लोगों को तंबाकू, धूमपान और शराब के सेवन से बचने के लिए प्रेरित करें, क्योंकि ये कैंसर के मुख्य कारणों में से एक हैं। अस्पताल के विशेषज्ञों ने छात्रों को 'हेल्दी लाइफस्टाइल' अपनाने का मंत्र दिया। उन्होंने बताया कि नियमित व्यायाम और संतुलित आहार से कैंसर के खतरे को 40% तक कम किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज को इस जानलेवा बीमारी से मुक्त बनाने की शपथ ली।

# अरवल द्वारा शहर तेलपा थाना में जनता के दरबार का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अरवल** । आज दिनांक-04.02.2026 को पुलिस महानिदेशक महोदय बिहार, पटना के दिए गए आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक, अरवल द्वारा शहर तेलपा थाना में जनता के दरबार में आये शिकायतकताओं की शिकायतों को सुनकर निष्पादन/त्वरित कार्रवाई हेतु थानाध्यक्ष/अन्य पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही शहर तेलपा थाना में विधि-व्यवस्था से सम्बंधित महत्वपूर्ण समस्याओ, थाना के पदाधिकारियों के क्रियाकलाप, आम जनता के साथ पुलिसकर्मियों का व्यवहार एवं अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की गई साथ ही पुलिस मुख्यालय एवं अन्य वरीय पदाधिकारी के स्तर से दिये गये महत्वपूर्ण निदेशों/आदेशों को अवगत कराया गया।

# सीईओ के समक्ष संदीप जंघट ने किया नामांकन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर निकाय चुनाव प्रक्रिया के तहत उम्मीदवार संदीप डांग्याच ने आज संबंधित पद के लिए मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सीईओ के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान उनके साथ समर्थक भी मौजूद रहे। संदीप डंगयच ने नामांकन के बाद जनता से समर्थन और आशीर्वाद की अपील की। प्रशासन की ओर से नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। नामांकन के बाद क्षेत्र में चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं।

# आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बांका जिला को दो राज्य स्तरीय प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**बांका।** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए बांका जिला को राज्य स्तर पर दो डी१३ूं३ी ङ्म आँ्पील्ल३ प्रदान किए गए। यह सम्मान बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय द्वारा प्रदान किया गया। राज्य स्तरीय समारोह में बांका जिला की ओर से यह सम्मान सिविल सर्जन, बांका डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक पवन कुमार द्वारा ग्रहण किया गया। प्राप्त दोनों प्रमाण पत्रों में से पहला प्रमाण पत्र आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत कवरेज में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए प्रदान किया गया है। यह सम्मान जिले में संचालित सरकारी एवं निजी फार्मेसियों के व्यापक पंजीकरण, सत्यापन तथा डिजिटल स्वास्थ्य प्रणाली से सफल एकीकरण को दशार्ता है। दूसरा प्रमाण पत्र आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत में उत्कृष्ट एवं सत्यापित सार्वजनिक कवरेज प्राप्त करने के लिए प्रदान किया गया है। इसके माध्यम से जिले में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के डिजिटल पंजीकरण को प्रभावी रूप से सुनिश्चित किया गया है, जिससे डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिली है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बिहार डिजिटल हेल्थ सेवाओं के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है तथा अब यह सेवाएं शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों तक भी प्रभावी रूप से पहुंच रही है। उन्होंने बांका जिले के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे अन्य जिलों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। इस उपलब्धि पर स्वास्थ्य विभाग, बिहार द्वारा संतोष व्यक्त किया गया है। विशेष रूप से सिविल सर्जन बांका डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह द्वारा जिले के सभी स्वास्थ्य कर्मियों, फामेर्सी संचालकों, डेटा एंट्री ऑपरेटरों एवं संबंधित पदाधिकारियों को बधाई दी गई तथा भविष्य में भी डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने का संकल्प दोहराया गया। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बांका जिला को दो राज्य स्तरीय प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए बांका जिला को राज्य स्तर पर दो प्रदान किए गए। यह सम्मान बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय द्वारा प्रदान किया गया। राज्य स्तरीय समारोह में बांका जिला की ओर से यह सम्मान सिविल सर्जन, बांका डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक पवन कुमार द्वारा ग्रहण किया गया। प्राप्त दोनों प्रमाण पत्रों में से पहला प्रमाण पत्र आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत कवरेज में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए प्रदान किया गया है।

# मनोज, नीरा व लाल बाबू के खिलाफ नहीं है मैदान में एक भी उम्मीदवार, निर्विरोध पार्षद जीतना तय



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मेदिनीनगर नगर निगम चुनाव इस बार बहुत ही दिलचस्प होने जा रहा है। यहां एक तरफ मेयर पद के लिए संघर्ष की स्थिति नजर आ रही है। वहीं वार्ड पार्षद भी किसी से कम नजर नहीं आ रहे हैं।

सभी के बीच कड़ा मुकाबला नजर आ रहा है। लेकिन कुछ ऐसे वार्ड हैं, जिसमें बुधवार को नामांकन की अंतिम तिथि तक तीन वार्ड से मात्र एक-एक प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया है। उनके विरुद्ध एक भी प्रत्याशियों ने नामांकन नहीं भरा। अब इनका निर्विरोध चुना जाना लगभग तय है। इन वार्ड में सबसे पहले वार्ड नंबर 23 से मेदिनीनगर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष रहे मनोज सिंह अपना पर्चा भरा था। इनके खिलाफ एक भी उम्मीदवार नामांकन के अंतिम दिन तक नामांकन नही किया। यह उनकी लोकप्रियता, जनता के प्रति समर्पण व उनके द्वारा किए गए कामों का ही नतीजा नजर आ रहा है कि लोग इनके खिलाफ मैदान में नहीं उतरे। यहां यह लिख देना मुनासिब होगा कि ये पार्षद बनकर डिप्टी मेयर भी बन सकते हैं। मनोज सिंह के खिलाफ अगर एक भी उम्मीदवार उनके खिलाफ चुनावी मैदान में नहीं है तो फिर यह उनकी लोकप्रियता, सामाजिक क्षेत्र में किए गए कार्यों का नतीजा है। जिसे जनता भी स्वीकार करती है। वार्ड नंबर 5 से चर्चित समाजसेवी राजू तिर्की की पत्नी नीरा देवी जो निवर्तमान पार्षद भी हैं। इन्होंने भी अपने कार्यकाल में अपने क्षेत्र में विकास की एक लंबी रेखा खींची है। साथ ही बराबर हर लोगों के सुख-दुख में साथ निभाया है। उनके पति राजू तिर्की के द्वारा किए गए सामाजिक कार्य का नतीजा है कि उनके भी खिलाफ एक भी प्रत्याशी चुनाव मैदान में नहीं है। इनका भी निर्विरोध जीता जाना सुनिश्चित है। वार्ड 29 के निवर्तमान पार्षद नवीन कुमार गुप्ता उर्फ लाल बाबू की, तो तीनों ने अपने पिछले कार्यकाल में कुछ ऐसा कार्यों का कमाल दिखाया है कि जनता उनके काम की कायल है।

# मेदिनीनगर निगम की मेयर बनी तो झारखंड की उप राजधानी बनाने को करूंगी संघर्ष : शीला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मेदिनीनगर निगम की मेयर बनूंगी तो मेदिनीनगर को उप राजधानी बनाने के लिए संघर्ष करूंगी। उप राजधानी बनने पर सरकार की सीधी नजर मेदिनीनगर पर होगी और इसका विकास तीव्र गति से होगा। उक्त बातें सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में ख्यात शीला श्रीवास्तव ने कही।



उन्होंने कहा कि वे वगैर किसी तामझाम के मेयर पद की पर्चा दाखिल करने आई हैं। कहा कि मेयर बनने के बाद शिक्षा पर विशेष फोकस रहेगा। मेदिनीनगर निगम क्षेत्र की सड़कों को चौड़ा किया जाएगा। साथ ही फुटपाथ का निर्माण कराया जाएगा ताकि आम आदमी को किसी तरह की आवागमन में परेशानी नहीं हो। फुटपाथ बनेगा तो आम आदमी फुटपाथ का प्रयोग कर अपने गंतव्य तक आसानी से पहुंच सकेगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि लाइट व बल्ब लगाने से शहर सुंदर नहीं होता बल्कि मेयर के अधिकार व कर्तव्य है कि वह नगर निगम क्षेत्र की आवाज बने। कहा कि वे मेदिनीनगर निगम की आवाज बनेंगी। कहा कि मेयर बनने के बाद वह प्रत्येक महीने सभी पार्षदों के साथ एक-एक वार्ड में जाकर बैठक करेंगी । लोगों के बीच बैठकर संबंधित वार्ड के जरूरी कार्यों को नोट करते हुए प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य शुरू कराएंगी। एक सवाल के जवाब में शीला श्रीवास्तव ने कहा कि किसी एक वर्ग नहीं बल्कि सभी वर्गों को, खास कर महिलाएं व युवतियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम करेंगी। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में शामिल किए गए ग्रामीण क्षेत्र का विकास करना अत्यंत जरूरी है। इसके लिए वे रोड प्लान बनाकर क्षेत्र का विकास करेंगी। बताते चलें कि शीला श्रीवास्तव दशकों से गरीबों के बीच प्रतिदिन रोटी- सब्जी का वितरण करती हैं। शीला श्रीवास्तव का मानना है कि ईश्वर की असली पूजा समाज के अत्यंत गरीबों की सेवा करना है।

# अधर्म के नाश के लिए केवल शास्त्र ही नहीं, शस्त्र की भावना भी जरूरी : देवी कृष्ण प्रिया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिले के मेदिनीनगर स्थित रेड़मा में नवनिर्मित श्री परशुराम मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह व शिव पुराण कथा में शामिल होने वृंदावन से पहुंचीं कथा वाचिका देवी कृष्ण प्रिया ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए सनातन धर्म की रक्षा व सामाजिक एकजुटता पर जोर दिया।

उन्होंने गौहत्या पर रोक लगाने की अपील करते हुए इसे धार्मिक व नैतिक दृष्टि से गंभीर विषय बताया। कहा कि रेड़मा स्थित मंदिर परिसर में प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक शिव पुराण कथा का वाचन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 8 फरवरी तक चलेगा। देवी कृष्ण प्रिया ने कहा कि अधर्म के नाश



के लिए केवल शास्त्र ही नहीं बल्कि आवश्यकता पड़ने पर शस्त्र की भावना भी जरूरी होती है। सनातन धर्म की व्यापकता का उल्लेख करते हुए कहा कि इसे किसी सीमा में बांधा नहीं जा सकता बल्कि यह प्रकृति के प्रत्येक तत्व हवा, जल, प्रकाश व पेड़-पौधों में अनुभूत होता है। उन्होंने वर्तमान सामाजिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज देश में धार्मिक आयोजन तो बढ़ रहे हैं, लेकिन लोग उनके संदेश को जीवन में नहीं उतार रहे। कथा सुनने के बाद भी आचरण में बदलाव नहीं आता। इसके कारण नैतिकता का पतन हो रहा है। पाप बढ़ रहे हैं। भगवान परशुराम द्वारा क्षत्रियों के संहार से जुड़े प्रश्न पर उन्होंने स्पष्ट किया कि भगवान परशुराम ने केवल अधर्मी क्षत्रियों का नाश किया था, धर्म के मार्ग पर चलने वाले क्षत्रियों को कोई हानि नहीं पहुचाई। उन्होंने कहा कि भगवान के 24 अवतारों में से कई के मंदिर तक नहीं हैं, जबकि राम व कृष्ण पूर्ण अवतार होने के कारण व्यापक रूप से पूजे जाते हैं। कहा कि सनातनियों को समाज को वर्गों में बंटने के बजाय आदर्श व उत्कृष्ट बनने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान संचालक पंकज गुप्ता ने गौहत्या व गौतस्करी पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि गौमाता की सेवा भारतीय संस्कृति का मूल है। लेकिन दुर्भाग्यवश गौतस्करी की समस्या गंभीर बनी हुई है। इस अवसर पर काशी विश्वनाथ, वाराणसी से आए कर्मकांडी विमल दास जी ने पत्रकारों को सम्मानित कर आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में परशुराम सेना भार्गव के जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला, संस्थापक सदस्य अमित तिवारी, अजय तिवारी, मुकेश तिवारी, अभिषेक तिवारी, अरविंद पांडेय, संजीत पांडेय, आशुतोष तिवारी, यजमान कमलेश शुक्ला, सुनील तिवारी, अमित शुक्ला, अप्पू तिवारी, शशि तिवारी, बसन्त तिवारी, अनिमेश शुक्ला, रंजीत तिवारी, अंकित पांडे, मीडिया प्रभारी नीतेश तिवारी, सदस्य हर्ष पांडे, चंचल तिवारी, सुनील तिवारी, आशुतोष शुक्ला सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

# भूसा से भरे कंटेनर से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मद्य निषेध विभाग ने देर रात अगमकुआं थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए गेहूं के भूसा से भरे एक कंटेनर से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। कंटेनर एनएच-30 पर जीरो माइल के पास खड़ा था। तलाशी के दौरान कंटेनर से कुल 1041 कार्टन अंग्रेजी शराब बरामद की गई। जब्त शराब की मात्रा करीब 9200 लीटर आंकी गई है। शराब की गिनती देर रात शुरू होकर बुधवार सुबह तक चली।

अपर पुलिस अधीक्षक राज किशोर सिंह ने बताया कि जब्त शराब पंजाब के भटिंडा से लाई गई थी। शराब की खेप को बिस्कुट की बिल्टी पर बिहार भेजा गया था, ताकि जांच से बचा जा सके।

कंटेनर के अंदर ऊपर से गेहूं का भूसा भरा गया

- बिस्कुट की बिल्टी पर मंगाई गई शराब
- पूरी रात चलती रही बोतलों की गिनती
- चालक गिरफ्तार, पूछताछ जारी
- होली में खपाने के लिए मंगायी गयी थी शराब

था और उसके नीचे शराब के कार्टन छुपाए गए थे। गुप्त सूचना के आधार पर मध निषेध विभाग ने कंटेनर की तलाशी ली और पूरा मामला उजागर हुआ।

पुलिस ने कंटेनर चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में चालक ने बताया कि उसे कंटेनर को यहीं से एक मोटरसाइकिल के पीछे-पीछे ले जाकर शराब सौंपनी थी। एक खेप पहुंचाने के बदले उसे 35 हजार रुपये मिलते थे।

चालक ने बताया कि वह भटिंडा से शराब लेकर पटना पहुंचा था, लेकिन यहां शराब लेने वाली पार्टी को वह नहीं जानता। चालक के बयान के आधार पर पुलिस नेटवर्क और अन्य ठिकानों की जांच कर रही है।

जब्त शराब की बोतलों पर छपे बैच नंबर मिटाए गए थे, जिससे सप्लाई चेन छुपाई जा सके। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी अगमकुआं थाना क्षेत्र से ट्रक के जरिए अंग्रेजी शराब की खेप बरामद हो चुकी है।

## हवलदार का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** अमौर थाना परिसर स्थित गार्ड आवास में एक हवलदार का खून से लथ-पथ शव बरामद हुआ है। हवलदार के गले में गोली लगने के निशान मिले हैं और गोली शरीर के आर-पार निकल गई है। थाना परिसर के भीतर हुई इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। मृतक की पहचान गया जिले के निवासी आलमनाथ भूइयां (40 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना का खुलासा बुधवार सुबह करीब 10 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार, कैंटीन का रसोइया रोजाना की तरह हवलदार के लिए खाना बनाकर उनके आवास पर देने गया था। जब वह पहुंचा तो कमरा अंदर से बंद नहीं था। जैसे ही उसने दरवाजा खोला, अंदर का दृश्य देखकर उसके होश उड़ गए। हवलदार आलमनाथ भूइयां जमीन पर गिरे हुए थे और चारों तरफ खून फैला था। उनके गले में गोली लगने का गहरा जख्म था। रसोइए ने तुरंत शोर मचाया और अमौर थानाध्यक्ष को इसकी सूचना दी।

# आम बजट से नवादा के हथकरघा उद्योग को लगेंगे पंख



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को बजट पेश किया। माघी पूर्णिमा और संत रैदास जंयती पर जिलेवासियों को बजट से बड़ी उम्मीदें रही। नए कर्तव्य भवन में तैयार किए गए बजट में वित्तमंत्री ने तीन कर्तव्यों का जिक्र किया। इनमें महात्मा गांधी ग्राम स्वराज योजना की बातें हुई, जो आकांक्षी जिला नवादा के लिए बड़ा बदलाव का कारक बनने की ओर अग्रसर हो गया है, सिर्फ इसमें ईमानदार प्रयास की जरूरत है।

जिले के नवादा सदर प्रखंड स्थित कादिरगंज में हथकरघा वस्त्रों को नया बाजार मिल सकता है। बजट में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों पर खास फोकस है। 10 हजार करोड़ रुपये से एमएसएमई (माइक्रो, स्माल एंड मिडियम इन्टरप्राईजेज) को सशक्त करने की पहल हुई है।

ऐसे में कादिरगंज में संचालित हैंडलूम इकाईयों को विशेष फायदा पहुंचेगा। छोटे लोन मिलेंगे, तो हथकरघा उद्योग को बूस्टर डोज लगेगा। नए बाजार मिलने से उत्पादों को सही कीमत मिलेगी।

केंद्रीय बजट में घोषित गांधी ग्राम स्वराज योजना की पहल नवादा में ऐतहासिक होगी, यदि कादिरगंज के तसर रेशम उद्योग में इसका क्रियान्वयन किया जाएगा। योजना के तहत खादी, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट को ग्लोबल मार्केटिंग से जोड़ने पर काम होगा। बुनकरों को बेहतर प्रशिक्षण मिलेगा।

ऐसे में कादिरगंज के हस्तकरघा उद्योग में लगे बुनकरों की उम्मीदें बढ़ी है। साथ ही कौआकोल के सोखोदेवरा आश्रम में खादी कपड़ों के निर्माण उद्योग को बढ़ावा मिलने की आस है।

यहां बने वस्त्रों को दूसरे शहरों और राज्यों में बाजार उपलब्ध कराया जाएगा। ऐसे में जिले के ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बेहतर सुधार होगा। मजदूरों और बुनकरों को घर बैठे काम मिलेगा।

# राजस्व वसूली में पिछड़ा लखीसराय जिला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लखीसराय।** जिले में राजस्व वसूली का सबसे बड़ा स्त्रोत माने जाने वाले खनन विभाग की स्थिति चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में संतोषजनक नहीं रही है। विभाग को इस वर्ष 84.69 करोड़ रुपये राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया गया है, लेकिन जनवरी 2026 तक मात्र 53.50 करोड़ रुपये की ही वसूली हो सकी है। यह लक्ष्य का लगभग 65 प्रतिशत ही है।

वित्तीय वर्ष समाप्त होने में अब दो माह से भी कम समय शेष है, ऐसे में शेष राशि की वसूली खनन विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है, जब यहां के विधायक स्वयं खनन विभाग के मंत्री हैं। इसके बावजूद राजस्व वसूली अपेक्षा के अनुरूप नहीं हो पा रही है।

वर्तमान में जिले में कुल पांच बालू घाट ही संचालित हैं। बालू घाटों की बंदोबस्ती से 44 करोड़ रुपये, दंड स्वरूप 110.01 लाख रुपये तथा कार्य विभाग से रॉयल्टी एवं मालिकाना फीस के रूप में 833.32 लाख रुपये की वसूली की गई है, जबकि कार्य विभाग से रॉयल्टी व मालिकाना फीस के रूप में 1,546.04 लाख रुपये राजस्व वसूली का लक्ष्य निर्धारित है।

उल्लेखनीय है कि लखीसराय जिले में पांच वर्षों के लिए कुल 10 बालू घाटों की बंदोबस्ती की गई थी, लेकिन तकनीकी कारणों से पांच बालू घाटों का संचालन नहीं हो सका। इससे राजस्व वसूली पर सीधा असर पड़ा है। संबंधित बालू घाटों को चालू कराने का प्रयास जारी है।

इसी क्रम में क्लस्टर-दो अंतर्गत एक बालू घाट की प्रतिभूति राशि 27 जून 2025 के आदेश के आलोक में जब्त कर उसे ब्लॉक-11 एवं ब्लॉक-12 में विभाजित कर ई-नीलामी कराई गई। इसमें 21 अगस्त 2025 को ब्लॉक-12 की नीलामी सफल रही, जिसकी खनन योजना स्वीकृत हो चुकी है।

# धनी एप का भंडाफोड़, सरगना सहित पांच लोग धराये

## देशभर में बिछा रखा था ठगी का जाल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेखपुरा।** लोगों को धनी एप बना कर सस्ते ऋण उपलब्ध कराने के नाम पर देश के विभिन्न राज्यों से ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ शेखपुरा में हुआ है। राज्य की आर्थिक अपराध इकाई के सहयोग से हुई इस कार्रवाई में गिरोह के सरगना सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

हालांकि विशेष टीम ने 18 लोगों को हिरासत में लिया गया था। साक्ष्य के अभाव में बाकी को छोड़ दिया गया। गिरफ्तार लोगों से चार स्मार्ट मोबाइल फोन के साथ कई ठोस साक्ष्य भी जब्त और बरामद हुए हैं।

साइबर डीएसपी ज्योति कुमारी ने बुधवार को प्रेस वार्ता करके कार्रवाई की आधिकारिक जानकारी देते हुए बताया मांगलवार को बरबीघा थाना के छबीलाठीका गांव में एक सामुदायिक भवन पर छापेमारी करके 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

इस कार्रवाई में 2 ठग भागने में सफल हो गए,जिनकी भी पहचान हो गई है। इस कार्रवाई में आर्थिक अपराध इकाई के साथ साइबर थाना की पुलिस तथा जिला के विशेष अभियान बल के जवानों ने भी भाग लिया।

साइबर डीएसपी ने बताया कि ठगों का यह गिरोह धनी एप बनाकर देश के विभिन्न भागों में लोगों को सस्ते ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए संपर्क करते थे तथा उन्हें झांसे में लेकर ऋण स्वीकृति के लिए कार्रवाई शुल्क के नाम पर अपने खाते में पैसे मंगवाते थे।

गिरफ्तार ठगों में राजू कुमार गिरोह का सरगना है, जिसके मोबाइल नंबर को लेकर देश के अलग-अलग राज्यों में 10 शिकायत दर्ज है। गिरोह के सदस्य इस ठगी में प्रत्येक महीने लाखों की काली कमाई कर रहे थे।

जिन ठगों को गिरफ्तार किया गया है,उसमें राजू कुमार के साथ पुष्पक कुमार, राजीव कुमार,अवनीश कुमार तथा मोहित कुमार शामिल हैं। इस कार्रवाई में सचिन कुमार तथा अभिषेक उर्फ चुन्नु भाग निकलने में सफल रहा। सभी लोग छबीलाठीका गांव के निवासी है।

# शब ए बरात पर लोग इबादत में रहे मशगूल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** जिला के शहरी व ग्रामीण इलाकों में इबादत की रात शब ए बरात श्रद्धा व अकीदत के साथ मनाया गया। इस मौके पर मस्जिदों, खानकाहों, घरों और दुकानों को रंग रोगन कर रंग विरंगे रौशनी से सजाया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने इस रात का एहतराम करते हुये अपने परिवार व पूर्वजों के लिए खुदा से मगफेरत की दुआ मांगी। इधर इस मौके पर मस्जिदो व घरों में तिलावते कुरान शरीफ लोगों ने की और नफल की नमाज पूरी रात अदा करते रहे। साथ ही अपने पूर्वजों के नाम नियाज फातिहा खानी कराया। जानकारी अनुसार मुस्लिम समुदाय द्वारा इबादत का पर्व शबेबरात संपन्न हो गई। इस के लिए जिले भर के मस्जिदों ,खानकाहो , इबादतगाहों में लोग इबादत करते हुए देखे गए। मध्यरात्रि में कब्रिस्तान जाकर अपने पूर्वजों के लिए दुआ ए मगफिरत के लिए फातेहा व दरूद का एहतमाम किया गया। मुस्लिम लोग मंगलवार शाम से लेकर रात भर इबादत किए । इससे पहले हर मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय द्वारा रात भर अल्लाह ताला से अपनी गुनाहों से तौबा कर आने वाली जिंदगियों में खुशहाली की दुआएं मांगते रहे। सभी इबादतगाहों में दरूद फातिहा का एहतमाम किया गया और सामूहिक रूप से दुनिया में अमन चैन और खुशहाली के लिए दुआ किया गया।

उलमाय एकराम ने बताया कि इस्लाम धर्म के अंतिम पैगंबर मोहम्मद साहब सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि जब अरबी माह शाबान की 15वीं रात यानी शबे बारात आए तो रात में जाग कर इबादत करनी चाहिए। उक्त बातें मदरसा दारूल उलूम फैज ए रहमानी, वीर नगर विसर्या, भरगामा के नाजिम मुफ्ती मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी साहब ने शबेबरात की फजीलत पर कहीं।

# कोचिंग से घर लौट रही छात्रा को बाइक ने मारी ठोकर, मौत

## गुस्साये लोगों ने टायर जलाया, सड़क जाम कर किया हंगामा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के गोरौल थाना क्षेत्र अंतर्गत रसूलपुर में कोचिंग पढ़कर लौट के दौरान अनियंत्रित बाइक की ठोकर से एक 8 वर्षीय छात्रा की घटनास्थल पर मौत हो गई, जबकि दूसरी छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई।

सड़क हादसे की सूचना पर राहगीर एवं स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। आक्रोशित लोगों ने सड़क पर टायर जलाकर आगजनी और सड़क जाम कर दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने में जुटी है। मृत छात्रा रसूलपुर कोरीगांव निवासी शेखर कुमार के 8 वर्षीय पुत्री अर्पणा कुमारी एवं घायल छात्रा रोहित राम के पुत्री नंदनी कुमारी बताई गई। घायल छात्र का इलाज



किया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार, दोनों छात्रा साइकल पर सवार होकर कोचिंग पढ़कर लौट रही थीं। इसी दौरान रसूलपुर गांव के निकट अनियंत्रित बाइक सवार ने धक्का मार दिया।

घायल अवस्था में रोड पर तड़पते देखा स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टर ने अर्पणा कुमारी को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। जबकि नंदनी कुमारी का इलाज डॉक्टर के द्वारा किया गया।

घटना के बाद बाइक सवार युवक घटनास्थल पर बाइक छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया।

घटना के संबंध में मृतक के पिता ने बताया कि मेरी बेटी कोचिंग पढ़कर लौट रही थी। इसी दौरान बाइक चालक ने धक्का मार दिया। उठाकर अस्पताल लाया गया, डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सड़क हादसे में 8 वर्षीय बच्चे की मौत के बाद घटनास्थल पर जूटे स्थानीय लोगों ने सड़क पर टायर जलाकर हंगामा शुरू कर दिया। वहीं सड़क को जाम कर दिया। स्थानीय लोग मृतक के परिवार वालों को न्याय एवं उचित मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं।


## नसबंदी के बाद महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** पश्चिमी चंपारण जिले के बगहा पुलिस जिला अंतर्गत सेमरा रेफरल अस्पताल में परिवार नियोजन के तहत कराए गए बंध्याकरण ऑपरेशन के बाद एक महिला की मौत से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। इस घटना ने न केवल एक परिवार को गहरे शोक में डुबो दिया, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतका की पहचान सेमरा थाना क्षेत्र के दढिया गांव निवासी रामजी उरांव की 30 वर्षीय पत्नी हेमंती देवी के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार, हेमंती देवी सोमवार को पूरी तरह स्वस्थ अवस्था में परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत सेमरा रेफरल अस्पताल पहुंची थी। वहां उसका बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती रखा गया। शुरूआती घंटों में उसकी हालत सामान्य बताई जा रही थी और अस्पताल कर्मियों ने परिजनों को ऑपरेशन सफल होने का भरोसा दिलाया था।

# विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा बिहार : मंत्री



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार लगातार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आज बिहार की पहचान सिर्फ देश तक सीमित नहीं रही, बल्कि विदेशों में भी यहां के विकास मॉडल की चर्चा हो रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य के हर कोने को जोड़ने के लिए बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बस सेवाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। सभी चालू रूटों पर एक महीने के भीतर बसों का संचालन शुरू हो जाएगा, जिससे आम लोगों को आवागमन में सुविधा के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे।

मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री परिवहन योजना के तहत बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस पहल की गई है।

इसके लिए युवाओं को केवल ड्राइविंग लाइसेंस लेकर आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि बीते एक महीने में ही 86 हजार से अधिक लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं, जिससे योजना के प्रति युवाओं की बढ़ती दिलचस्पी साफ झलकती है।

मंत्री ने कहा कि राज्य के एक करोड़ 56 लाख परिवारों की एक महिला सदस्य को स्वरोजगार के लिए सरकार 10-10 हजार रुपये की सहायता दे चुकी है।

रोजगार को आगे बढ़ाने के लिए अब दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त आर्थिक मदद भी दी जाएगी, ताकि महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी हो सकें।

इससे पूर्व मंत्री ने वेन प्रखंड के गंगटी गांव में सरदार वल्लभ भाई पटेल उच्च विद्यालय में 28 लाख 32 हजार रुपये की लागत से बने दो मंजिला, दो कमरों वाले भवन तथा पांच लाख रुपये की लागत से हुए पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना मानव जीवन अधूरा है। शिक्षा ऐसा अनमोल रत्न है, जिसे कोई छीन नहीं सकता। आज बिहार के विद्यालयों में विषयवार शिक्षक, पर्याप्त कक्ष, शौचालय, बरामदा और पुस्तकालय जैसी सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि गांव के बच्चे भी बेहतर भविष्य की ओर बढ़ सकें।

कार्यक्रम में प्रखंड जदयू अध्यक्ष अरविंद पटेल, पूर्व मुखिया संतोष कुमार, सुधीर कुमार, दिनेश कुमार, लक्ष्मी प्रसाद, अनिल पासवान, रामोतार केवट सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। विकास कार्यों के उद्घाटन से गांव में उत्साह का माहौल रहा और लोगों ने इसे शिक्षा व रोजगार की दिशा में मजबूत कदम बताया।

## नाबालिगों को घर पहुंचाया

**जमुई।** जमुई रेल थाना (जीआरपी) की तत्परता और संवेदनशीलता से चार नाबालिग बच्चों को सुरक्षित उनके परिजनों से मिलाया गया। जीआरपी की स्कॉट टीम ने ट्रेन संख्या 3207 जसीडीह-पटना एक्सप्रेस से इन बच्चों को संदिग्ध अवस्था में बरामद किया। बच्चों की कम उम्र और स्थिति को देखते हुए उन्हें तत्काल सुरक्षा में लिया गया। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि वे झारखंड के गोड्डा जिले के पुरियाहाट स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र हैं। बच्चों के अनुसार, विद्यालय संचालक द्वारा उन पर चोरी का आरोप लगाया गया और इसी क्रम में उनके साथ मारपीट हुई, जिससे वे मानसिक रूप से आहत हो गए। इसी वजह से वे स्कूल छोड़कर ट्रेन में सवार हो गए। वहीं, विद्यालय प्रबंधन की ओर से बच्चों के भागने की बात कही गई।मामले की गंभीरता को देखते हुए जीआरपी थाना अध्यक्ष मनोज कुमार देव ने बच्चों से शांतिपूर्वक बातचीत कर उनकी पहचान सुनिश्चित कराई। इसके बाद नियमानुसार बच्चों के परिजनों को सूचना दी गई, ताकि उन्हें सुरक्षित उनके परिवार तक पहुंचाया जा सके। सूचना मिलते ही परिजन जमुई रेल थाना पहुंचे। सभी आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# पप्पू यादव के खिलाफ कुर्की-जब्ती का आदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती नजर आ रही हैं। पटना स्थित विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने एक पुराने आपराधिक मामले में सख्त रुख अपनाते हुए सांसद के खिलाफ कुर्की-जब्ती का आदेश जारी किया है। यह आदेश विशेष न्यायाधीश प्रवीण कुमार मालवीय की अदालत ने पप्पू यादव सहित तीन आरोपियों के विरुद्ध पारित किया है।

अदालत ने यह कदम न्यायिक प्रक्रिया की लगातार अवहेलना को देखते हुए उठाया है। इससे पहले कोर्ट की ओर से आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था और उनके आवास पर इश्तेहार भी चस्पा किए गए थे। इसके बावजूद जब आरोपियों ने न तो अदालत में आत्मसमर्पण किया और न ही कोई संतोषजनक जवाब दिया, तब अदालत ने इसे अंतिम सख्त कार्रवाई मानते हुए कुर्की-जब्ती का आदेश जारी किया।

यह मामला करीब तीन दशक पुराना है और वर्ष 1995 से जुड़ा हुआ है। पटना के गर्दनीबाग थाना में प्राथमिकी संख्या 552/1995 दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता विनोद बिहारी लाल ने आरोप लगाया था कि उनका मकान तथ्यों को छिपाकर किराए पर लिया गया। मकान मालिक के अनुसार, उन्हें यह जानकारी नहीं दी गई थी कि उनके निजी आवास का उपयोग सांसद कार्यालय के रूप में किया जाएगा।

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि जब मकान मालिक को इस बात की जानकारी हुई और उन्होंने इसका विरोध किया, तो पप्पू यादव और उनके सहयोगियों शैलेंद्र प्रसाद एवं चंद्र नारायण प्रसाद ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और डराने-धमकाने का प्रयास किया।

वर्तमान में पप्पू यादव पूर्णिया से सांसद हैं और क्षेत्र में सक्रिय राजनीतिक भूमिका निभा रहे हैं।

# जहरीले पौधे का बीज खाने से आठ बीमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कैमूर जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मधुरना गांव में मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। गांव में खेल रहे आठ बच्चों ने गलती से जहरीले पौधे (डीजल पौधा) का बीज खा लिया, जिसके बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। बच्चों को उल्टियां होने लगीं और हालत खराब होने पर परिजन उन्हें तत्काल इलाज के लिए चैनपुर पीएचसी ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद सभी बच्चों को बेहतर इलाज के लिए भभुआ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

भभुआ सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. त्रिभुवन ने बताया कि बच्चों ने जहरीले पौधे का बीज खा लिया था, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ी। समय पर अस्पताल पहुंचने और इलाज मिलने के कारण सभी बच्चे अब खतरे से बाहर हैं। फिलहाल सभी का इलाज सदर अस्पताल में जारी है।

परिजनों के अनुसार, सभी बच्चे एक साथ खेल रहे थे, इसी दौरान उन्होंने अनजाने में पौधे का बीज खा लिया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के मुताबिक, प्रभावित बच्चों में खुशी कुमारी, लाडो कुमारी, ट्विंकल कुमारी, अरुण कुमार, अभिषेक कुमार, कृष कुमार और आशीर्वाद कुमार शामिल हैं। सभी बच्चे चैनपुर थाना क्षेत्र के मधुरना गांव के निवासी हैं। अस्पताल प्रशासन बच्चों की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

## साहिबगंज में बनेंगे 10 सोलर विलेज

**साहिबगंज।** गांवों को स्वच्छ और ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र सरकार ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 10 गांवों का चयन किया है। इन्हें सोलर विलेज बनाया जाएगा। इनके बीच आपस में प्रतियोगिता होगी। विजेता गांव को केंद्र सरकार एक करोड़ रुपया देगी। चयनित गांवों में हाजीपुर, लखी साजनपुर, गंगा प्रसाद पूर्व, जोंका, सरफराजगंज, बेगमगंज, जामनगर, श्रीधर, मिजार्पुर, पलासबोना शामिल है। गांव के सभी स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन सहित सरकारी भवनों को सौर ऊर्जा से जोड़ना है। नोडल एजेंसी जरेडा को छह माह में चयनित गांव में अधिक से अधिक लाभुकों को पीएम सूर्य घर योजना व पीएम कुसुम योजना से आच्छादित कराने का लक्ष्य दिया गया है। दस गांव में अधिकतम सोलर क्षमता स्थापित करने वाले गांव का चयन माडल विलेज के तौर पर किया जाएगा। योजना के मुताबिक वैसे गांव का चयन किया है जिसकी आबादी 2011 की जनगणना के अनुसार पांच हजार से अधिक है।

योजना का उद्देश्य चयनित गांवों को विकेंद्रित नवीकरणीय ऊर्जा का आदर्श उदाहरण बनाना है। इसके तहत पूरे गांव को सौर ऊर्जा से आच्छादित किया जाएगा, ताकि घरों, स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों, सार्वजनिक भवनों और सामुदायिक ढांचे को 24 गुना सात स्वच्छ और भरोसेमंद बिजली उपलब्ध करायी जा सके। इसके लिए रूफटाप सोलर सिस्टम, सोलर पंप, सोलर स्ट्रीट लाइट और सामुदायिक सोलर पावर प्लांट लगाए जाएंगे। ग्रामीणों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार योजना पर तेजी से काम कर रही है। घर का बिजली बिल, सिचाई के लिए डीजल या बिजली पर निर्भरता को दूर करने प्रयास किया जा रहा है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/738, दिनांक: 03.02.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं: **क्रम सं. 1, निविदा संख्या : ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3545, कार्य का नाम :** "वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के तहत सेवड़ाफुली, भद्रेश्वर और तारकेश्वर स्टेशनों पर महिला ड्रेस चेंजिंग रूम के साथ सेवड़ाफुली, बैद्यबाटी, भद्रेश्वर, हुगली, सिंगुर, बाहिरखंड, तालपुर हाल्ट, तकीपुर हॉल्ट, तारकेश्वर, हरिपाल, बिष्णुपुर,जीएनजेपी, मैनापुर, मायापुर, आरामबाग और गोघाट स्टेशनों पर गैंग हट्स का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 29,61,786/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 59,200/-, **क्रम सं. 2, निविदा संख्या : ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3548, कार्य का नाम :** "वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के तहत पीडब्ल्यूआई/पश्चिमी बर्द्धमान खंड में 2 अदद (यूनिट -5 और यूनिट -1) और पीडब्ल्यूआई/पूर्वी बर्द्धमान खंड में 3 अदद (यूनिट-2, यूनिट -5 और यूनिट -6) के गैंग हट्स का प्रावधान" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 9,32,217/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 18,700/-, **क्रम सं. 3, निविदा संख्या : ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3549, कार्य का नाम :** "एईएन डानकुनी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/डानकुनी के खंड में सिवाईचंडी, चेराग्राम ब्लॉक हट, गुड़ाप और झापानडांगा में गैंग हट्स का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 5,90,553/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 11,800/-, **क्रम सं. 4, निविदा संख्या : ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3550, कार्य का नाम :** "एईएन नबद्वीधाम/ के कार्यक्षेत्र में त्रिवेणी, खामारगाछी, बालगढ़, गुप्तिपाड़ा, अम्बिका कालना, धात्रीग्राम, समुद्रगढ़, पूर्बस्थली, पाटुली आदि में गैंग हट का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 20,55,973/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 41,100/-, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन (क्रम सं. 1 से 4 हेतु)। **समापन तिथि एवं समय:** दिनांक 25.02.2026 को 15.00 बजे। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-583/2025-26

**निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है**

**हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

# भारतीय रेल में 1.43 लाख से अधिक गैर-राजपत्रित पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी : अश्विनी वैष्णव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** भारतीय रेल में वार्षिक भर्ती कैलेंडर 2024 और 2025 के तहत कुल 1,43,086 गैर-राजपत्रित पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है। इनमें से 59,678 पदों के लिए प्रथम चरण अथवा एकल चरण की कंप्यूटर आधारित परीक्षा पूरी कर ली गई है जबकि विभिन्न श्रेणियों में 31,000 से अधिक अभ्यर्थियों के पैनल को अंतिम रूप दे दिया गया है। रेल मंत्रालय के अनुसार जनवरी से दिसंबर 2024 के दौरान 10 केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाएं जारी की गईं जिनके माध्यम से 92,116 पदों पर भर्ती की गई। इन पदों में सहायक लोको पायलट, तकनीशियन, रेलवे सुरक्षा बल में उप निरीक्षक और सिपाही, जूनियर इंजीनियर, डिपो सामग्री अधीक्षक, रासायनिक एवं धातुकर्म सहायक, पैरामेडिकल श्रेणियां, गैर तकनीकी लोकप्रिय श्रेणी के स्नातक एवं अवर स्नातक पद, मंत्रालयिक एवं पृथक श्रेणियां तथा लेवल-एक के पद शामिल हैं। लेवल-एक श्रेणी के 32,438 पदों के लिए 27 नवंबर 2025 से 15 भाषाओं में 140 शहरों में कंप्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित की जा रही है। वहीं रेलवे सुरक्षा बल के सिपाही के 4,208 पदों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा 6 दिसंबर 2025 को पूरी कर ली गई है। रेल मंत्रालय ने बताया कि तकनीशियन, जूनियर इंजीनियर, पैरामेडिकल, रेलवे सुरक्षा बल उप निरीक्षक और सहायक लोको पायलट सहित विभिन्न पदों के लिए 31,000 से अधिक उम्मीदवारों के पैनल को अंतिम रूप दिया गया है। इनमें से अधिकांश पद सुरक्षा श्रेणियों से संबंधित हैं, जो रेल परिचालन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इसके अतिरिक्त वार्षिक भर्ती कैलेंडर 2025 के तहत 50,970 पदों के लिए 9 नई केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाएं भी जारी की गई हैं। इनमें दक्षिण रेलवे के 3,412 और इंटीग्रल कोच फैक्ट्री के 438 पद शामिल हैं। यह जानकारी केंद्रीय रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में दी।

# क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 85वीं बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय/हाजीपुर द्वारा क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 85वीं बैठक महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री सिंह ने कहा कि पूर्व मध्य रेल 'क' क्षेत्र में स्थित होने के कारण यहां अधिकांश कार्य हिंदी में ही होता है फिर भी राजभाषा से संबंधित अनुदेशों का अनुपालन दृढ़तापूर्वक किए जाने की आवश्यकता है। यदि अधिकारीगण छोटे-छोटे आदेश/टिप्पणी हिंदी में लिखें तो हिंदी के प्रयोग-प्रसार की दिशा में एक सकारात्मक माहौल बनेगा और इससे अधीनस्थ कर्मचारी भी हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। हिंदी की व्यापकता और सार्थकता सभी स्वीकारते हैं। अब समय आ गया है कि हम अपना दैनिक कामकाज हिंदी में करें। सरल और सहज शब्दों का प्रयोग करें क्योंकि भाषा प्राथमिक रूप से अभिव्यक्ति और संवाद का माध्यम है। एक टीम के रूप में कार्य करते हुए हम यह सुनिश्चित करें कि राजभाषा के सभी मानक निर्देशों का अनुपालन कड़ाई से किया जाए तभी बैठक की सार्थकता सिद्ध होगी। इस अवसर पर राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कार्मिक विभाग को महाप्रबंधक द्वारा अंतर्विभागीय राजभाषा चल शील्ड प्रदान किया गया। इसे सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी ने प्राप्त किया। महाप्रबंधक द्वारा 'पूर्व मध्य रेल दर्पण' राजभाषा बुलेटिन के वर्तमान अंक एवं साथ ही राजभाषा सहायिक के दूसरे संस्करण का भी लोकार्पण किया गया। इसके साथ रेलवे बोर्ड व्यक्तिगत नकद पुरस्कार योजना आधार वर्ष-2023 के पुरस्कृत अधिकारी/कर्मचारियों को भी प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। राजभाषा प्रयोग-प्रसार के इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में पूर्व मध्य रेल के मंडलों, कारखानों आदि के उच्च अधिकारी उपस्थित थे, उन्होंने अपने विभागों, मंडलों आदि में राजभाषा के प्रचार-प्रसार की स्थिति के संबंध में समिति को सूचित किया। अमरेन्द्र कुमार, अपर महाप्रबंधक ने अपने वक्तव्य में कहा कि समीक्षा बैठक में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां एवं सुझाव दिये जायेंगे।

# नवीन झा बने बीसीसीओ के चेयरमेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में कैंसर के बढ़ते मामलों और मरीजों की गंभीर स्थिति को देखते हुए विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। नवीन झा के मार्गदर्शन में 'बिहार कैंसर केयर ऑर्गेनाइजेशन' की औपचारिक शुरूआत की गई। इस संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज में सेवा, संवेदनशीलता और सही जानकारी का प्रसार करना है। श्री झा ने बताया कि अनुभवी कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टरों के सहयोग से यह संगठन लोगों तक उचित चिकित्सा परामर्श और जागरूकता पहुंचाने का कार्य करेगा। संस्था का मानना है कि सही समय पर सही जानकारी ही इस गंभीर बीमारी से लड़ने का सबसे बड़ा हथियार है। 'बिहार कैंसर केयर ऑर्गेनाइजेशन'की यह पहल बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक जिम्मेदार और आवश्यक कदम मानी जा रही है।

# नितिन नवीन दो दिनों के प्रवास में नौ को आएंगे पटना

## नितिन नवीन दो दिनों के पटना प्रवास में कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन आगामी 9 फरवरी को पटना आएंगे। उनके पटना आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन की तैयारी है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के पटना आगमन और उसकी तैयारियों को लेकर आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने की। बैठक में बिहार के संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया के अलावा प्रदेश के पदाधिकारी, विभिन्न मंच, मोर्चा और प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, मीडिया, सोशल मीडिया के पदाधिकारी और अलग-अलग जिलों से आए पदाधिकारी शामिल हुए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन नौ फरवरी को पटना आएंगे और 10 फरवरी को वापस लौट जाएंगे। आगामी 9 फरवरी को उनके बापू सभागार में प्रस्तावित कार्यक्रम सहित अन्य आगामी आयोजनों की तैयारियों, आपसी समन्वय एवं संगठनात्मक व्यवस्थाओं को लेकर आज की बैठक में विस्तृत और सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन अपने दो दिनों के पटना प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। बैठक में उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में घोषित होने के बाद नितिन नवीन का पटना में पहला आगमन हो रहा है, यह हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का विषय है। इसे लेकर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह भी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि बैठक में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा हुई है और सभी लोगों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं।

# युवा, किसान और महिला सशक्तिकरण का बजट, 2026-27 में बिहार के उज्ज्वल भविष्य की नींव : जदयू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जदयू प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा एवं मीडिया पैनलिस्ट किशोर कुणाल ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार द्वारा प्रस्तुत 2026-27 का आम बजट राज्य के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह अब तक का सबसे बड़ा बजट है, जिसका कुल आकार 3.47 लाख करोड़ है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग ?30 हजार करोड़ अधिक है। यह बजट स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि सरकार बिहार को विकास, रोजगार और सामाजिक न्याय के नए शिखर पर ले जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस बजट का केंद्र बिंदु बिहार का युवा वर्ग है। राज्य सरकार ने 2025 से 2030 के बीच एक करोड़ रोजगार अवसर सृजित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार को एक साथ जोड़ते हुए हर जिले में मेगा स्किल सेंटर, 149 आईटीआई को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने तथा रोजगार सहायता के लिए ई-निबंधन एवं रोजगार पोर्टल शुरू करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि ये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की नीतियों का ही परिणाम है कि आज बिहार के लोगों की प्रति व्यक्ति आय में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है।

# एनडीसी के प्रतिनिधियों ने बिहार की पारंपरिक कला और खादी उत्पादों को नजदीक से जाना

## खादी मॉल पटना में स्टॉलों का किया भ्रमण, उत्पादों की सराहना की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** अंडरस्टैंडिंग इंडिया स्टडी कार्यक्रम के अंतर्गत रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के नेशनल डिफेंस कॉलेज के कोर्स 66 के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को पटना स्थित खादी मॉल का भ्रमण किया। इस दौरान प्रतिनिधियों ने बिहार की पारंपरिक कलाओं के साथ-साथ हस्तशिल्प एवं खादी उत्पादों को नजदीक से देखा। उनकी विशेषताएं जानीं। बिहार की कला, ऐतिहासिक महत्व एवं कलात्मक उत्कृष्टता की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत खादी मॉल, पटना के प्रबंधक रमेश चौधरी ने किया। उन्होंने उन्हें बिहार के खादी एवं हस्तशिल्प उत्पादों की विशेषताएं बताईं। खादी मॉल के सीनियर प्रोफेशनल अजमत अब्बास रिज़वी ने विभिन्न स्टॉलों, वस्त्र डिजाइनों, हस्तनिर्मित उत्पादों एवं पारंपरिक शिल्प कलाओं की जानकारी दी और स्थानीय कारीगरों के कौशल बताए। श्री रिजवी ने बताया कि इस अवसर पर बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, लोक कलाओं एवं हस्तशिल्प परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित किया गया। यह भ्रमण बिहार की पारंपरिक कला, खादी उत्पादों के प्रचार-प्रसार तथा ल्वोकल फॉर लोकलङ्क की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे राज्य की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूती मिली है

# हाथ से हाथ मिलाएंगे शहर को स्वच्छ बनाएंगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** हाथ से हाथ मिलाएंगे शहर को स्वच्छ बनाएंगे, सबका है एक ही सपना, स्वच्छ और सुंदर बने अपना पटना के आहवान के साथ पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा पटना के इंदिरा आईवीएफ एवं राजा बाजार मोहल्ले में स्वच्छता जागरूकता सांस्कृतिक अभियान चलाया गया। स्वच्छता जागरूकता अभियान की महती आवश्यकता पर बल देते हुए पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि स्वच्छता हम सब की प्राथमिकता में शामिल है जिस तरह से हम अपने घर और अपने शैक्षणिक संस्थान को सुंदर रखते हैं उसी तरह अपने घर और इंस्टिट्यूट के बाहर भी स्वच्छता का ध्यान रखें तो हमारा पटना शहर देश का सबसे सुंदर और स्वच्छ शहर बन सकता है। सभी लोगों के योगदान से ही शहर को साफ और स्वच्छ रखा जा सकता है। संस्थान के बिहार हेड डॉ. दयानिधि कुमार ने कहा कि पटना का कोना-कोना चमकाना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता जिन्दगी जीने का एक विशिष्ट नजरिया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था यदि स्वच्छता और स्वतंत्रता में से एक को चुनने को कहा जाए तो वह स्वच्छता को ही चुनना पसंद करेंगे क्योंकि स्वच्छता स्वतंत्रता से अधिक आवश्यक है। स्वच्छता के लिए बापू के जन्मदिन पर राष्ट्रव्यापी श्रमदान अभियान प्रारंभ हुआ। समस्त देशवासियों को प्रत्येक वर्ष सौ घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने की अपील भी की गई है जिसका राष्ट्रव्यापी असर देखा गया है। इस अवसर पर स्वच्छता जागृति के लिए अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गायक राजेश केसरी ने सभी से अपील किया कि स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में अपनी अपनी ओर से योगदान दें। अभियान के समय डॉ सुनीता कुमारी, डॉ रीना रानी, डॉ पूजा हेगडे, डॉ शिप्रा भारती, रजनीश, विवेक आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# परीक्षाफल आधारित वेतन अनुदान को समाप्त कर नियमित वेतन व पेंशन का भुगतान करे सरकार : राजेश राठौड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के सभी कोर्ट के अनुदानित संबद्ध विद्यालय, महाविद्यालय, डिग्री महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लंबित बकाया अनुदान एकमुश्त भुगतान को सुनिश्चित करने तथा परीक्षाफल आधारित वित्तानुदान की व्यवस्था समाप्त कर इन्हें नियमित वेतन एवं पेंशन का भुगतान हेतु नीतिगत व्यवस्था करने की मांग बिहार प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने राज्य सरकार से उठाई है। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि वित्तरहित एवं नियमित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों और डिग्री कॉलेज के शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को नियमित वेतन व पेंशन भुगतान न होने से उनके जीवकोपार्जन में भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। समय पर भुगतान न होने के कारण समाज के सबसे गरिमामय पद पर कार्य करने वाले शिक्षकों की स्थिति भयावह हो जाती है। ऐसे में सरकार को यह जिम्मेदारी पूर्ण व्यवस्था करनी चाहिए ताकि उन्हें सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से प्रत्येक महीने भुगतान सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने सरकार पर यह आरोप लगाया कि शीत की गंभीरता को जानने के बावजूद और इस मुद्दे पर कई बार बैठकों के बावजूद कोई परिणाम सरकार के स्तर पर नहीं निकाला जा सका। इसके कारण शिक्षकों और कर्मचारियों में भारी रोष है, लेकिन सरकार उनकी बातों को अनसुना कर रही है। ऐसे में सरकार को जिम्मेदारीपूर्ण तरीके से इनके पक्ष में फैसला लेते हुए केंद्रीय विद्यालय और विश्वविद्यालय के तर्ज पर महीने के अंतिम दिन वेतन भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए नियमित रूप से भुगतान करने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य की एनडीए सरकार को शिक्षकों से उम्मीदें बहुत ज्यादा है, लेकिन जब उनके हक की बात होती है तो वे दरकिनार कर दिए जाते हैं। परीक्षाफल आधारित वित्तानुदान व्यवस्था पर भी उन्होंने करारा प्रहार करते हुए कहा कि यह शिक्षकों को हतोत्साहित करने वाला फैसला है और इसे अविलंब हटाया जाना चाहिए ताकि उनके वेतन में विसंगति न हो और ससमय उनका भुगतान होते रहें। शिक्षकों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ लगातार मुखर होकर उनकी आवाज उठाते रहते हैं।

# डॉ राजीव को मिला युवा रत्न सम्मान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रख्यात दंत चिकित्सक डॉ राजीव कुमार, विनायक डेंटल क्लिनिक फतुहा के समाज मे उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से युवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ राजीव कोरोना काल मे लाइफ लाइन ऑक्सीजन बैक बनाकर हजारों लोगों को जान बचाया है । सामाजिक कार्यो में बढ़-चढ़ कर सहयोग करते है। गरीब एवं लाचार लोगो को फ्री सेवा इनकी आदत में सुमार है । कोरोना काल में जब अपनों साथ छोड़ रहे थे उस समय ऑक्सीजन बैंक लोगों के टूटते सांसों को थामने का काम किया। एसपी मनीष कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में आज भी बैंक की सेवा निःशुल्क जारी है। बैंक को वंशी एयर गैस प्लांट के गौरव का सहयोग निरंतर प्राप्त हो रहा है। डॉ राजीव को सम्मान मिलने पर बैंक के उपाध्यक्ष आनंद कुमार पाठक, सचिव शिशुपाल कुमार, सह सचिव कपिलदेव प्रसाद, मो राजू, डॉ उमेश कुमार, गौरव, राजदीप, चंदन ने हर्ष व्यक्त किया।

# 6 से 8 फरवरी तक गांधी मैदान में बागवानी महोत्सव

## किसानों की आय वृद्धि का सशक्त माध्यम बन रही बागवानी : कृषि मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने आगामी बागवानी महोत्सव 2026 में सभी का हार्दिक स्वागत करते हुए किसानों, उद्यमियों एवं युवाओं से इसमें उत्साहपूर्वक सहभागिता करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बागवानी किसानों की आय वृद्धि, कृषि विविधीकरण तथा रोजगार सृजन का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभर रही है। किसानों, उद्यमियों और युवाओं को बागवानी से जुड़ी नवीनतम तकनीकों, उन्नत पौध सामग्री तथा फल एवं सब्जी उत्पादन, प्रसंस्करण, संरक्षण और विपणन की आधुनिक प्रणालियों से अवगत कराने के उद्देश्य से पटना के गांधी मैदान में 6 से 8 फरवरी तक भव्य बागवानी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव बागवानी क्षेत्र में ज्ञान, नवाचार और अवसरों को सुदृढ़ करने का एक प्रभावी मंच सिद्ध होगा। बागवानी महोत्सव में सब्जी, मशरूम, फल, फल संरक्षण उत्पाद, शहद, पान के पत्ते, गमलों में शोभाकार पत्तीदार पौधे, बोनसाई, जाड़े के मौसमी फूलों के पौधे, विभिन्न प्रकार के कैक्टस एवं सक्युलेंट पौधे, विभिन्न किस्मों के पाम, कटे फूल (डंठल सहित), कलात्मक पुष्प सज्जा एवं नक्काशी, औषधीय एवं सुगंधित पौधों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके साथ ही आमजनों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों के माध्यम से बागवानी को रोजगार और स्वरोजगार का एक प्रभावी माध्यम बनाया जा रहा है। इससे न केवल किसानों की आमदनी में वृद्धि हो रही है, बल्कि ग्रामीण युवाओं और महिलाओं के लिए भी आजीविका के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। आधुनिक तकनीकों के उपयोग, नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के सहयोग से बागवानी अब पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर एक उन्नत, वैज्ञानिक एवं व्यावसायिक कृषि प्रणाली का रूप ले रही है।

# विश्व कैंसर दिवस पर मेदांता में विशेषज्ञों की साझा पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना में कैंसर उपचार को लेकर एक विशेष पैनल चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञों ने एक मंच पर आकर कैंसर की समय पर पहचान, आधुनिक उपचार विकल्पों और मल्टी-डिसिप्लिनरी केयर की आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर आयोजित पैनल चर्चा का उद्देश्य यह संदेश देना था कि कैंसर का प्रभावी इलाज तभी संभव है जब मेडिकल, सर्जिकल, रेडिएशन, पैथोलॉजी और डायग्नोस्टिक टीम एक-दूसरे के साथ समन्वय में कार्य करें और उपचार की योजना मरीज-केंद्रित हो। पैनल चर्चा के मॉडरेटर डॉ. अमरेंद्र अमर, मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट ने कहा कि आज कैंसर एकल विभाग की बीमारी नहीं रह गई है। सही समय पर सही विशेषज्ञ को जोड़ना ही उपचार की सफलता तय करता है।

# भुगतान व पोर्टल समस्याओं से केवाइपी केंद्रों का संचालन प्रभावित : आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**वैशाली / पटना।** कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण केंद्र वर्तमान में भुगतान प्रक्रिया एवं पोर्टल से जुड़ी गंभीर व्यावहारिक समस्याओं से जूझ रहे हैं जिसके कारण राज्य भर में कई केंद्रों का नियमित संचालन बाधित हो रहा है। यह जानकारी केवाइपी केंद्र संचालक सह जिलाध्यक्ष वैशाली आनंद रंजन झा ने दी। श्री झा ने बताया कि विभागीय बदलाव एवं नॉलेज पार्टनर में परिवर्तन के पश्चात कई स्तरों पर तकनीकी एवं प्रशासनिक दिक्कतें सामने आई हैं। प्रमुख समस्याओं में लंबित बिल एवं वाउचर का भुगतान न होना, पोर्टल पर इनवॉयस जनरेशन एवं सेशन रिपोर्ट देखने की सुविधा का सक्रिय न होना, बार-बार बायोमैट्रिक उपस्थिति की बाध्यता, आधारित लॉग-इन से क्लास प्रारंभ करने में आ रही तकनीकी कठिनाइयां एवं विभागीय स्तर पर प्रचार प्रसार में शिथिलता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षुओं के 1000 सुरक्षा जमा की समय पर वापसी न होना तथा प्रमाणपत्रों का विभागीय स्तर पर उपलब्ध न कराया जाना भी केंद्र संचालन के लिए गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्व में यह योजना श्रम संसाधन विभाग के अंतर्गत बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित थी जहां भुगतान एवं तकनीकी व्यवस्थाएं अपेक्षाकृत अधिक सुचारु थीं।

# एक्युप्रेशर द्वारा माइग्रेन की सफल चिकित्सा संभव : डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** माइग्रेन सिर दर्द का एक प्रकार है जिसमें सिर के एक तरफ दर्द महसूस किया जाता है, आमतौर पर इसे सिर दर्द मान लिया जाता है यह भ्रम है, यह न्यूरोलॉजिकल समस्या होती है मीतली, उल्टी, प्रकाश, ध्वनि के प्रति अत्यधिक संवेदनशीलता के साथ आता है इसका दौरा कुछ घंटे से लेकर कुछ दिनों तक रह सकता है। माइग्रेन में सिर के एक तरफ या दोनों तरफ मध्यम से गंभीर थ्रांबिन पेन जैसा महसूस होता है तेज रोशनी, गंध, शोर से बढ़ता है सूर्योदय एवं सूर्यास्त से दर्द के बढ़ने और घटने का संबंध है, जी मिचलाना, उल्टी होना पेट में दर्द, दस्त, कब्ज, दृष्टि में कमी, शरीर में विभिन्न जगहों पर फ्लूड इकट्ठा होना, पेशाब करने की बार-बार इच्छा, हाथ पैर में सूजन कमजोरी, कान में घंटी बजने की अनुभूति, बोलने में दिक्कत आदि इसके लक्षण होते हैं। अत्यधिक धूम्रपान, स्ट्रेस माइग्रेन के लक्षणों को बढ़ा सकता है, माइग्रेन बगैर किसी चेतावनी के अचानक हो सकता है। उक्त बातें बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज द्वारा प्रसिद्ध समाजसेवी रामवृक्ष भगत जी के 46वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कॉलेज परिसर में आयोजित माइग्रेन विषयक एक्युप्रेशर संगोष्ठी में कॉलेज अध्यक्ष एक्युप्रेशर महागुरु डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त जी ने संबोधित करते हुए बताया।

## संपादकीय

# बजट में दिख रहा विकसित भारत का रोडमैप

अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर जिस तरह की वैश्विक चुनौतियां खड़ी हो रही हैं, नए समीकरण तैयार हो रहे हैं, उसमें सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए ऐसा बजट पेश करना एक चुनौती भरा काम है, जो संतुलित हो और जिसमें लोकलुभावन प्रस्तावों से बचने की कोशिश की जाए। सरकार का मानना है कि देश अब तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए दृढ़ संकल्पित है और 2026-27 का आम बजट भविष्य को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया। किसी भी बजट की उपादेयता इससे साबित होती है कि वह देश की आर्थिक मजबूती में कितना सहायक साबित हुआ और उसका आम जनता के जीवन पर क्या असर पड़ा। इस लिहाज से देखें तो रविवार को पेश बजट को व्यापार और पूंजी के क्षेत्र में बढ़ती जरूरतों के साथ-साथ भारत को अंतरराष्ट्रीय बाजारों के साथ तालमेल बिठाते हुए अधिक निर्यात और स्थिर दीर्घकालिक निवेश को आकर्षित करने वाला कहा जा सकता है। यों इस बजट को गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के हितों के संदर्भ में उम्मीद जगाने वाले प्रयास के तौर पर देखा जा सकता है, मगर कोई लोकलुभावन घोषणाओं से बचते हुए यथार्थवादी दृष्टिकोण पर जोर दिया गया। युवा वर्ग के सशक्तीकरण के मकसद से शिक्षा क्षेत्र में लगभग 1.35 लाख करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। इसके तहत पचास नए आइआइटी और मेडिकल कालेज खोले जाने की बात कही गई है। साथ ही कौशल के विकास के उद्देश्य से 'स्किल इंडिया' कार्यक्रम को जमीन पर उतारने के लिए दो लाख करोड़ रुपए और प्रशिक्षु योजना से पांच करोड़ युवाओं को छात्रवृत्ति की व्यवस्था की जाएगी। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों यानी एमएसएमई के क्षेत्र में मदद के साथ ही रोजगार केंद्रित विकास को प्रमुखता दी जाएगी। दरअसल, देश में आज भी विकास के सारे सवाल बढ़ती बेरोजगारी के सामने चुनौती की तरह लगने लगते हैं। इसके मद्देनजर बजट में बेरोजगारी दर को आठ फीसद से नीचे लाने का संकल्प जाहिर किया गया है। मगर सारे निवेश और कार्यक्रम की कामयाबी इस बात पर निर्भर करेगी कि शहरों-महानगरों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी रोजगार के कितने अवसर सृजित हुए और उसमें हिस्सेदारी करने के लिए कौशल की कसौटी पर कितनी प्रशिक्षित युवा आबादी तैयार हुई। इसी तरह, लक्ष्मी वंदना योजना को विस्तार दिया गया है और स्वरोजगार ऋण के नियम शिथिल किए गए, ताकि महिला सशक्तीकरण की दिशा में ठोस नतीजे हासिल किए जा सकें। मगर यह देखने की बात होगी कि इससे जमीनी स्तर पर लैंगिक समानता की स्थितियों को सशक्त बनाने में कितनी मदद मिलेगी।

**विदेशी समाचार माध्यमों और समाचार एजेंसियों की नजर में यह बजट एक तरह से क्रांतिकारी है। दुनिया की जानी-मानी आर्थिक समाचार एजेंसी ब्लूमबर्ग का कहना है कि भारत ने अपने बजट में 133 बिलियन का इंफ्रास्ट्रक्चर दांव लगाया है। इसके जरिए भारत अपने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को सुपरचार्ज करने की तैयारी में है। अंग्रेजी में एक मुहावरा है, टू रॉब पीटर टू पे पॉल। हिंदी में इसका मतलब होगा, पीटर से लेकर पॉल को देना। दुनिया की हर सरकारों के बजट के लिए इस मुहावरे का बखूबी इस्तेमाल होता है। मीडिया भी हर बजट के दिन एक खबर जरूर बनाता है, रुपया आएगा कहां से और जाएगा कहां। इसका भी मतलब इस मुहावरे जैसा ही। बजट प्रबंधन में दुनियाभर की सरकारें एक व्यक्ति या स्रोत से लेकर दूसरे को उपलब्ध कराती रही हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि हर बजट ऐसा ही होता है।**

# लोकलुभावन की बजाय आर्थिक सेहत ठीक करने वाला बजट

**(उमेश चतुर्वेदी )**

लोकसभा में साल 2026-27 के लिए प्रस्तुत बजट को इस मुहावरे से कुछ हद तक दूर रखा जा सकता है। बजट प्रस्तावों की मीमांसा होती रहेगी, लेकिन फौरी तौर पर देखें तो कुछ चीजें साफ होती हैं। इस बजट के बारे में कह सकते हैं कि यह लोकलुभावन नहीं है। साल 2024-25 और 2025-26 के बजट को देखें तो उन दिनों मोदी सरकार पर जनता से किए गए वायदों को पूरा करने का दबाव था। इसलिए बीते दोनों बजट में लोकलुभावन घोषणाएं की गईं। वैसे भारतीय राजनीति की रवायत बन चुकी है कि ऐन चुनावों से पहले आने वाले बजट प्रस्तावों में उस राज्य विशेष जहां चुनाव होने हैं, के लिए लुभावनी घोषणाओं की बाढ़ आ जाती है। कुछ ही महीनों बाद पांच महत्वपूर्ण राज्यों में चुनाव होने वाले हैं। पश्चिम बंगाल पर बीजेपी जहां कब्जे की कोशिश में दिन-रात एक किए हुए हैं, वहीं प्रश्न प्रदेश बने तमिलनाडु में भी अपनी ताकतवर उपस्थिति जताने के लिए जोर लगाए हुई है। तमिलनाडु के पड़ोसी केंद्र शासित प्रदेश पुद्दचेरी में भी चुनाव होने हैं। इसी तरह बीजेपी की कोशिश गॉड'स ओन कंट्री यानी भगवान के अपने घर केरल में कमल का फूल खिलाने की है। जबकि असम में तीसरी बार सत्ता हासिल करने के लिए मुतमइन है। राजनीतिक रवायत के मुताबिक, मौजूदा बजट प्रस्तावों में इन राज्यों के लिए घोषणाओं की बाढ़ आनी चाहिए थी। लेकिन तमिलनाडु से आने वाली निर्मला सीतारमण ने अपने नौंवे बजट में ऐसा कुछ भी नहीं किया। इस लिहाज से यह बजट भारतीय राजनीति का नया चेहरा प्रस्तुत कर रहा है।

इस बजट के बारे में कहा जा सकता है कि यह लोकलुभावन घोषणाओं की बजाय संरचनात्मक सुधारों, विनिर्माण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई जैसे भविष्य के क्षेत्रों पर केंद्रित है। इस बजट में जिस तरह शी मार्ट के जरिए महिला उद्योगपतियों को प्रोत्साहन देने की बात है, बेकार और अनुपयोगी हो चुके कानूनों को बदलने के लिए समिति बनाने का का प्रस्ताव है या सात हाईस्पीड रेल कॉरीडोर बनाने की बात है या फिर ग्रामीण बजट को बढ़ावा दिया गया है, या फिर मनरेगा की जगह पर आए नए कानून जी राम जी को जबरदस्त प्रोत्साहन दिया गया है, उस वजह से यह बजट अलग स्वरूप लिए हुए दिख रहा है। शायद यही वजह है कि प्रधानमंत्री ने इसे वैश्विक स्तर पर भारत की भूमिका को सशक्त बनाने वाला बजट बताया है। हालांकि पूर्व वित्त मंत्री और अर्थशास्त्री पी



चिदंबरम् मानते हैं कि इस बजट प्रस्ताव में सरकार चीन और अमेरिकी दबाव में दिख रही है।

लेकिन विदेशी समाचार माध्यमों और समाचार एजेंसियों की नजर में यह बजट एक तरह से क्रांतिकारी है। दुनिया की जानी-मानी आर्थिक समाचार एजेंसी ब्लूमबर्ग का कहना है कि भारत ने अपने बजट में .133 बिलियन का इंफ्रास्ट्रक्चर दांव लगाया है। इसके जरिए भारत अपने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को सुपरचार्ज करने की तैयारी में है। इसके साथ ही ब्लूमबर्ग ने बजट में 12.2 लाख करोड़ के कैपेक्स को ग्लोबल सप्लाई चेन के लिए बड़ा संकेत माना है। दुनिया की सबसे बड़ी समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने इन बजट प्रस्तावों को लेकर कहा है कि भारत के इस बजट में वित्तीय अनुशासन बनाम विकास का द्वंद्व दिख रहा है। एजेंसी कहती है कि बजट प्रस्ताव में मोदी सरकार ने 4.3 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य रखा है। इसी तरह उसने बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाया। मोदी सरकार के ये कदम नए बदलाव के प्रतीक हैं। ब्रिटेन से प्रकाशित होने वाले प्रसिद्ध आर्थिक अखबार फाइनेंशियल टाइम्स ने मोदी सरकार के बजट को लेकर कहा है कि यह ग्लोबल अनिश्चितता के बीच भारत का स्थिर कदम है। इस बजट के जरिए भारतीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने निवेश और राजकोषीय विवेक के बीच संतुलन साधने की कोशिश की है। दुनिया की जानी-मानी पत्रिका फोर्ब्स ने 2026 के बजटको लेकर एक तरह से हैरत जताते हुए सवाल पूछ लिया है कि क्या सेमीकंडक्टर और एआई के क्षेत्र मे निवेश भारत को टेक्निकल दुनिया का सुपरपावर बनाएगा? दुनिया की दूसरी बड़ी समाचार एजेंसी एएफपी ने भारत के बजट में बुनियादी ढांचे के लिए रिकॉर्ड 133 अरब डॉलर देने के वादे का स्वागत किया है। कुछ ऐसी ही प्रतिक्रियाएं दूसरी संस्थाओं की भी है। मशहूर रेटिंग एजेंसी मूडीज ने इस बजट को 'टैक्टिकल' यानी रणनीतिक करार दिया है। मूडीज का मानना है कि यह बजट क्रेडिट प्रोफाइल में तुरंत बदलाव नहीं करेगा, लेकिन भारत की आर्थिक स्थिरता के लिए अच्छा है। इन प्रतिक्रियाओं में प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिक्रिया को भी जोड़ सकते हैं, जिन्होंने इसे रिफॉर्म एक्सप्रेस बताया है। देश का सबसे बड़ा आयकर दाता मध्य वर्ग ही है। उसे उम्मीद थी कि इस बार के बजट में आयकर पर किंचित ही सही, छूट मिलेगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इससे उसे थोड़ी निराशा तो जरूर हुई है। बीबीसी और अल जजीरा जैसे चैनलों ने इस मुद्दे को अपनी रवायत के मुताबिक अपनी समीक्षाओं में प्रमुखता दी है। दोनों ही समाचार संस्थानों ने भारतीय विपक्षी नेताओं और आर्थिक-तकनीकी विशेषज्ञों के हवाले से लिखा है कि आयकर स्लैब में बदलाव न होने से मध्यम वर्ग को उतनी राहत नहीं मिली, जितनी उम्मीद थी। सरकारी कर्मचारी उम्मीद कर रहे थे कि आठवें वेतन आयोग को लेकर भी बजट में कोई बड़ी चर्चा या ऐलान हो सकता है। लेकिन निर्मला सीतारमण ने इससे परहेज किया।

इसका यह मतलब नहीं कि बजट में आम आदमी का ध्यान नहीं रखा गया है। बजट में कुछ बेहतरीन घोषणाएं भी हुई हैं। महिला उत्थान और सशक्तीकरण की बात खूब की जाती है, लेकिन गांवों या छोटे शहरों से बड़े शहरों में पढ़ाई या नौकरी के लिए आने वाली लड़कियों की सहूलियतों पर कम ही ध्यान दिया जाता रहा है। लेकिन इस बार बजट में उनका ध्यान रखा है। बजट में हर जिले में महिला छात्रावास बनाने का प्रस्ताव किया गया है। बजट का यह फैसला लड़कियों को कॉलेज और नौकरियों तक पहुंचाने में बहुत मददगार साबित होगा। मां-बाप भी बिना किसी डर के सरकारी हास्टलों में अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए भेज सकेंगे। इससे न केवल पढ़ाई बीच में छोड़ने वाली लड़कियों की संख्या कम होगी, बल्कि लड़कियां खुद को ज्यादा सुरक्षित और आत्मनिर्भर महसूस करेंगी। पढ़ाई के साथ-साथ जो अपना छोटा-मोटा काम करने या स्टार्टअप चलाने वाली महिलाओं के लिए भी बजट में घोषणा हुई है। सरकार ने 'शी मार्ट्स' नामक प्लेटफॉर्म शुरू करने का फैसला किया है। ये ऐसे बाजार या प्लेटफॉर्म होंगे, जहां सिर्फ महिला उद्यमी, स्वयं सहायता समूह और महिला कारीगर ही अपना सामान बेच सकेंगी। इससे महिलाओं को बिचौलियों की जरूरत नहीं रहेगी। इसी तरह कैंसर के इलाज वाली 17 दवाओं के साथ ही शुगर की दवाओं पर कर में कमी की गई है। साथ ही सात दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए बाहर से आयात होने वाली दवाओं और स्पेशल फूड पर भी अब कोई टैक्स नहीं लगेगा। इससे उन्हें बड़ी आर्थिक मदद मिलेगी जो इलाज के लिए महंगी विदेशी दवाओं पर निर्भर हैं। भारत को बायोफार्मा का हब बनाने का भी ऐलान किया गया है। ग्रामीण विकास पर दो लाख 73 हजार 108 करोड़ और कृषि एवं कृषि विकास पर एक लाख 62 हजार 671 करोड़ के बजट का प्रस्ताव ग्रामीण क्षेत्रों की रौनक बढ़ा सकता है। लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## बजट में विकसित भारत के निमित्त शहरी विकास आवंटन में दृष्टिगोचर हुआ व्यापक बदलाव

**(अंकित जैन)**

इसका सकारात्मक प्रभाव शहरी विकास पर पड़ेगा। लिहाजा यह बदलाव विकसित भारतञ्च2047 के लक्ष्य को मजबूत करेगा, छोटे शहरों को विकास केंद्र बनाएगा और निजी निवेश को आकर्षित करेगा, जिससे शहरीकरण अधिक समावेशी होगा। हालांकि, सटीक 20,000 करोड़ शहरी विकास के लिए स्पष्ट नहीं मिला–यह कार्बन प्रोजेक्ट्स से जुड़ा प्रतीत होता है।

भारत के बजट 2026-27 में शहरी विकास के लिए प्रस्तावित ?20,000 करोड़ का आवंटन वास्तव में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देता है, लेकिन उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह सीधे तौर पर 20,000 करोड़ का एकमुश्त खर्च शहरी विकास के लिए नहीं है। दरअसल, यह राशि मुख्य रूप से औद्योगिक क्षेत्रों में कार्बन कैप्चर प्रोजेक्ट्स से जुड़ी हो सकती है, जबकि शहरी विकास के लिए सिटी इकानॉमी रिजिन्स (सीईआर) पर 5 वर्षों में ?5,000 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है।

इसका सकारात्मक प्रभाव शहरी विकास पर पड़ेगा। लिहाजा यह बदलाव विकसित भारतञ्च2047 के लक्ष्य को मजबूत करेगा, छोटे शहरों को विकास केंद्र बनाएगा और निजी निवेश को आकर्षित करेगा, जिससे शहरीकरण अधिक समावेशी होगा। हालांकि, सटीक 20,000 करोड़ शहरी विकास के लिए स्पष्ट नहीं मिला–यह कार्बन प्रोजेक्ट्स से जुड़ा प्रतीत होता है।

इस बारे में कोसमोस पम्पस के सीईओ व कोफाउंडर अंकित जैन ने कहा कि भारत के शहरी विकास के लिए प्रस्तावित 20,000 करोड़ का खर्च एक बड़ा बदलाव है, जिसमें टियर-टू, टियर-थ्री शहरों और मंदिर वाले शहरों पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह प्रस्ताव शहरों को न केवल आबादी के केंद्र के रूप में देखता है, बल्कि इनोवेशन, रोजगार और उत्पादकता के लिए एक शक्तिशाली इंजन के रूप में भी उपयोग होगा। भारत को स्मार्ट शहर बनाने के लिए, सिर्फ़ डिजिटल समाधानों पर ध्यान देने के बजाय मज़बूत फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी उतना ही ध्यान देना होगा–खासकर वॉटर मैनेजमेंट, एनर्जी एफिशिएंसी और सस्टेनेबल यूटिलिटीज़ पर। क्योंकि आधुनिक शहरों को बढ़ती आबादी और इंडस्ट्रीज़ को सपोर्ट करने के लिए इंटेलिजेंट पंपिंग सिस्टम, कुशल वॉटर सप्लाई, वेस्टवॉटर मैनेजमेंट और क्लाइमेट-रेडी इंफ्रास्ट्रक्चर की ज़रूरत है।

लिहाजा हर सिटी इकोनॉमिक रीजन के लिए ?5,000 करोड़ का चैलेंज-बेस्ड आवंटन कॉम्पिटिशन, इनोवेशन और नतीजे-आधारित प्लानिंग को बढ़ावा देता है, जो लंबे समय की सफलता के लिए बहुत ज़रूरी है। इस बात में कोई दो राय नहीं कि शहरी आर्थिक क्षेत्रों की योजना बजट 2026-27 में छोटे शहरों (टियर-2 और टियर-3) के समावेशी विकास पर केंद्रित है। यह योजना केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों के संयुक्त प्रयासों से लागू होगी, जिसमें 5,000 करोड़ का प्रारंभिक आवंटन है।

इसकी कार्यान्वयन प्रक्रिया भी स्पष्ट है, क्योंकि योजना का क्रियान्वयन चरणबद्ध तरीके से होगा। पहले राज्यों द्वारा 5 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों का चयन, फिर ग्रोथ ड्राइवर्स (जैसे लॉजिस्टिक्स हब, रियल एस्टेट) पर आधारित मास्टर प्लान तैयार करना। इसके बाद निजी निवेश आकर्षित करने के लिए पीपीपी मॉडल और सेंट्रल फंडिंग का उपयोग होगा।

इसके प्रमुख चरण अंतर्गत चयन और योजना पर ध्यान देना होगा। खासकर राज्य शीर्ष समितियां बनाकर शहरों का चयन करेंगी, फिर 20 वर्षीय एकीकृत योजनाएं (परिवहन, आवास, भूमि उपयोग) तैयार करेंगी। ततपश्चात फंडिंग होगी। इस बाबत केंद्र से ?5,000 करोड़ + एसेट मोनेटाइजेशन से अतिरिक्त संसाधन; और निजी क्षेत्र को तकनीकी सहायता। इसकी कार्यान्वयन संरचना राज्य-स्तरीय समितियां तय करेंगी और वही इन योजनाओं को तैयार करेंगी, जिसके लिए केंद्र से फंडिंग (5,000 करोड़ प्रारंभिक) और पीपीपी मॉडल से समर्थन मिलेगा। इससे विकसित भारतञ्च2047 लक्ष्य मजबूत होगा। (लेखिका सीईओ व कोफाउंडर, कोसमोस पम्पस। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# सिलीगुड़ी कॉरिडोर में जमीन के नीचे रेल दौड़ाने की तैयारी

**केंद्र सरकार ने अब सिलीगुड़ी गलियारे की सुरक्षा और मजबूती के लिए बड़ा कदम उठाया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि करीब चालीस कोस लंबे हिस्से में भूमिगत रेल पटरियां बिछाने की योजना बनाई गई है। पूर्वोत्तर को देश के बाकी हिस्से से जोड़ने वाला सिलीगुड़ी गलियारा एक बार फिर राष्ट्रीय चर्चा के केंद्र में है। यह धरती की वही पतली पट्टी है जिसे आम बोलचाल में चिकन नेक कहा जाता है। सबसे संकरे हिस्से में इसकी चौड़ाई करीब पच्चीस कोस से भी कम मानी जाती है। इसके एक ओर नेपाल, दूसरी ओर भूटान और पास ही बांग्लादेश की सीमा है।**

**(नीरज कुमार दुबे )**

यही रास्ता पूर्वोत्तर के आठों राज्यों के लिए जीवन रेखा है। सेना की आवाजाही हो, अनाज और ईंधन की आपूर्ति हो या व्यापार, सब कुछ काफी हद तक इसी राह से गुजरता है। केंद्र सरकार ने अब इस गलियारे की सुरक्षा और मजबूती के लिए बड़ा कदम उठाया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि करीब चालीस कोस लंबे हिस्से में भूमिगत रेल पटरियां बिछाने की योजना बनाई गई है। तीन मील हाट से रंगापानी के बीच यह भूमिगत मार्ग बनेगा। साथ ही पूरे मार्ग को चार पटरियों वाला बनाने का प्रस्ताव भी वार्षिक लेखा योजना में रखा गया है ताकि यातायात की क्षमता कई गुना बढ़ सके। हम आपको बता दें कि हाल के समय में इस गलियारे को लेकर कई तरह की गीदड़ भभकियां सामने आई थीं। बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद कुछ समूहों ने चिकन नेक को दबाने जैसी बातें कही थीं। कुछ बयान ऐसे भी आये जिनमें इस इलाके को ग्रेटर बांग्लादेश की कल्पना से जोड़ा गया। ढाका की चीन से बढ़ती नजदीकी ने भी चिंता बढ़ाई। वर्ष 2017 में डोकलाम टकराव के समय भी सैन्य योजनाकारों ने सिलीगुडी हिस्से की कमजोरी पर ध्यान दिलाया था। साफ था कि यदि यहां बाधा आई तो पूर्वोत्तर लगभग कट सकता है। इसी पृष्ठभूमि में भूमिगत रेल को संकट के समय भी संपर्क बनाए रखने की योजना के रूप में देखा जा रहा है। भूमिगत मार्ग पर सीधा प्रहार करना कठिन होगा। इससे सैनिक साजो सामान और आम जन जीवन की आपूर्ति निरंतर बनी रह सकती है। यदि चिकन नेक



जैसे संवेदनशील इलाके में भूमिगत रेल मार्ग बनता है तो यह कौशल, साहस और दूरदर्शिता का भी प्रदर्शन होगा। भारत पहले ही जम्मू-कश्मीर में दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल का निर्माण कर अपनी प्रतिभा दिखा चुका है। पहाड़ चीरकर और पहाड़ों के ऊपर पुल खड़ा करने वाले यही हाथ जमीन के भीतर भी सुरक्षित मार्ग बना सकते हैं। वैसे भी कठिन भौगोलिक हालात को मात देना भारतीय इंजीनियरों की पहचान बन चुकी है, इसलिए चिकन नेक में भूमिगत रेल केवल सुरक्षा कदम नहीं, बल्कि देश की तकनीकी ताकत और आत्मविश्वास का प्रतीक भी होगी। देखा जाये तो यह गलियारा केवल भौगोलिक पट्टी नहीं बल्कि राष्ट्रीय एकता की धुरी है। इसलिए इसकी सुरक्षा पर किसी तरह की ढिलाई नहीं हो सकती। भूमिगत रेल, चार पटरी विस्तार और कड़ी निगरानी को उसी दिशा में उठे कदम के रूप में देखा जा रहा है। सामरिक दृष्टि से देखें तो यह इलाका चार देशों के बीच घिरा है। सीमा पार से होने वाली हर हलचल यहां असर डालती है। चीन की क्षेत्रीय महत्वाकांक्षा, बांग्लादेश की अंदरूनी राजनीति, और खुले सीमा प्रबंध वाले इलाकों की जटिलता, सब मिलकर इस पट्टी को संवेदनशील बनाते हैं। ऐसे में भूमिगत रेल केवल ईंट पत्थर का काम नहीं, बल्कि संकट काल में जीवन रेखा को जिंदा रखने का उपाय है। युद्ध या बड़े तनाव की स्थिति में खुली पटरियां आसान निशाना बन सकती हैं, पर जमीन के भीतर चलने वाली रेल को रोकना कठिन होगा। इसका आर्थिक पक्ष भी कम अहम नहीं है। पूर्वोत्तर क्षेत्र प्राकृतिक संसाधन, जल शक्ति, कृषि उपज और सीमा पार व्यापार की अपार संभावना रखता है। यदि संपर्क मजबूत होगा तो उद्योग, पर्यटन और व्यापार को बल मिलेगा। चार पटरी मार्ग का अर्थ है तेज आवागमन, कम बाधा और ज्यादा माल ढुलाई। इससे लागत घटेगी और बाजार बढ़ेंगे, जो इलाका कभी दूर माना जाता था वह अवसर का द्वार बन सकता है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## क्रोध प्रेम से ही हारेगा

**(विवेकानंद)**

जब मन में क्रोध की एक बड़ी तरंग आती है, तब उसे कैसे वश में लाया जाए? बहुत सरल सा जवाब है- उसके विपरीत एक तरंग उठाकर। उस समय प्रेम



की बात मन में लाओ।कभी-कभी ऐसा होता है कि पत्नी अपने पति पर खूब गरम हो जाती है, लेकिन उसी समय उसका बच्चा वहां आ जाता है और वह उसे अपनी गोद में उठाकर चूम लेती है; इससे उसके मन में बच्चे के प्रति प्रेम-तरंग उठने लगती है और वह पहले तरंग को दबा देती है। प्रेम क्रोध के विपरीत है। इसी प्रकार, जब मन में किसी किस्म की चोरी का भाव उठे, तो उसके विपरीत भाव का चिंतन करना चाहिए। जब दान ग्रहण करने की इच्छा पैदा हो, तो उसके विपरीत भाव का चिंतन करना चाहिए। मैं स्वयं यदि कोई झूठ कहूं, तो उससे जो पाप होता है, उतना ही पाप तब भी होता है, जब दूसरे को झूठ कहने में लगाता हूं अथवा दूसरे की किसी झूठी बात का अनुमोदन करता हूं। वह झूठ भले ही जरा सा हो, फिर भी झूठ तो है ही। पर्वत की कंदरा में बैठकर भी यदि पाप चिंतन करो, किसी के प्रति घृणा का भाव पोषण करो, तो वह भी संचित रहेगा और कालान्तर में फिर से वह तुम्हारे पास किसी दुख के रूप में आकर तुम पर प्रबल आघात करेगा। यदि तुम अपने हृदय से ईर्ष्या और घृणा का भाव चारों ओर प्रसारित करते हो, तो वह चक्रवृद्धि ब्याज सहित तुम पर आकर गिरेगा। दुनिया की कोई भी ताकत उसको रोक न सकेगी। यदि तुमने एक बार उस शक्ति को बाहर निकाला, तो फिर निश्चित जानो, तुम्हें उसका प्रतिघात सहन करना ही पड़ेगा। यह स्मरण रहने पर तुम कुकर्मों से बचे रह सकोगे।

# 73 की उम्र में 'कोल्हान के दद्दू' का निधन

## झारखंड के सैकड़ों खिलाड़ियों को किया तैयार

### 106 स्वर्ण के साथ सैकड़ों पदक था इनके नाम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाईबासा**। झारखंड के खेल जगत के लिए यह अत्यंत दुःखद क्षण है। वरिष्ठ एथलीट, कुशल प्रशिक्षक और खेल आंदोलन के सशक्त स्तंभ रहे कोल्हान के दद्दू टिपरिया तियु का निधन हो गया है। उनके जाने से न केवल पश्चिमी सिंहभूम जिला, बल्कि पूरा राज्य एक ऐसे व्यक्तित्व से वंचित हो गया है, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन खेल, अनुशासन और युवा निर्माण को समर्पित कर दिया।

टिपरिया तियु ने 19 वर्ष की उम्र में टाटा स्टील में नौकरी पाने के उद्देश्य से दौड़ना शुरू किया था। तब उन्होंने नहीं सोचा था कि एथलेटिक्स ही उनका जीवन-मार्ग और पहचान बन जाएगा। समय के साथ दौड़ उनका शौक, साधना और फिर प्रोफेशन बन गई। कड़ी मेहनत, अनुशासन और अदम्य इच्छाशक्ति के बल पर उन्होंने खेल के क्षेत्र में वह मुकाम हासिल किया, जो विरले ही किसी को नसीब होता है।

अपने लंबे और गौरवशाली खेल जीवन में उन्होंने इंटर डिस्ट्रिक्ट, नेशनल, एशियाड एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए 106 स्वर्ण पदकों सहित कुल लगभग 600 पदक अपने नाम किए। यह उपलब्धि उन्हें झारखंड ही नहीं, बल्कि देश के सफल मास्टर्स एथलीटों की अग्रिम पंक्ति में स्थापित करती है। 73 वर्ष की उम्र में भी उनकी खेल प्रतिबद्धता प्रेरणादायक रही।

वे आगामी 35वीं नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप (24-25 फरवरी) की तैयारी में जुटे थे और प्रतिदिन लगभग 10 किलोमीटर दौड़ लगाते थे। उनका जीवन इस बात का जीवंत उदाहरण रहा कि उम्र कभी भी संकल्प और मेहनत के मार्ग में बाधा नहीं बन सकती।

पश्चिमी सिंहभूम जिले के खूंटपानी प्रखंड के महज 80 घरों वाले छोटे से गांव गिंडीमुंडी से निकलकर उन्होंने जो पहचान बनाई, वह हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा है।

दौड़ के साथ-साथ उन्हें आर्चरी और फुटबॉल में भी गहरी रुचि थी। विशेष रूप से खेल प्रशिक्षण के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय रहा। उन्होंने अब तक लगभग 1300 एथलीटों को प्रशिक्षण देकर उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया तियु केवल एक उत्कृष्ट खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी खेल शिक्षक भी थे। जिले में महिला फुटबॉल की शुरुआत कर उन्होंने खेल में लैंगिक समानता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की। रांची में आयोजित नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स चैंपियनशिप और झारखंड राज्य एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए वे लगातार अपने शिष्यों का मार्गदर्शन करते रहे।

# दिल्ली कूच करेंगे होमगार्ड के जवान

## रोटेशन के आधार पर तैनाती से रोष



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन महानिदेशालय, अग्निशमन सेवाएं, नागरिक सुरक्षा एवं होमगार्ड नई दिल्ली की ओर से अब सभी राज्यों के होमगार्ड जवानों को रोटेशन पर ड्यूटी देने का आदेश जारी किया है।

इससे जवानों में नाराजगी है। महानिदेशालय के इस आदेश को लेकर जवानों में रोष है। जवानों ने साफ तौर पर कहा है कि एक तो उन्हें ड्यूटी कम मिलती है और उस पर रोटेशन सिस्टम लागू करने से उन्हें बहुत कम काम मिलेगा। इससे उनकी आर्थिक स्थिति पर भी असर होगा।

मामले को लेकर झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने महानिदेशालय से इस आदेश को वापस लेने अन्यथा नई दिल्ली स्थिति कार्यालय का घेराव करने की घोषणा किया है।

महानिदेशालय ने अपने जारी आदेश पत्र में कहा है कि होमगार्ड एक स्वायत्त निकाय है, जो संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ओर से बनाए गए प्रावधानों के तहत कार्य करती है।

गृह मंत्रालय की ओर से इसे स्वयंसेवी संगठन माना गया है। जवानों की भर्ती स्वयंसेवकों के तौर पर की जाती है और उन्हें अस्थायी, आवश्यकता आधारित तथा गैर स्थायी आधार पर ड्यूटी दी जाती है। महानिदेशालय ने यह भी बताया है कि जवानों को बिना विश्राम दिए लंबे समय तक कार्य लिया जा रहा है। ऐसे में स्वयंसेवक नियमितकरण करने की मांग कर रहे हैं।

ऐसे में इनके दीर्घकालिक तैनाती प्रथा को बंद किया जाता है। महानिदेशालय ने सभी राज्यों को यह आदेश दिया है कि होमगार्ड जवानों की तैनाती रोटेशन के आधार पर किया जाए। महानिदेशालय के इसी आदेश के खिलाफ जवानों में नाराजगी है।

इधर झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी ने बताया कि जवानों को एक तो कम ड्यूटी मिलती है। स्थिति यह है कि जरूरत के अनुसार उनसे काम लिया जाता है।

यदि रोटेशन सिस्टम लागू किया जाता है तो मिलने वाले मानदेय में भी कमी आएगी। ऐसी स्थिति में जवानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आदेश को वापस नहीं लिया जाता है तो पूरे देश भर के होमगार्ड जवान गृह मंत्रालय और महानिदेशालय का घेराव करने को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन अन्य राज्यों के होमगार्ड जवानों से संपर्क में है।

# लाइसेंसी हथियार से आत्महत्या का प्रयास

## बीमार पिता की हालत देख टूट गया था युवक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका**। नगर थाना क्षेत्र के जिला रोड निवासी लल्लू सिंह के 18 वर्षीय देव सिंह ने बुधवार की अहले सुबह करीब चार बजे पिता के लाईसेंसी पिस्टल से कनपटी में गोली मार ली। गोली लगने के बाद पार हो गई। उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत अधिक गंभीर होने की वजह से रेफर कर दिया गया दुर्गापुर के हेल्थ वर्ल्ड अस्पताल में वह जीवन के लिए संघर्ष कर रहा है। जान देने के प्रयास की वजह पिता की बीमारी सामने आई है।

लल्लू सिंह पहले ठेकेदारी करते थे। अभी वह लंबे समय से बीमार चल रहे हैं। तीन दिन पहले ही बंगलुरु इलाज कराकर लौटे थे। उनकी स्थिति ऐसी है कि वह चलने फिरने लायक नहीं रहे हैं। दो बहनों के बाद सबसे छोटे बेटे देव से उनकी यह हालत देखे नहीं जा रही थी।

इंटर की पढ़ाई कर चुका देव पिता की बीमारी की वजह से परेशान रहता था। बताया जाता है कि सुबह करीब चार बजे पिता के लाइसेंसी पिस्टल से कनपटी में गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर घरवाले कमरे की ओर भागे तो देखा कि वह खून से लथपथ होकर जमीन में पड़ा था। घर वालों के शोर मचाने पर पड़ोस में रहने वाले रिश्तेदार आए और देव को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गया, जहां इलाज के क्रम में पता चला कि गोली आरपार हो गई है। चिकित्सक ने तुरंत बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। स्वजन ने बताया कि अभी दुर्गापुर के अस्पताल में इलाजरत है। उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई।

नगर थाना प्रभारी जगन्नाथ धान का कहना है कि घटना की जानकारी मिलने पर जांच करने का प्रयास किया, लेकिन बीमार पिता की हालत ऐसी नहीं है कि वे कुछ बता पाते।

# अपराधियों ने ग्रामीणों पर पिस्टल तान लूटा मवेशी लदा वाहन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा**। जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद होते नजर आ रहे हैं। ताजा मामला धुरकी थाना क्षेत्र का है, जहां पशु तस्करी रोकने पर अपराधियों की टोली ने ग्रामीणों पर पिस्टल तान दी। इस पूरी घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, झारखंड-उत्तर प्रदेश सीमा से सटे धुरकी थाना क्षेत्र के रास्ते सोमवार की देर रात एक पिकअप से पशुओं की तस्करी की जा रही थी। इसी दौरान गांव के सतर्क ग्रामीणों ने वाहन को रोक लिया और मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी।

लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही तस्करों ने कुख्यात खुस्तर अंसारी को फोन कर मौके पर बुला लिया।

मौके पर खुस्तर अंसारी के पहुंचते ही स्थिति तनावपूर्ण हो गई। पशु तस्करी से नाराज ग्रामीणों और अपराधियों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। इसी बीच खुस्तर अंसारी ने अचानक पिस्टल निकालकर ग्रामीणों की ओर तान दी, जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जान का खतरा देख ग्रामीण पीछे हट गए और अपराधी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही गढ़वा पुलिस हरकत में आई। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने पूरे घटनाक्रम की पुष्टि की है। एसपी ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है और अपराधी की पहचान स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि जल्द ही खुस्तर अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

इस घटना ने एक बार फिर जिले की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पशु तस्करी और अपराधियों की गतिविधियां लगातार बढ़ रही है, लेकिन डर के कारण लोग खुलकर विरोध नहीं कर पा रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है तथा फरार अपराधियों की तलाश के लिए छापेमारी की जा रही है।

# शबे बरात शांतिपूर्ण संपन्न

**शिवाजी नगर**। प्रखंड क्षेत्र में शबे बरात का पर्व पूरी अकीदत एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिदों एवं घरों में विशेष नमाज अदा की तथा अल्लाह से अमन-चैन, भाईचारा एवं देश की खुशहाली के लिए दुआ मांगी शबे बरात को लेकर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। हथौड़ी थाना अध्यक्ष मौसम के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर लगातार भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया गया। वहीं शिवाजी नगर थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार के निर्देश पर जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।प्रखंड क्षेत्र के परशुराम, रहटौली, पूरा एवं हबका सहित अन्य गांवों में भी शबे बरात शांतिपूर्वक ढंग से मनाई गई। कहीं से किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की सतर्कता और सहयोग की सराहना की थाना अध्यक्षों ने बताया कि शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए लगातार गश्त करती रही।

# सातवीं के दो छात्रों के बीच हिंसक झड़प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर**। सिदगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित रामकृष्ण मिशन स्कूल में मंगलवार को सातवीं कक्षा के दो छात्रों के बीच हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गया।

झगड़े के दौरान एक छात्र ने दूसरे छात्र पर चापड़ से हमला कर दिया, जिससे स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में एक छात्र घायल हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही स्कूल के शिक्षक और कर्मचारियों ने तत्काल हस्तक्षेप कर दोनों छात्रों को अलग किया और स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद सिदगोड़ा थाना की पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों छात्रों को अपने साथ थाना ले गई, जहां उनसे पूछताछ की गई। हमला करने वाले छात्र ने चापड़ को अपने मोजे में छिपाकर रखा था।

किसी बात को लेकर दोनों छात्रों के बीच विवाद हो गया था। पुलिस ने घटनास्थल से चापड़ बरामद कर लिया है। घायल छात्र को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत स्थिर बताई गई।

इलाज के बाद छात्र को पुनः स्कूल लाया गया। पुलिस ने दोनों छात्रों के अभिभावकों को थाना बुलाया। आपसी बातचीत के बाद और बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए अभिभावकों ने आपसी सहमति से मामले में सुलह कर ली।

हालांकि, स्कूल प्रबंधन ने इस घटना को अनुशासनहीनता का गंभीर मामला मानते हुए दोनों छात्रों को नोटिस जारी किया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि छात्र के पास चापड़ कैसे पहुंचा और विवाद की असली वजह क्या थी।

गौरतलब है कि शहर में हाल के दिनों में चापड़बाजी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इससे पहले कदमा थाना क्षेत्र और बिष्टुपुर स्थित मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में भी छात्रों के आपसी विवाद के दौरान इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं।

चापड़ (या चापड़बाजी) एक छोटा, छिपाने में आसान तेज धार वाला हथियार है, जो अक्सर स्कूलों में छात्रों के बीच झगड़ों में इस्तेमाल होता है। यह चाकू से भी ज्यादा खतरनाक हो सकता है क्योंकि इसे आसानी से छिपाया जा सकता है और एक झटके में गहरी चोट पहुंचा सकता है। शहर में हाल के महीनों में ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं, जो जुवेनाइल हिंसा और स्कूल सेफ्टी की बड़ी समस्या दशार्ती हैं।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. : 263_2025-26 और 264_2025-26, दिनांक** 03.02.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से **वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा** के अधीन निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं. 1, ई-निविदा सं. 263 _2025-26, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में यार्ड सुधार एवं यार्ड के उन्नयन (आजिमगंज, नबद्वीपधाम, त्रिवेणी, कटवा) जैसे सीटीआर(एस)-1.20 किमी, टीएसआर(एस)-0.15 किमी, टीआरआर(एस)-2.104 किमी, टीबीआर-12 किमी, टीएफआर-40 किमी, टीटीआर-9 सेट, लिफ्टिंग, डीप स्क्रीनिंग, टर्न आउट के सुधार, लिफ्टिंग एवं अन्य सहायक कार्यों के संबंध में पी.वे कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,54,94,173.34, **बयाना राशि:** रु. 2,27,500/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं. 264_2025-26, कार्य का विवरण** : एईएन/कटवा और एईएन/नबद्वीपधाम की शाखा के तहत सभी महिला कर्मचारियों की सुविधा के लिए संलग्न शौचालय के साथ महिला ड्रेस चेंजिंग रूम का निर्माण और एईएन/नबद्वीपधाम के तहत एसएसई/डब्ल्यू/नबद्वीपधाम के अधिकार क्षेत्र में नबद्वीपधाम रेलवे कॉलोनी में क्वार्टरों के उन्नयन के साथ-साथ सुधार और नवीनीकरण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,13,61,847.09, **बयाना राशि:** रु. 2,56,800/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 08 (आठ) माह । यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 24.02.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-581/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway

@easternrailwayheadquarter


# मानव तस्करी और शोषण के चंगुल से बचीं सुलमी गांव की तीन युवतियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटकमसांडी**। रोजगार की तलाश में घर से हजारों मील दूर तमिलनाडु गईं झारखंड की तीन बेटियों के लिए वहां का सफर किसी डरावने सपने से कम नहीं था। हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत सुलमी गांव की तीन युवतियों को मानव तस्करी और शोषण के चंगुल से सुरक्षित बचा लिया गया है। इस सफल रेस्क्यू ऑपरेशन में परिजनों की सतर्कता, स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग और 'लापता हेल्प डेस्क' की सक्रियता की अहम भूमिका रही।

जानकारी के अनुसार, ये तीनों युवतियां कुछ समय पूर्व तमिलनाडु के त्रिपुर शहर में एक कपड़ा फैक्ट्री में काम करने गई थीं। कुछ दिनों बाद, उन्हें बेहतर मजदूरी और अच्छी नौकरी का लालच देकर वहां से 100 किलोमीटर दूर सेलम जिले के अत्तुर स्थित एक ईंट भट्ठे पर ले जाया गया।

वहां पहुंचते ही युवतियों की दुनिया बदल गई। जब उन्होंने ईंट भट्ठे के काम से इनकार किया, तो उनके साथ मारपीट की गई।

हद तो तब हो गई जब आरोपियों ने उनके साथ अश्लील हरकतें कीं और उसका वीडियो बना लिया। विरोध करने पर वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी देकर उन्हें चुप रहने पर मजबूर किया गया।

खौफ के बीच युवतियों ने साहस दिखाया और रात के समय ईंट भट्ठे के एक कर्मचारी के मोबाइल से चुपके से अपने परिजनों को फोन कर आपबीती सुनाई। सूचना मिलते ही परिजनों ने सांसद प्रतिनिधि जीवन मेहता और सदर विधानसभा सांसद प्रतिनिधि किशोरी राणा से मदद मांगी।

## तकनीकी टीम और पुलिस का दिखा समन्वय

मामला गंभीर देखते हुए तुरंत गोला थाना प्रभारी अभिषेक कुमार को सूचित किया गया। जिन्होंने रांची स्थित लापता हेल्प डेस्क के मुन्नू शर्मा से संपर्क साधा।

सीआईडी रांची, गोला पुलिस और लापता हेल्प डेस्क ने संयुक्त रूप से काम करते हुए मोबाइल लोकेशन ट्रेस की। सटीक लोकेशन मिलते ही तमिलनाडु के सेलम जिले के पुलिस अधीक्षक को सूचना दी गई।

सेलम पुलिस ने बिना देरी किए बताए गए ईंट भट्ठे पर छापेमारी की और तीनों युवतियों को सुरक्षित मुक्त करा लिया। बेटियों को वापस पाकर सुलमी गांव में खुशी और संतोष का माहौल है।

इस मिशन की सफलता के बाद सांसद प्रतिनिधि जीवन मेहता और किशोरी राणा ने 'लापता हेल्प डेस्क' के मुन्नू शर्मा और पंकज प्रसाद को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। जनप्रतिनिधियों ने जनता से अपील की है कि संकट के समय घबराएं नहीं और तत्काल पुलिस या हेल्पलाइन को सूचित करें।

फिलहाल पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और दोषियों की धरपकड़ के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

# आक्रोशित लोगों ने घेरी जविप्र की दुकान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जादूगोड़ा** । झारखंड के पोटका प्रखंड अंतर्गत ग्वालकाटा पंचायत में जन वितरण प्रणाली वितरण में गड़बड़ी हो रही है। राशन दुकानदार मिकी हांसदा पर पिछले तीन महीनों (नवंबर, दिसंबर और जनवरी) का राशन गबन करने का आरोप लगा है।

ग्रामीणों का दावा है कि डीलर ने ई-पॉश मशीन में उनके फिंगरप्रिंट (अंगूठे का निशान) तो लगवा लिए, लेकिन हफ्तों बीत जाने के बाद भी खाद्यान्न का वितरण नहीं किया।

बुधवार को जब राशन वितरण की निर्धारित तिथि पर फुटकोचा और मोहनाडीह सहित कई गांवों के लाभुक दुकान पहुंचे, तो वहां ताला लटका मिला। आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दुकानदार ने कई बार फोन करने के बावजूद कोई जवाब नहीं दिया। राशन न मिलने से इन सुदूर पहाड़ी गांवों के गरीब परिवारों के सामने खाद्यान्न संकट खड़ा हो गया है।

यह राशन केंद्र ग्वालकाटा पंचायत के दुर्गम इलाकों के लिए जीवनरेखा है। अनाज नहीं मिलने से फुटकोचा, मोहनाडीह, तिरिलघुटु, साशोनघुटू, पांडूवाकोचा, धातडीगोड़ा, साहरघुटु, गोड़ग्राम और बलीयागोड़ा के लाभुक प्रभावित हो रहे हैं।

ग्रामीण राम सोरेन, मिर्जा मारडी और सुलोचना पात्रो ने बताया कि डीलर की लापरवाही के कारण सैकड़ों परिवारों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के पोटका प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन और सचिव भुवनेश्वर सरदार ने मोर्चा संभाल लिया है।

उन्होंने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और कार्यालय के डीलिंग क्लर्क राधे मंडल से फोन पर तीखी शिकायत दर्ज कराई है। नेताओं का कहना है कि ऐसी अनियमितताओं से राज्य सरकार और स्थानीय विधायक की छवि खराब हो रही है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

धनबाद, दिनांक 02/02/2026

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

**क्र.सं. 1. ई-निविदा सं. 304-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** सहा. मं. अभि.(1)/धनबाद के अधीन कॉलोनी एवं पंप हाउस इत्यादि में क्षतिग्रस्त पाइप लाइन एवं वॉल्व का मरम्मत एवं बदलना। **09 (नौ) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 74,49,661.41

**क्र.सं. 2. ई-निविदा सं. 305-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** सहा. मं. अभि.(2)/धनबाद के अधीन धनबाद मंडल के कुसुंडा रेलवे कॉलोनी में पुराने पीएस टैंक एवं सीआई टैंक को बदलना। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 49,69,756.38

**क्र.सं. 3. ई-निविदा सं. 306-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** सहा. मं. अभि.(2)/धनबाद के अधीन धनबाद मंडल के विभिन्न समपार फाटकों पर मानक ऊँचाई गेज में सुरक्षा बोर्ड एवं धनबाद-चंद्रपुरा सेक्शन में सड़क सतहों का प्रावधान। **06 (छः) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 1,18,27,127.33

**क्र.सं. 4. ई-निविदा सं. 307-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** सहा. मं. अभि./1/धनबाद के अधीन 24 महीनों के लिए धनबाद में अधिकारी विश्राम गृह का हाउसकिपिंग। **24 (चौबीस) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 77,38,221.28

**ब्याने की राशि (रू. में)** : ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in. पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय:** ई-निविदा बंद होने की तारीख 25.02.2026 को 12.00 बजे तक। ई-निविदा खुलने की तारीख 25.02.2026 को 12.30 बजे से। **वेबसाइट का विवरण :** http://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी।

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण), धनबाद

पीआर/1736/डीएचएन/ईएनजीजी/टी/25-26/60


# भाजपा खुद की बनायी रणनीति में उलझी

## मामला निकाय चुनाव का

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। झारखंड में नगर निकाय चुनाव के लिए बुधवार को नामांकन का अंतिम दिन था। इस मौके पर धनबाद नगर निगम चुनाव के मेयर के लिए झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह ने नामांकन किया। संजीव सिंह झरिया की भाजपा विधायक रागिनी सिंह के पति हैं। उनके नामांकन से धनबाद में भाजपा का तनाव बढ़ गया है।

भाजपा के पूर्व विधायक संजीव सिंह ने धनबाद समाहरणालय में पहुंचकर मेयर पद के लिए नामांकन दाखिल किया। उनके नामांकन के दौरान समर्थकों की हुजूम उमड़ पड़ी। बुधवार को संजीव सिंह का जन्म दिन भी था।

नामांकन के बाद संजीव सिंह ने कहा कि चुनाव निर्दल हो रहा है। इसलिए इसमें दलीय अनुशासन की कोई बात नहीं है। उन्होंने नामांकन कर जनता से आशीर्वाद मांगा है। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा के लिए हमारा परिवार समर्पित है और आगे भी धनबाद की विकास के लिए पूरी तरह से समर्पित रहेगा।

धनबाद मेयर पद के लिए भाजपा ने संजीव अग्रवाल का समर्थन किया है। अग्रवाल ने भी बुधवार को नामांकन किया। नामांकन कराने झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य साहू भी पहुंचे थे। इस मौके पर सांसद ढुलू महतो, पूर्व सांसद पीएन सिंह, विधायक राज सिन्हा आदि उपस्थित थे।

भाजपा ने संजीव अग्रवाल को प्रत्याशी बनाया है लेकिन पार्टी अपनी बनाई रणनीति में खुद उलझ गई है। मेयर पद के लिए संजीव अग्रवाल के साथ ही पूर्व विधायक संजीव सिंह, पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष मुकेश पांडेय, भाजपा नेता भृगुनाथ भगत, शांतनु चंद्रा ने भी नामांकन कर दिया है। इससे धनबाद में भाजपा का टेंशन बढ़ गया है।

# कुत्ते ने मासूम सहित सात को काटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नोवामुंडी** । झारखंड के नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत बड़ाजामदा क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक चरम पर है। बुधवार को एक ही दिन में आवारा कुत्तों ने एक चार वर्षीय मासूम बच्ची समेत कुल सात लोगों पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है, लेकिन उससे भी अधिक चिंता की बात यह है कि स्थानीय सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में जीवन रक्षक एंटी रेबीज इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुत्तों के हमले में घायल होने वालों में हीराकुद कॉलोनी निवासी विनोद साहू, नंदनी दास, सादा अल्डा और एक चार वर्षीय बच्ची शामिल है। इसके अलावा मुस्लिम बस्ती के मोहम्मद सोनी और गुवा-ऊफर दौड़ा मार्ग से गुजर रहे दो बाइक सवार भी इन खूंखार कुत्तों का शिकार बने। अचानक हो रहे हमलों से राहगीर और स्थानीय निवासी इस कदर डरे हुए हैं कि आवारा कुत्तों को देखते ही लोग रास्ता बदलने या जान बचाकर भागने को मजबूर हैं।

# विरासतों के संरक्षण और पुनरुत्थान के लिए पहल शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर**। ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध वैशाली जिले की अनमोल विरासतों के संरक्षण और पुनरुत्थान के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है।

पंचायती राज विभाग के मेरा गांव-मेरी धरोहर (एमजीएमडी) अभियान को जिलाधिकारी के नेतृत्व में पंचायत स्तर तक प्रभावी ढंग से लागू किया गया है।

इस अभियान का उद्देश्य न केवल ज्ञात स्मारकों को सहेजना है, बल्कि उन छिपी हुई विरासतों को भी पहचान दिलाना है जो अब तक गुमनाम थीं।

इस सर्वेक्षण के तहत अब तक जिले में कुल 671 ऐतिहासिक व सांस्कृति रूप से समृद्ध धरोहर स्थलों की पहचान की जा चुकी है।

पातेपुर प्रखंड में सबसे अधिक 136 धरोहर स्थल चिह्नित किए गए हैं। इन स्थलों का दस्तावेजीकरण कर इन्हें सरकारी रिकार्ड में दर्ज किया जा रहा है।

इस अभियान की खास बात यह है कि इसमें विश्वविख्यात वैशाली स्तूप के साथ-साथ उन स्थानीय स्थलों को भी शामिल किया गया है, जिनका सामाजिक और धार्मिक महत्व तो है, लेकिन वे व्यापक पहचान से वंचित थे।

इनमें बाबा गणिनाथ मंदिर, पलवैया धाम, वैशाली प्रखंड के मझौली गांव स्थित ऐतिहासिक प्राचीन बरगद का वृक्ष और गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा जैसे स्थल प्रमुख हैं।

ये सभी स्थल स्थानीय आस्था और सामाजिक इतिहास से जुड़े होने के बावजूद अब तक व्यापक पहचान से वंचित थे।

जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, पंचायत सचिव एवं स्थानीय समितियों को दायित्व सौंपे गए हैं। पंचायती राज विभाग द्वारा निर्धारित समयबद्ध कार्ययोजना के अनुरूप प्रशिक्षण, सर्वेक्षण, सत्यापन एवं दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया की लगातार निगरानी की जा रही है।

मेरा गांव-मेरी धरोहर अभियान न केवल वैशाली की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित कर रहा है, बल्कि भविष्य में पर्यटन, शोध एवं ग्रामीण विकास के नए अवसर भी सृजित करेगा। यह पहल जिला प्रशासन की दूरदर्शिता, सक्रिय कार्यशैली और जिले की ऐतिहासिक विरासत के प्रति प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दशार्ती है।


**आद्रा मंडल के तहत पार्किंग अनुबंध के लिए ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा आद्रा मंडल से पे एंड यूज अनुबंधों के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। कैटलॉग आईआरईपीएस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर पहले ही प्रकाशित किया जा चुका है। **कैटेगरी:** पे एंड यूज, **नीलामी कैटलॉग सं.:** पेएनयू26, **लॉट सं./कैटेगरी:** पीएनयू-एडीआरए-बीकेएससी-टीओआई-59-26-1 (पे एंड यूज - टॉयलेट्स), **नीलामी शुरू :** दिनांक 18.02.2026 को 12:00 बजे, **नीलामी की अंतिम तिथि/समय:** दिनांक 18.02.2026 को 12:30 बजे। **टिप्पणी:** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। किसी भी पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-1144)

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा

दक्षिण पूर्व रेलवे

मुस्कान के साथ सेवा

# इंफोसिस-टीसीएस समेत कंपनियों के 1.75 लाख करोड़ डूबे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वॉल स्ट्रीट से दलाल स्ट्रीट तक आईटी कंपनियों के शेयरों में भूचाल है। 4 फरवरी, बुधवार की सुबह, भारतीय आईटी कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली। टीसीएस, इंफोसिस और विप्रो जैसी दिग्गज कंपनियों के शेयर 6 प्रतिशत तक गिर गए। यह गिरावट वॉल स्ट्रीट पर टेक शेयरों में हुई गिरावट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बढ़ते कंपटीशन के डर के कारण हुई।

इस गिरावट के पीछे मुख्य वजह ऐन्थ्रोपिक नामक कंपनी द्वारा अपडेट किए गए एआई चैटबॉट को माना जा रहा है। निवेशकों को डर है कि यह एआई टूल आईटी सर्विस कंपनियों के मेन बिजनेस को नुकसान पहुंचा सकता है।

इंफोसिस का शेयर भाव एनएसई पर लगभग 3 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया, जो 6 प्रतिशत गिरा। टीसीएस का शेयर भी इंट्राडे में 6 प्रतिशत गिरा। विप्रो 6.7 प्रतिशत और एचसीएल टेक 6.44 प्रतिशत गिरा। सभी आईटी इंडेक्स में मंदी रही, जिससे निफ्टी आईटी इंडेक्स 5.99 प्रतिशत नीचे आ गया। एशियाई बाजारों में भी यही ट्रेंड देखा गया। सिडनी में क्लाउड-आधारित अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर बनाने वाली कंपनी जीरो का शेयर 15 प्रतिशत तक गिरा, जो मार्च 2020 के बाद से सबसे बड़ी गिरावट थी। हांगकांग में सूचीत किंगसॉफ्ट क्लाउड होल्डिंग्स और जापान की नोमुरा रिसर्च इंस्टीट्यूट भी प्रत्येक कम से कम 6 प्रतिशत गिरी। ऐन्थ्रोपिक के कार्यस्थल उत्पादकता टूल लॉन्च करने के बाद एआई के खतरे और बढ़ने से, इंफोसिस, विप्रो, एचसीएल



टेक और पर्सिस्टेंट सिस्टम जैसी कंपनियों के शेयरों में गिरावट ने 1.75 लाख करोड़ रुपये का मार्केट वॅल्यू कम कर दिया। पर्सिस्टेंट के शेयर सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। निफ्टी आईटी इंडेक्स के स्टॉक्स का कुल मार्केट वैल्यू गिरकर 30 लाख करोड़ रुपये रह गया।

यह डर वॉल स्ट्रीट से फैला, जहां टेक शेयरों से भरे नैस्डैक इंडेक्स में 1.4 प्रतिशत की गिरावट आई और इस सेक्टर का लगभग 300 अरब डॉलर का मार्केट वैल्यू खत्म हो गया। यह तेज गिरावट अमेरिकी एआई स्टार्टअप ऐन्थ्रोपिक के एक नए टूल की घोषणा के बाद आई, जो कॉर्पोरेट कानूनी टीमों के लिए बनाया गया है। इस टूल से कॉन्ट्रैक्ट समीक्षा, कानूनी ब्रीफ तैयार करना जैसे कई काम ऑटोमेट हो सकते हैं।

### निवेशकों की बढ़ती चिंताएं

इस डेवलपमेंट ने सॉफ्टवेयर स्टॉक्स के आसपास पहले से मौजूद मंदी के मूड को और बढ़ा दिया है। निवेशक बढ़ती प्रतिस्पर्धा और एआई अपनाने से होने वाले मार्जिन दबाव को लेकर चिंतित हैं। बाजार के लोगों को डर है कि जैसे-जैसे एआई टूल अधिक सक्षम होते जाएंगे, तकनीकी कंपनियों को मुनाफा बनाए रखने और कीमतों पर नियंत्रण रखने में संघर्ष करना पड़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने अपने भारतीय मॉडल पोर्टफोलियो में आईटी सेक्टर का एक्सपोजर कम कर दिया है। फर्म का कहना है कि अब उसके पोर्टफोलियो में इस सेक्टर का वेटेज 5.6 है, जो एमएससीआई इंडिया के 9.7 वेटेज से काफी कम है। पिछले 16 महीनों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा 34 अरब डॉलर की निकासी के मद्देनजर यह सतर्कता बरती गई है, और आईटी सेक्टर इस दौरान सबसे ज्यादा प्रभावित रहा है। ऐन्थ्रोपिक ने चिंताओं को कम करने की कोशिश करते हुए स्पष्ट किया कि उसका प्लगइन कानूनी सलाह नहीं देता है।

## बिटकॉइन ने गंवाई सारी चुनावी बढ़त, कीमत अब 73,000 के नीचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिटकॉइन की कीमत में लगभग चार महीने से जारी गिरावट जारी है, और यह मंगलवार को न्यूयॉर्क में 7 प्रतिशत गिरकर 72,877 डॉलर पर आ गई। यह वह स्तर है, जो नवंबर 2024 के बाद से सबसे कम है, यानी तब से जब क्रिप्टो-सपोर्टर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव जीता था। ब्लूमबर्ग के मुताबिक इस गिरावट के साथ, चुनाव जीतने के बाद हुई सारी बढ़त अब मिट गई है और कीमत 2025 के सबसे निचले स्तर 74,424.95 डॉलर से भी नीचे चली गई है। फाल्कनएक्स के बोहान



जियांग के अनुसार, बहुत से ट्रेडर्स गिरावट में खरीदारी करके कीमत 80,000 डॉलर से ऊपर जाने की शर्त लगा रहे थे, लेकिन जैसे-जैसे बिटकॉइन की कीमत गिरती गई, उनमें से कई के दांव फेल हो गए और उनकी जबरन बिक्री ने कीमत पर और दबाव डाला। अक्टूबर में ट्रंप के टैरिफ संबंधी बयानों के बाद हुई भारी बिकवाली से बाजार अभी तक उबर नहीं पाया है, जिसमें 19 अरब डॉलर के लीवरेज्ड दांव डूब गए थे। बिटकॉइन की यह गिरावट व्यापक बाजार की उठापटक के बीच आई है। परपेचुअल फ्यूचर्स की फंडिंग रेट नकारात्मक हो गई है, जिसका मतलब है कि बाजार में गिरावट पर दांव लगाने की मांग अधिक है। हांगकांग स्थित क्रिप्टो ऑप्शंस प्लेटफॉर्म सिग्नलप्लस के साझेदार ऑगस्टीन फैन के अनुसार, क्रिप्टो से जुड़े भावना पूरी तरह से पस्त हैं और बाजार मंदी के माहौल में कारोबार कर रहा है।

## पीएफ के ब्याज दर में कटौती की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारियों के लिए बड़ी बचत योजना माने जाने वाले भविष्य निधि पर मिलने वाले ब्याज को लेकर एक अहम अपडेट सामने आया है। कर्मचारियों की भविष्य निधि संगठन वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पीएफ जमा पर ब्याज दर में हल्की कटौती कर सकता है। सूत्रों के मुताबिक, ईपीएफओकी ओर से ब्याज दर को 8 फीसदी से 8.20 फीसदी के दायरे में रखा जा सकता है, जबकि चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए यह दर 8.25 फीसदी तय की गई थी। इस फैसले पर अंतिम मुहर ईपीएफओ की 239वीं सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की बैठक में लग सकती है, जो मार्च के पहले हफ्ते में होने की संभावना है। हालांकि, इस बार ब्याज दर को लेकर फैसला इतना आसान नहीं माना जा रहा है। वजह है आगामी चुनाव। ऐसे में यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि सरकार कर्मचारियों को राहत देने के लिए लगातार तीसरे साल ब्याज दर में कोई बदलाव न करे और इसे 8.25 फीसदी पर ही बरकरार रखा जाए। बीते कुछ वर्षों से ईपीएफओ ने ब्याज दरों में बहुत ज्यादा उतार-चढ़ाव नहीं किया है, ताकि कर्मचारियों की लंबी अवधि की बचत सुरक्षित बनी रहे। चुनावी माहौल में कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए यथास्थिति बनाए रखना एक रणनीतिक फैसला हो सकता है। इसी बैठक में ईपीएफओ एक और बड़े बदलाव पर भी विचार कर सकता है। संगठन अनिवार्य पीएफ कवरेज के लिए वेतन सीमा बढ़ाने की योजना पर काम कर रहा है। फिलहाल, 15,000 मासिक वेतन तक के कर्मचारियों के लिए पीएफ अनिवार्य है, लेकिन इसे बढ़ाने की तैयारी है, जिससे ज्यादा कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल सके। अगर वेतन सीमा बढ़ती है, तो इससे निजी क्षेत्र में काम करने वाले लाखों कर्मचारियों को सीधा फायदा होगा और उनकी रिटायरमेंट सेविंग मजबूत होगी। अब सबकी नजर ईपीएफओ की मार्च बैठक पर टिकी है।

# मां ने घर का पंखा बेचकर किया था पिता का अंतिम संस्कार

### बेटी आज 157 करोड़ की कंपनी की मालकिन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीढ़ियां उन्हें मुबारक, जिन्हें छत तक जाना है। जिनका मंजिल है आसमां, उन्हें रास्ता खुद बनाना है।। ये पंक्तियां आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत के दम पर



अपने भाग्य को स्वयं लिखने का संदेश देती हैं। ऐसा ही कुछ अपना भाग्य लिखा ग्वालियर की रहने वाली सीमा बंसल ने। सीमा बताती हैं, मेरे पिता का देहांत तब हो गया था जब मैं डेढ़ साल की थी। हमारे हालात इतने खराब थे कि मेरी मां के पास मेरे पिता का अंतिम संस्कार करने के लिए भी पैसे नहीं थे। हमारे घर में एक सीलिंग फैन था, जिसे मेरी मां ने 170 रुपये में बेच दिया था और उसी पैसे से उन्होंने मेरे पिता का अंतिम संस्कार किया। आज समय पूरी तरह बदल गया है। सीमा एक पैकेजिंग बिजनेस चलाती हैं। अपनी हिम्मत और लगातार मेहनत से, उन्होंने एक ऐसी कंपनी खड़ी की है जिसके काम आज पूरे भारत और यूएई में फैले हुए हैं। उन्होंने कभी हार नहीं मानी, मुश्किलों का सामना किया। अपनी लगन और पक्के इरादे से उन्होंने एक छोटी सी शुरुआत को आज 157 करोड़ रुपये की कंपनी बना दिया है। उनकी कंपनी का नाम डीसीजी पैक्स है। वह कंपनी की फाउंडर और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं।

**आसान नहीं रहा सफर:** सीमा बंसल जब पहली बार पैकेजिंग का बिजनेस शुरू करने के बारे में सोच रही थीं, तब वे बेरोजगार थीं। उनके पास कोई पैसा नहीं था। उन्होंने अपने घर के एक छोटे से डेस्क से काम शुरू किया और हर काम खुद ही करती थीं। वे गाड़ी चलाती थीं, सामान बेचती थीं, हिसाब-किताब रखती थीं और मैनेजर भी वही थीं। बिजनेस चलाने के लिए जो भी छोटे-मोटे काम थे, सब वे खुद ही करती थीं। उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर कंपनी को बड़ा किया। सीमा बंसल की कंपनी आज भारत की पैकेजिंग इंडस्ट्री में एक बड़ा नाम बन चुकी है। उनकी कंपनी पैकेजिंग के सॉल्यूशंस देती है। वे 50,000 से ज्यादा ग्राहकों को टिकाऊ और टेक्नोलॉजी वाली पैकेजिंग देती हैं, जो आज के बदलते बिजनेस की जरूरतों को पूरा करती है।

**मुश्किल में बीता बचपन:** सीमा बंसल का बचपन मुश्किलों में बीता है। पिता के जाने के बाद उनकी मां ने अकेले ही चार बच्चों को पाला। वे संगीत सिखाकर पैसे कमाती थीं और चारों बच्चों को एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ाती थीं। लेकिन जैसे-जैसे बच्चे बड़े हुए और पढ़ाई का खर्च बढ़ा, मां के लिए सब संभालना मुश्किल हो गया। तब उन्होंने सीमा को एक सरकारी स्कूल में डाल दिया। वहां पढ़ाई का तरीका बिल्कुल बदल गया, सीमा के कोई दोस्त नहीं थे और वे छह महीने तक स्कूल नहीं गईं। जब वे वापस लौटीं, तो उन्होंने अपनी क्लास में टॉप किया।

### भारत-चीन का व्यापार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

# भारत-चीन के संबंधों में सुधार, दोनों देशों के बीच व्यापार पहुंचा 155.6 अरब डॉलर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से अटके व्यापार समझौते पर सहमति बन गई है। इसके अलावा पारस्परिक टैरिफ भी घटकर 18 फीसदी हो गया है। जिसके बाद अमेरिका और भारत के बीच नए व्यापारिक युग की शुरुआत हुई है। इससे पहले 27 जनवरी को भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए गए। इस बीच भारत की दुनिया की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था यानी चीन के साथ भी द्विपक्षीय व्यापार को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है।

दरअसल, नई दिल्ली में मंगलवार (03 फरवरी) को आयोजित चीनी नववर्ष के अवसर पर एक कार्यक्रम में भारत में चीन के राजदूत जू फेइहोंग ने बताया कि दोनों देशों के बीच व्यापार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। 2026 चीनी नव वर्ष समारोह में जू फेइहोंग ने कहा, पिछले अगस्त में राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तियानजिन में एक सफल बैठक की, जिसने चीन-भारत संबंधों को



एक नए सिरे से शुरुआत से सुधार के एक नए स्तर पर पहुंचा दिया है। सभी स्तरों पर आदान-प्रदान अधिक नियमित हो गए हैं। आर्थिक और व्यापारिक सहयोग नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। लोगों के बीच आदान-प्रदान अधिक सक्रिय हो गया है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि द्विपक्षीय संबंधों में निरंतर सुधार हुआ है। 2025 में चीन और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार 155.6 अरब अमेरिकी डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 12 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्शाता है। चीन को भारत के निर्यात में 9.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो दोनों देशों के बीच आर्थिक और व्यापारिक सहयोग की अपार संभावनाओं को प्रदर्शित करता है। चीनी राजदूत ने आगे कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर आत्मनिर्भरता पर चीन का जोर भारत की आत्मनिर्भर भारत रणनीति से मेल खाता है। इसी के साथ राजदूत ने कहा कि व्यापार में यह इजाफा दोनों देशों के संबंधों में सुधार के साफ संकेत हैं। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के महावाणिज्य दूतावास ने स्प्रिंग फेस्टिवल (चीनी नव वर्ष) 2026 का आयोजन किया गया। जिसे लेकर चीनी महावाणिज्यदूत जू वेई ने कहा, मुझे खुशी है कि मेरे स्वागत समारोह में कई भारतीय मित्र आए। एक भारतीय कलाकार ने चीनी मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया, जो बेहद अद्भुत था। उन्होंने भी इसका खूब आनंद लिया।

# विदेशी निवेशकों को रिझाने के लिए सेबी का बड़ा प्लान

### 30 की जगह 5 दिन में होगा यह काम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने भारतीय शेयर मार्केट से दूर हो रहे विदेशी निवेशकों को रिझाने का एक प्लान बनाया है। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कहा है कि बाजार नियामक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के रजिस्ट्रेशन की समयसीमा काफी कम करने की योजना बना रहा है। पांडेय के अनुसार, लक्ष्य है कि यह प्रक्रिया केवल 5 दिनों में पूरी हो, जबकि वर्तमान में इसके लिए 30 दिनों का प्रावधान है। हालांकि, लोगों की धारणा है कि इसमें कई महीने लग जाते हैं।

विदेशी निवेशकों को और आकर्षित करने के लिए, सेबी उन्हें भारतीय बाजारों में प्रवेश करने के तरीके समझाने के लिए वेबिनार आयोजित कर रहा है ताकि उनकी ऑन बोर्डिंग प्रक्रिया आसान और तेज हो। पांडेय ने बताया कि सेबी अधिकारियों द्वारा आयोजित ऐसे वेबिनार में लगभग 2,000 एफपीआई शामिल हुए हैं। नियामक भारतीय पूंजी बाजार को विदेशी निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक बनाना चाहता है, क्योंकि हाई वैल्युएशन और कमजोर कमाई जैसे कारण निवेशकों के रुख को प्रभावित कर रहे हैं। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में एफपीआई ने शेयर बाजार से 1.66 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी, जबकि एक साल पहले उनका 427 करोड़ रुपये का निवेश आया था।





### कैपिटल गेन टैक्स एक चुनौती

हालांकि, एफपीआई को अभी भी भारतीय बाजारों में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जैसे कि उनके निवेश लाभ पर कैपिटल गेन टैक्स। पांडेय ने माना कि अधिकांश अधिकार क्षेत्रों में विदेशियों के लिए कैपिटल गेन टैक्स नहीं है, लेकिन यह मामला सेबी के दायरे में नहीं आता है। भारत में, निवेश पर कर निवेश की अवधि के आधार पर लगाया जाता है। 12 महीने से पहले बुक किए गए लाभ को शॉर्ट टर्म निवेश माना जाता है, जिस पर 20 प्रतिशत टैक्स लगता है, जबकि 12 महीने के बाद बुक किए गए प्रॉफिट पर लॉन्ग टर्म निवेश होते हैं और उन पर 12.5 प्रतिशत टैक्स लगता है।

### प्रक्रिया होगी आसान

पांडेय ने यह भी कहा कि कुछ छोटी जापानी इकाइयों ने न केवल भारत आने, बल्कि वहां लिस्ट होने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि वे भारत में शोध कार्य करना और एक आरएंडडी सुविधा स्थापित करना चाहते हैं जो सूचीबद्ध हो। अनुमति समयसीमा कम करने का यह प्रयास प्रक्रिया के अधिक डिजिटलीकरण से जुड़ा हुआ है, जिसमें डिजिटल हस्ताक्षर का उपयोग भी शामिल है। एक बार प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल हो जाने के बाद, नियामक समयसीमा को अधिक पारदर्शी तरीके से ट्रैक और गणना करने की योजना बना रहा है। विदेशी निवेशकों की ऑन बोर्डिंग को आसान बनाने के लिए सेबी ने हाल ही में कई पहल की हैं। वर्ष 2025 में, इसने स्वागत-एफआई नामक एक डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया, जो एफपीआई के लिए रजिस्ट्रेशन, डॉक्यूमेंटेशन और कंप्लेन के समधान के लिए सिंगल-विंडो इंटरफेस के रूप में कार्य करता है। इस प्लेटफॉर्म के साथ, बाजार नियामक का लक्ष्य एफपीआई, बिचौलियों और नियामक के बीच समन्वय में सुधार करना है, ताकि देरी कम हो और एफपीआई रजिस्ट्रेशन और पोस्ट-रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता और पूर्वानुमेयता आए। वर्ष 2026 में अब तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय इक्विटी से लगभग 35,962 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। हाई वैल्यूएशन और कमाई में लंबे समय तक मंदी ने विदेशी निवेशकों को भारतीय शेयरों से पैसा निकालकर ताइवान और दक्षिण कोरिया जैसे एआई-संचालित बाजारों में लगाने के लिए प्रेरित किया है।

# सोने-चांदी के भाव गिरने का इंतजार करने वालों को झटका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले दिनों भारी गिरावट के दौरान बहुत से लोग इस



मुगालते में रहे कि सोने-चांदी के भाव अभी और गिरेंगे। इस वजह से शादियों वाले घरों में खरीदारी नहीं हो पाई। दाम गिरने का इंतजार करने वालों को आज भी बड़ा झटका लगा है। सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 6629 रुपये महंगा हुआ जबकि, चांदी 12573 रुपये उछली।

आज सोना बिना जीएसटी 158158 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। जबकि, चांदी 276538 रुपये प्रति किलो के हिसाब से खुली। जीएसटी समेत सोना आज 162902 रुपये और चांदी 284834 रुपये पर पहुंच गई है। हीं, प्लैटिनम भी 2548 रुपये उछलकर 72672 रुपये पर पहुंच चुका है। लवार को चांदी बिना जीएसटी 263965 रुपये पर बंद हुई। इसी तरह सोना बिना जीएसटी 151529 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

**अभी ऑल टाइम हाई से कितना सस्ता है सोना-चांदी:** सोना सर्राफा मार्केट के अपने ऑल टाइम हाई 176121 से अभी 17963 रुपये गिर चुका है। जबकि, चांदी 29 जनवरी के अपने ऑल टाइम हाई 385933 रुपये किलो से 109395 रुपये सस्ती हो चुकी है।यह रेट आईबीजेए द्वारा जारी किए गए हैं। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास। अभी यह रेट दोपहर 12 बजे वाला है।

हालांकि, पिछले हफ्ते की भारी उतार-चढ़ाव ने छोटे निवेशकों को दूर रखा होगा, जो खरीदारों का एक बड़ा हिस्सा हैं।

### 18 और 22 कैरेट गोल्ड के रेट

22 कैरेट गोल्ड अब 6072 रुपये महंगा होकर 144873 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। जीएसटी संग यह 149219 रुपये है। इसके साथ ही 18 कैरेट गोल्ड में भी 6603 रुपये की अच्छी खासी तेजी दर्ज की गई है। आज यह 118619 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला है और जीएसटी के साथ इसकी कीमत 122177 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है।

### 14 और 23 कैरेट के रेट्स

14 कैरेट गोल्ड का रेट 3875 रुपये चढ़ा है। आज यह 92522 रुपये पर खुला और जीएसटी समेत यह 95297 रुपये प्रति 10 ग्राम पर मिलेगा। आज 23 कैरेट गोल्ड भी 6603 रुपये उछलकर 157525 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर खुला। कीमत अब 162250 रुपये हो गई है। ब्लूमबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में टीडी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ कमोडिटी रणनीतिकार डैनियल घाली के हवाले से बताया है कि कीमती धातुओं में जबरन बिकवाली का दौर संभवत: खत्म हो चुका है।

### निवेशकों को पहले ही दिन झटका

# 48 प्रतिशत मुनाफे के साथ लिस्ट हुआ एक्रेशन नुट्रावेदा आईपीओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक्रेशन नुट्रावेदा आईपीओ शेयर बाजार में आज यानी 4 फरवरी को कमजोर शुरुआत की। कंपनी के शेयर बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर 191 के भाव पर लिस्ट हुए, जो इसके इश्यू प्राइस 129 से करीब 48 प्रतिशत ज्यादा है। हालांकि, बीएसई पर यह शेयर 155.60 पर लिस्ट हुआ, जो इश्यू प्राइस से लगभग 4 प्रतिशत नीचे रहा। ग्रे मार्केट में जिस तरह की मजबूत लिस्टिंग की उम्मीद जताई जा रही थी, उसके मुकाबले यह शुरुआत थोड़ी फीकी मानी जा रही है।

अगर सब्सक्रिप्शन की बात करें तो यह आईपीओ तीन दिन में कुल 1.83 गुना सब्सक्राइब हुआ था। रिटेल निवेशकों की तरफ से इसे 2.19 गुना सब्सक्रिप्शन मिला, जबकि एनआईआई कैटेगरी में 2.08 गुना और क्यूआईबी सेगमेंट में 1.01 गुना बोली लगी। कंपनी को कुल 12.80 लाख शेयरों के मुकाबले 23.44 लाख शेयरों के लिए आवेदन मिले। यह आईपीओ 28 से 30 जनवरी के बीच खुला था और 2 फरवरी को इसका अलॉटमेंट फाइनल हुआ।

एक्रेशन नुट्रावेदा, जिसकी स्थापना 2021 में हुई थी, आयुर्वेदिक और न्यूट्रास्युटिकल प्रोडक्ट्स बनाती है। कंपनी टैबलेट, कैप्सूल, सिरप, पाउडर, ऑयल, क्रीम और जेल जैसे कई फॉर्मेट में प्रोडक्ट





तैयार करती है। यह कंपनी कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग मॉडल पर काम करती है और भारत के साथ-साथ श्रीलंका, सिंगापुर और अमेरिका जैसे देशों में भी कारोबार करती है। आईपीओ से जुटाए गए 24.77 करोड़ का इस्तेमाल कंपनी मैन्युफैक्चरिंग कैपेसिटी बढ़ाने, नई यूनिट लगाने, मशीनरी खरीदने और वर्किंग कैपिटल जरूरतों को पूरा करने में करेगी।



# क्या एटली और शाहरुख खान फिर से करेंगे साथ में काम? जवान 2 को लेकर सामने आई अपडेट



शाहरुख खान आज लोगों के दिलों पर राज कर रहे हैं और दुनिया भर में उनके लाखों फैन हैं। हाल ही में, शाहरुख ने 33 साल में अपना पहला राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है। एटली की फिल्म जवान के बाद से फैंस इसके सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फैंस चाहते हैं कि दोनों फिर साथ काम करें। अब एटली ने जवान 2 को लेकर नई अपडेट शेयर की है।

### क्या बनेंगी जवान 2

एटली ने बताया कि जवान 2 जल्दी नहीं बनेगी, बल्कि कुछ साल बाद हो सकती है। लेकिन वे और शाहरुख किसी दूसरे प्रोजेक्ट पर जरूर काम करेंगे। एटली ने शाहरुख को अपना पसंदीदा पिकलबॉल पार्टनर बताया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं और शाहरुख सर किसी प्रोजेक्ट पर जरूर काम करेंगे। लेकिन जवान 2 शायद कुछ साल बाद बनेगी। अभी तुरंत नहीं। जब मौका मिलेगा, तो हम इस पर सोचेंगे।

### डॉन 3 के बारे में

एटली ने डॉन 3 निर्देशित करने की अफवाहों को झुठला दिया है। पहले खबर आई थी कि रणवीर सिंह के जाने के बाद शाहरुख फिर डॉन बनेंगे, लेकिन एटली ही निर्देशक होंगे। लेकिन एटली ने कहा, यह सिर्फ अफवाह है। मैंने भी पढ़ा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है।

### फिल्म जवान के बारे में

शाहरुख ने इसमें दोहरी भूमिका निभाई थी- एक सैनिक पिता और उसके पुलिस अधिकारी बेटे की। उनके डायलॉग और एक्शन की बहुत तारीफ हुई। फिल्म ब्लॉकबस्टर रही। फिल्म जवान 2023 में रिलीज हुई थी। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में विजय सेतुपति और नयनतारा ने भी अभिनय किया है।



# तेलुगु सिनेमा में डेब्यू के लिए तैयार राशा थडानी

**बॉलीवुड में फिल्म आजाद से डेब्यू कर चुकी अभिनेत्री राशा थडानी अब तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। वह फिल्म श्रीनिवास मंगापुरम में नजर आने वाली हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म का मोशन पोस्टर सामने आ चुका है। सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर करते हुए राशा थडानी ने खुशी जाहिर की है। इसके साथ उन्होंने एक पोस्ट लिखी है। आइए जानते हैं इसमें क्या है?**

### राशा की फिल्म का मोशन पोस्टर

इंस्टाग्राम पर राशा थडानी ने जो पोस्टर शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने हल्की बैंगनी रंग की ड्रेस पहनी है। उन्होंने अपने बाल खोले हैं। इसके बैकग्राउंड में गुड़हल के फूल लगे हैं। मोशन पोस्टर शेयर करते हुए राशा थडानी ने लिखा है श्रीनिवास मंगापुरम की मंगा से मिलिए। आभार और उम्मीद से भरे दिल के साथ, मैं तेलुगु सिनेमा में अपना पहला कदम रख रही हूं। यह एक ऐसी दुनिया है, जहां जमीन से जुड़ी कहानियां होती हैं। इस सफर ने मुझे अपने ऊपर यकीन करना और सब्र करना सिखाया है। उन लोगों का शुक्रिया जिन्होंने मुझ पर शुरुआत में भरोसा किया।

### कौन है फिल्म का निर्देशक?

फिल्म श्रीनिवास मंगापुरम के निर्देशक अजय भूपति हैं। राशा थडानी इस फिल्म में मंगा का किरदार निभाएंगी। यह फिल्म कब रिलीज होगी इसके बारे में जानकारी नहीं है। अजय भूपति ने पहले आरएक्स 100, महा समुद्रम और मंगलावरम जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है।

### राशा थडानी का करियर

आपको बता दें कि राशा थडानी ने फिल्म आजाद से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसमें अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन ने भी अभिनय किया था। फिल्म का निर्देशन अभिषेक कपूर ने किया था। 17 जनवरी 2025 को रिलीज हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा नहीं कर पाई थी। राशा जल्द ही फिल्म लइकी लइका में नजर आने वाली हैं। इसके अलावा वह तेलुगु सिनेमा में डेब्यू के लिए तैयार हैं।

# 'सैयारा' फेम अहान पांडे ने एक्टिंग की दुनिया में इस वजह से रखा कदम



पिछले साल अहान पांडे ने फिल्म 'सैयारा' से बॉलीवुड में कदम रखा था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही है। अहान को भी खूब फेम मिला। लेकिन एक्टर बनने से पहले अहान ने एक नहीं कई करियर अपने लिए चुने। आखिर में उन्होंने एक खास वजह से एक्टर बनने का फैसला किया।

### डीजे से लेकर वीडियो गेम डिजाइन तक का किया काम

हाल ही की गई बातचीत में अहान पांडे ने बताया कि उन्होंने एक्टर बनने से पहले कई करियर चुने थे। वह कहते हैं, 'सोलह साल की उम्र में, मैंने डीजे का प्रोफेशनल ट्राई किया। फिर म्यूजिक प्रोडक्शन में हाथ आजमाया। मेरा एक ग्रुप था जिसका नाम 'बेस ट्रैप' था। इसमें हमने कुछ ट्रैक रिलीज किए। फिर मैं वीडियो गेम डिजाइन में आया।'

### फिल्मी दुनिया में इस तरह रखा कदम

अहान पांडे आगे कहते हैं, 'आखिर में मैंने फिल्म सेट पर असिस्ट करना शुरू किया क्योंकि कहानी कहने का पैशन मेरे अंदर कहीं छुपा था। मैंने फिल्म सेट पर सब कुछ चुपचाप देखा। उसके बाद मैंने अपना पहला फिल्म ऑडिशन भी दिया। तब मुझे पता चला कि सही लोगों के सामने परफॉर्म करना कैसा लगता है? यहीं से मैंने तय किया कि मैं इसी एक चीज पर टिका रहूंगा। मजे की बात यह है कि इतनी सारी चीजें करने की चाहत ने मुझे सिखाया कि एक्टिंग क्यों परफेक्ट है। मुझे उन सभी चीजों को करने का मौका एक्टिंग में ही मिल जाता है।'

# इंडस्ट्री में कोई किसी का बेस्ट फ्रेंड नहीं



टेलीविजन की मशहूर शुभांगी अत्रे इन दिनों आगामी फिल्म भाबीजी घर पर हैं को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच अभिनेत्री ने इंडस्ट्री में फ्रेंडशिप को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। शुभांगी अत्रे ने कहा कि इस इंडस्ट्री में कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है। अभिनेत्री ने हाल ही में बालाजी टेलीफिल्म्स के पॉपुलर पॉडकास्ट ऑनेस्टली, व्हाई नॉट? में स्पेशल गेस्ट के तौर पर शिरकत की थी। इस शो में होस्ट ने अभिनेत्री से मनोरंजन जगत में दोस्ती को लेकर सवाल किए। होस्ट ने पूछा था कि क्या आपने कभी इंटरव्यू में अपने को-स्टार्स के साथ सबसे अच्छे दोस्त होने को लेकर झूठ बोला है? इस सवाल का जवाब देते हुए अभिनेत्री ने कहा, देखिए, यहां पर कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है, क्योंकि यहां पर लोगों में कॉम्पीटिशन और एक दूसरे को लेकर इंसीक्योरिटी बहुत ज्यादा है। जब एक शो चलता है, तब आप बहुत अच्छे दोस्त होते हैं, लेकिन जैसे ही आप उस शो से निकलते हैं, वो रिश्ते पीछे छूट जाते हैं। फिर आप अपनी जिंदगी की एक नई यात्रा शुरू करते हैं। मुझे लगता है कि एक एक्टर होने की सबसे अच्छी बात ये है कि आप खुद को लगातार खोजते और समझते रहते हैं। उन्होंने आगे कहा, इसलिए यहां बेस्ट फ्रेंड जैसा कोई कॉन्सेप्ट नहीं है। हां, इतना जरूर है कि जब तक हम साथ काम करते हैं, तब हम एक परिवार की तरह रहते हैं।

इसके बाद होस्ट ने पूछा, आपके साथ सेट पर कभी ऐसा हुआ है कि सीन करने के बाद आपकी किसी के साथ नोकझोंक या लड़ाई हो गई और फिर से उन्हीं के साथ सीन करना पड़ रहा है और आपको ऐसा लग रहा है कि मुझे करना ही नहीं है? इस सवाल का जवाब शुभांगी अत्रे ने हंसते हुए दिया। उन्होंने कहा कि वे अपने काम को काफी पसंद करती हैं और जब किरदार में रहती हैं तो वे सब भूल जाती हैं।



## हम अच्छी फिल्में नहीं बना रहे

# शाहिद कपूर ने बॉलीवुड के मौजूदा हालात पर दी प्रतिक्रिया

पिछले कुछ साल में इस बात पर बहस तेज हो गई है कि डूम स्क्रॉलिंग ने ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को कैसे प्रभावित किया है। कई लोगों का मानना है कि अब लोगों में लंबे समय तक चलने वाले मनोरंजन के लिए धैर्य नहीं बचा है। कुछ लोग तो इसे बॉलीवुड के पतन का एक कारण भी बताते हैं, क्योंकि दर्शक फिल्में देखने में कम रुचि दिखा रहे हैं। अब अपनी आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' के प्रमोशन में जुटे अभिनेता शाहिद कपूर ने इस मुद्दे पर बात की। साथ ही उन्होंने कहा कि सिर्फ कम ध्यान केंद्रित करने की क्षमता ही इंडस्ट्री के मौजूदा हालातों के लिए जिम्मेदार नहीं है। एक्टर ने बॉलीवुड में अच्छी फिल्मों की कमी पर भी बात की।

### मेकर्स भी अपने काम पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पा रहे

बातचीत में शाहिद कपूर ने कम ध्यान केंद्रित करने के मुद्दे पर कहा देखिए, मोमबत्ती दोनों तरफ से जल रही है। दर्शक अपना धैर्य खो रहे हैं। उनका ध्यान केंद्रित नहीं हो पा रहा है। उन्हें उत्तेजना चाहिए, उन्हें ब्रेक चाहिए, क्योंकि इससे डोपामाइन का स्तर बढ़ता है। मेकर्स भी अपने साथ ऐसा ही कर रहे हैं, इसलिए जब वे ध्यान केंद्रित करके काम करने की कोशिश करते हैं, तो उनकी रचनात्मक क्षमता प्रभावित होती है। ऐसा नहीं है कि दर्शक फिल्में देखना नहीं चाहते; लेकिन हम उतनी अच्छी फिल्में नहीं बना पा रहे हैं जितनी बनानी चाहिए। इसलिए यह एक दोतरफा प्रक्रिया है।

### मेन्यूफैक्टेट मार्केटिंग पर जताई नाराजगी

शाहिद ने मेन्यूफैक्टेट मार्केटिंग पर भी अपनी राय रखते हुए कहा कि लोग समझते नहीं हैं, लेकिन यह जीवन का एक चमत्कार है। जब लोगों से भरा एक कमरा ताली बजाता है, सीटी बजाता है और आपको पहचानता है, आपको अपने से ऊपर दर्जा देता है, तो यह बहुत खूबसूरत होता है। इसीलिए कला खास है। लेकिन जब वह पवित्रता भंग होने लगती है और उसमें बनावटीपन आ जाता है, तो उसका महत्व खत्म हो जाता है। मार्केटिंग तो हर किसी को करनी पड़ती है। लेकिन मार्केटिंग कब सही और गलत की सीमा पार कर जाती है? हद से ज्यादा क्या होता है? यह वास्तव में आपकी अपनी नैतिक समझ पर निर्भर करता है। अगर आप उस समझ के साथ काम करना चुनते हैं, तो बात अलग है। लेकिन अगर आप सिर्फ बिजनेस और आंकड़ों के लिए काम कर रहे हैं, तो वह सिर्फ बिजनेस और आंकड़े ही हैं और वही आपका जीवन का अनुभव है। अगर आप कुछ प्रामाणिक, मानवीय, सहज खोज रहे हैं, तो उसे होने दें। उसे कंट्रोल करने की कोशिश न करें।

### 13 फरवरी को रिलीज होगी 'ओ रोमियो'

शाहिद कपूर जल्द ही विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित 'ओ रोमियो' में नजर आएंगे। मुंबई के गैंगस्टर हुसैन उस्तरा पर आधारित इस फिल्म में शाहिद कपूर के साथ तृप्ति डिमरी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# पहले जिस टैग से भागती थी अब वो खुशी देता है



भूमि पेडनेकर की वेब सिरीज 'दलदल' सिर्फ एक क्राइम-थ्रिलर कहानी नहीं है, बल्कि इसमें बचपन हुए ट्रॉमा पर भी बात की गई है। बातचीत में भूमि ने फिल्म में दिखाए गए वॉयलेंस और उसे दिखाने के उद्देश्य पर चर्चा की। इसके अलावा एक्ट्रेस ने अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में भी काफी कुछ साझा किया।

**पिछले साल बॉक्स ऑफिस पर मेल एक्शन और वॉयलेंस ट्रेंड में रहा। ऐसे माहौल में आपकी सीरीज का वॉयलेंस कहां खड़ा होता है?**

सीरीज में वॉयलेंस है, लेकिन मैं इसे महिला बनाम पुरुष के नजरिए से नहीं देखती। मेरे लिए वॉयलेंस का कोई जेंडर नहीं होता। असली बात यह है कि कहानी में वॉयलेंस दिखाया क्यों जा रहा है ? यहां वॉयलेंस सिर्फ दिखावे के लिए नहीं बल्कि किरदारों की मनोवैज्ञानिक हालत और उनके भीतर के ट्रॉमा को समझाने के लिए है। जब किसी के अंदर इतनी घुटन हो तो प्रतिक्रिया भी तीखी ही होगी। ऐसे में दलदल का वॉयलेंस मुझे जरूरत के मुताबिक लगता है न कि बनावटी।

**क्या पर्सनल लाइफ में कभी कोई दर्दनाक अनुभव हुआ?**

जी हां। हम सबकी जिंदगी में कुछ न कुछ ऐसा जरूर होता है जो भीतर एक तरह का ट्रॉमा छोड़ जाता है। यह हमेशा बहुत बड़ा नहीं होता। कभी बचपन में कोई बुरा अनुभव हो जाए, कोई बैड टच हो, या स्कूल में किसी ने बुली कर दिया हो। उस समय हम आगे बढ़ जाते हैं, लेकिन हमारी बॉडी उस अनुभव को याद रखती है। वह याद हमारे शरीर में कहीं न कहीं दर्ज हो जाती है। औरत होने के नाते अगर कभी आपको खतरा महसूस हुआ हो, कोई आपको दूर से घूरता रहा हो, या किसी की मौजूदगी ने आपको असहज कर दिया हो, तो वह भी ट्रॉमा ही है।

**कठिन अनुभवों से बाहर आने में आपकी सबसे बड़ी ताकत कौन रहा?**

कठिन अनुभवों से बाहर आने में मेरे परिवार ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। मैं खुद को बहुत लकी मानती हूं कि मेरे पास ऐसा परिवार है। स्कूल के दिनों में भी मेरे साथ कुछ बातें हुईं, लेकिन मैं हमेशा अपने माता पिता के पास जा सकती थी। वे मजबूती से मेरे साथ खड़े रहे। मुझे पता था कि वे बिना जज किए मुझे समझेंगे और संभालेंगे।

**आपको अक्सर सामाजिक मुद्दों वाली फिल्मों से जोड़ा जाता है। क्या यह टैग आपको सीमित करता है?**

हां, मेरी फिल्मों में अक्सर सामाजिक मुद्दे दिखाई देते रहे हैं और कुछ समय तक मुझे इस बात का डर भी था कि कहीं मुझे सिर्फ सामाजिक विषयों वाली फिल्मों का टैग न मिल जाए। पहले यह सवाल मुझे थोड़ा परेशान कर देता था क्योंकि लगता था कि शायद लोग मुझे एक ही तरह की फिल्मों में देखने लगेंगे। लेकिन आज मैं इस बात पर गर्व महसूस करती हूं। पहले मैं इस टैग से भागती थी पर अब मुझे एहसास है कि यह एक तरह की जिम्मेदारी भी है और मुझे वह जिम्मेदारी निभाने में खुशी होती हैमैं ऐसे ही काम करना चाहती हूं। मुझे कंटेंट आधारित और सामाजिक रूप से जागरूक फिल्में करना पसंद है ऐसी कहानियां जिनमें कोई सार्थक बात हो... जो किसी की सोच को बदल सकें या कम से कम प्रभावित कर सकें। अगर मेरा काम किसी की सोच को थोड़ा भी आगे बढ़ा सके तो मेरे लिए यही सबसे बड़ा पुरस्कार है।

**किस तरह के किरदार और निभाने की इच्छा है?**


मैं एक पीरियड फिल्म करना चाहूंगी। मैंने अब तक कोई पीरियड फिल्म नहीं की और मैं हमेशा से इस जोनर के प्रति बेहद आकर्षित रही हूं। हमारे इतिहास में कई महान औरतें, नेता और नायिकाएं रही हैं जिनके बारे में जानकर लगता है कि उन किरदारों को निभाना कितना प्रेरणादायक होगा। स्वतंत्र भारत या उससे पहले के दौर की किसी मजबूत महिला पर आधारित कहानी में काम करना मुझे बहुत पसंद आएगा।

### इंडस्ट्री में महिलाओं के लिए कौन सा बदलाव देखना चाहेंगी?

मैं हमेशा पे गैप के बारे में बात करती हूं क्योंकि मुझे लगता है कि हमारी इंडस्ट्री में महिलाओं के लिए पे गैप अब भी बहुत ज्यादा है। खासकर पोस्ट पैंडेमिक इसका असर और भी बढ़ गया है और उसका पूरा बोझ औरतों को ही झेलना पड़ा है ।मैं सच में उम्मीद करती हूं कि इसमें कुछ बराबरी आए। साथ ही मुझे लगता है कि महिलाओं के नेतृत्व वाली कहानियों को थिएटर में जितना स्पेस और अवसर मिलना चाहिए उतना अब नहीं मिल रहा। यह धीरे-धीरे कम होता जा रहा है ।यह बदलाव सिर्फ इंडस्ट्री अपने आप नहीं ला सकती इसमें ऑडियंस की भी बड़ी भूमिका है। अगर ऑडियंस ऐसे कंटेंट को सपोर्ट करे तो महिलाओं के नेतृत्व वाली कहानियों को फिर से वह जगह मिल सकती है जिसकी वे हकदार हैं।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-जिन्हें बैट पकड़ना नहीं आता, वे क्रिकेट संघों में

● खेल की पहचान सिर्फ खिलाड़ियों से, महाराष्ट्र एसोसिएशन चुनाव पर रोक हटाने से इनकार



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने क्रिकेट और अन्य खेल संघों के संचालन पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि खेल संस्थाओं का नेतृत्व ऐसे लोगों के हाथ में होना चाहिए, जो खेल को समझते हों। क्रिकेट संघों में रिटायर्ड क्रिकेटरों को जगह मिलनी चाहिए, न कि ऐसे लोगों को जो बैट तक पकड़ना नहीं जानते। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की नेतृत्व वाली बेंच ने बॉम्बे हाईकोर्ट के उस आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया, जिसमें महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के चुनाव पर रोक लगाई गई थी। ये चुनाव 6 जनवरी को होने थे, लेकिन उनमें भाई-भतीजावाद और पक्षपात के आरोप लगे थे।

**सीजेआई ने एमसीए में अचानक से सदस्य बढ़नें पर सवाल उठाया-** सुनवाई के दौरान सीजेआई ने एमसीए की सदस्यता में अचानक हुई बढ़ोतरी पर सवाल उठाया। कोर्ट ने रिकॉर्ड का हवाला देते हुए कहा कि 1986 से 2023 तक एसोसिएशन में 164 सदस्य थे, लेकिन इसके बाद अचानक बड़ी संख्या में नए सदस्य जोड़ दिए गए।

सीजेआई ने पूछा कि इतने सालों में सीमित सदस्य और फिर अचानक 'बंपर ड्रॉ' कैसे हो गया। उन्होंने कहा- अगर सदस्य संख्या 300 तक बढ़ानी थी तो उसमें नामी और रिटायर्ड अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को शामिल किया जाना चाहिए था।

एमसीए और अन्य याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि रिटायर्ड जज की अध्यक्षता वाली समिति ने प्रक्रिया देखी थी और कुछ आवेदनों को खारिज भी किया गया। साथ ही आरोप लगाया गया कि चैरिटी कमिश्नर ने बिना कैबिनेट से सलाह लिए प्रशासक नियुक्त कर दिया।

**केदार जाधव ने वोटर लिस्ट में हेरफेर का आरोप लगाया था-** मामला तब शुरू हुआ जब पूर्व भारतीय क्रिकेटर और भाजपा नेता केदार जाधव ने बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख किया। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब 401 नए सदस्यों को जोड़कर वोटर लिस्ट में हेरफेर की गई। याचिका में कहा गया कि इनमें से कई लोग एनसीपी-सपा विधायक रोहित पवार के रिश्तेदार या कारोबारी सहयोगी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को अपनी याचिकाएं वापस लेने की अनुमति दी और सभी आपत्तियां बॉम्बे हाईकोर्ट के सामने रखने को कहा।

## 13 फरवरी से शुरू होगा 'दिल्ली खेल महाकुंभ', 16 स्टेडियम समेत कई वेन्यू पर मैच




**नई दिल्ली(एजेंसी)।** खेल संस्कृति को बढ़ाने की दिशा में दिल्ली सरकार 'दिल्ली खेल महाकुंभ ' प्रतियोगिता करवाएगी। खेल और शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने इसका ऐलान किया। उन्होंने बताया कि इसका उद्घाटन 13 फरवरी को मुख्यमंत्री रेख गुप्ता करेंगी। प्रारंभिक चरण में इसमें कबड्डी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, रेसलिंग, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और स्क्वैश- इन सात खेलों को शामिल किया गया है।

इनमें 20 हजार से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। यह महाकुंभ एक महीने तक दिल्ली के 16 विभिन्न स्टेडियम और अलग-अलग वेन्यू जैसे बवाना, विकासपुरी, नजफगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों में रखा जाएगा ताकि हर क्षेत्र के युवाओं को समान अवसर मिल सके। इस अवसर पर सूद ने 'रणवीर'नाम से 'दिल्ली खेल महाकुंभ' के मैस्कॉट का भी अनावरण किया। उन्होंने कहा कि रणवीर दिल्ली के युवाओं की ऊर्जा, साहस और खेल भावना का प्रतीक है।जीतने वाली टीमों और व्यक्तिगत स्पर्धाओं में जीतने वाले खिलाड़ियों को क्या इनाम मिलेगा?

## विमेंस प्रीमियर लीग के फाइनल में आज आरसीबी और दिल्ली कैपिटल्स की खिताबी जंग




**वडोदरा (एजेंसी)।** विमेंस प्रीमियर लीग 2026 का खिताब मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। लीग के पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रहकर आरसीबी ने सीधे फाइनल में एंट्री मारी थी। वहीं दूसरे और तीसरे नंबर पर रही गुजरात जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच एलिमिनेटर खेला गया। इसमें जेमिमा रोड्रिग्स की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स ने 7 विकेट से जीत हासिल करके फाइनल का टिकट कटाया। दिल्ली की टीम चौथी बार फाइनल में पहुंची है तो आरसीबी का दूसरा खिताबी मुकाबला होगा। स्मृति मंधाना आरसीबी की कप्तान हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के बीच विमेंस प्रीमियर लीग 2026 का खिताबी मुकाबला 5 फरवरी को खेला जाएगा। यह मैच वडोदरा के बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम पर होना है। मैच की शुरुआत भारतीय समय अनुसार शाम 7 बजकर 30 मिनट पर होगी। इसके लिए टॉस 7 बजे होगा। दिल्ली अभी तक एक बार भी लीग को नहीं जीत पाई है। आरसीबी ने दिल्ली को ही हराकर 2024 सीजन अपने नाम किया था।

### आरसीबी को हरा चुकी दिल्ली

इस सीजन आरसीबी ने दमदार खेल दिखाया है। लीग राउंड में टीम ने लगातार 5 मैच जीतकर प्लेऑफ में एंट्री मारी थी। दिल्ली कैपिटल्स ही वह टीम थी जिसने आरसीबी को विजयी रथ को रोका था। सीजन के 15वें मैच में दिल्ली ने आरसीबी को 7 विकेट से मात दी थी। वह मुकाबला भी वडोदरा में ही खेला गया था। दोनों टीमों के बीच अभी तक 9 मुकाबले हुए हैं। इसमें दिल्ली ने 6 जीते हैं जबकि आरसीबी के खाते में तीन मैच आए हैं।

### इस प्रकार हैं दोनों टीमें

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु–** ग्रेस हैरिस, स्मृति मंधाना (कप्तान), जॉर्जिया वोल, गौतमी नाइक, ऋचा घोष (विकेटकीपर), नादिन डी क्लर्क, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, प्रेमा रावत, सयाली सतघरे, लॉरेन बेल, प्रथ्योषा कुमार, अरुंधति रेड्डी, दयालन हेमलता, पूजा वस्त्राकर, लिन्से स्मिथ।

**दिल्ली कैपिटल्स–** शैफाली वर्मा, लिजेल ली (विकेटकीपर), लौरा वोल्वार्ड्ट, जेमिमाह रोड्रिग्स (कप्तान), मारिज़ैन कप्प, निकी प्रसाद, स्नेह राणा, लुसी हैमिल्टन, श्री चरणी, नंदनी शर्मा, मिन्नू मणि, तानिया भाटिया, अलाना किंग, चिनेले हेनरी, प्रगति सिंह, एडडला स्रूजाना।

## हितेश और प्रीति की अगुवाई में भारतीय मुक्केबाजों की शानदार शुरुआत

**लानुसिया (स्पेन) (एजेंसी)।** हितेश गुलिया और प्रीति के दमदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय मुक्केबाजों ने बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 मुक्केबाजी टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 21 देशों के 214 मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं और भारत के खिलाड़ियों ने पहले ही दिन मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।



**हितेश और प्रीति की एकतरफा जीत–** पुरुषों के एलीट 70 किग्रा वर्ग में हितेश गुलिया ने शानदार तकनीक और आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए नीदरलैंड के फिन बोस को 5–0 से हराया। वहीं महिलाओं के एलीट 54 किग्रा वर्ग में प्रीति ने कजाकिस्तान की अलियास्कर सिम्बैट को 5–0 से मात देकर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई।

**महिला वर्ग में भारत का दबदबा–** भारत की अन्य महिला मुक्केबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन जारी रखा। प्राची (57 किग्रा) और प्रिया (60 किग्रा) ने क्रमश: स्पेन की वनेसा मोरेल रामिरेज़ और कनाडा की एलेशिया मानसुएटो को 5–0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। काजल (65 किग्रा) ने भी कजाकिस्तान की असीम तनातार को 4–1 से हराकर प्रभावशाली जीत दर्ज की।

## भारत में नहीं दिखेंगे पीएसएल के मैच

### पाक ने टी20 वर्ल्ड कप विवाद के बीच रोके मीडिया राइट्स

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में टीम इंडिया के खिलाफ मैच बॉयकॉट करने के बाद एक और भारत विरोधी कदम उठाया है। पीसीबी ने पाकिस्तान सुपर लीग 2026 ( पीएसएल 2026) के 11वें सीजन के मैचों का भारत में प्रसारण करने पर रोक लगा दी है। पीसीबी ने पीसएल11 के मैचों के इंटरनेशनल ब्रॉडकास्ट राइट्स बेचते हुए यह कदम उठाया है। हालांकि इससे उल्टा




पाकिस्तान को ही नुकसान होने की संभावना मानी जा रही है, क्योंकि क्रिकेट मैचों में विज्ञापन देने वाली अधिकतर कंपनियां भारतीय हैं और भारत में करीब 140 करोड़ की आबादी में से 80 फीसदी क्रिकेट मैचों का बड़ा दर्शक वर्ग है।

**पाकिस्तानी कंपनी ने ही खरीदे हैं अधिकार–** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पीएसएल 11 के ग्लोबल मीडिया राइट्स के लिए बोली मांगी थी, जिसमें वली टेक्नोलॉजीज सबसे बड़ी बोलीदाता के तौर पर सामने आई है। पीसीबी ने भारत में प्रसारण के अधिकार छोड़कर बाकी सभी जगह के राइट्स वली टेक्नोलॉजीज को एक साल के लिए दिए हैं। वली टेक्नोलॉजीज खुद को ' मेड इन पाकिस्तान ' टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने वाली कंपनी होने का दावा करती है।

### पिछली बार से 149 प्रतिशत ज्यादा महंगी कीमत का दावा

पीएसएल के सीईओ सलमान नासिर ने कहा, वली टेक्नोलॉजीज ने पिछले साल के मुकाबले 149 प्रतिशत ज्यादा कीमत पर ग्लोबल मीडिया राइट्स खरीदे हैं, जो पीएसएल की बढ़ती ब्रांड वैल्यू और इंटरनेशनल डिमांड को दिखा रहे हैं। हम नया बेंचमार्क तय करने के लिए वली टेक्नोलॉजीज के आभारी हैं।

## क्रिकेट के 73 नियम बदले 1 अक्टूबर से लागू होंगे

● टेस्ट में दिन के आखिरी ओवर में विकेट गिरा तो नया बैटर आएगा, लेमिनेटेड बैट को मंजूरी



**मेलबर्न (एजेंसी)।** क्रिकेट के 73 नियम बदल दिए हैं। इनमें टेस्ट मैच में दिन के आखिरी ओवर में विकेट गिरने पर पूरा ओवर खेलना अनिवार्य कर दिया गया है। डेड बॉल, ओवरथ्रो, बाउंड्री पर लिए जाने वाले कैच, विकेटकीपर की पोजीशन जैसे कई नियम बदले गए हैं। लेमिनेटेड बैट को सशर्त मंजूरी दी गई है। नए नियम 1 अक्टूबर 2026 से लागू होंगे। 2022 के बाद नियमों में यह सबसे बड़ा अपडेट है।

### बदले गए मुख्य नियम

1. **टेस्ट मैच में दिन का आखिरी ओवर का नियम बदला-** क्रिकेट नियम बनाने वाले मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि टेस्ट मैचों में दिन का आखिरी ओवर अब हर हाल में पूरा कराया जाएगा। ऐसा न होने से खेल का रोमांच कम हो जाता है। एमसीसी ने कहा, 'यह अनुचित माना गया कि अगर दिन के अंतिम ओवर में गेंदबाजी कर रही टीम विकेट लेती है, तो बल्लेबाजी टीम को नया बल्लेबाज भेजने की जरूरत नहीं पड़ती।' वहीं यह भी बयान में कहा गया कि, इससे समय की बचत भी नहीं होती, क्योंकि बची हुई गेंदें अगले दिन पूरी करनी ही पड़ती हैं। साथ ही इससे खेल का रोमांच कम हो जाता है। नया बल्लेबाज मुश्किल परिस्थितियों से बच जाता है। क्योंकि आमतौर पर उस समय गेंदबाजों के लिए हालात अनुकूल होते हैं। नए नियम के तहत अगर परिस्थितियां अनुकूल रहीं, तो अंतिम पूरा किया जाएगा, भले ही उस दौरान विकेट गिर जाए।

**ओवरथ्रो और 'डेड बॉल' की नई परिभाषा-** एमसीसी ने ओवरथ्रो और मिसफील्ड के बीच के अंतर को स्पष्ट कर दिया है।

### हिट विकेट के नियम को और साफ किया गया

हिट विकेट में कन्फ्यूजन को दूर किया गया है। अब यह समझने में कोई दिक्कत नहीं रहेगी कि बल्लेबाज कब हिट विकेट आउट माना जाएगा और कब नहीं।

● **बैलेंस बिगड़ना-** अगर बल्लेबाज शॉट खेलने के बाद लड़खड़ाता है और संतुलन बनाते–बनाते खुद स्टंप्स पर गिर जाता है, तो वह आउट होगा। इससे फर्क नहीं पड़ेगा कि गेंद उस समय कितनी दूर जा चुकी है।

● **फील्डर से टक्कर–** अगर बल्लेबाज का किसी फील्डर से टकराव हो जाता है और उसी वजह से वह स्टंप्स पर गिरता है, तो उसे हिट विकेट आउट नहीं दिया जाएगा।

● **बल्ला छूटना–** अगर बल्लेबाज के हाथ से बल्ला छूटकर सीधे स्टंप्स पर लग जाता है, तो वह आउट माना जाएगा। लेकिन अगर बल्ला पहले विकेटकीपर या किसी फील्डर को छूता है और फिर स्टंप्स से टकराता है, तो बल्लेबाज नॉट आउट रहेगा।

एमसीसी ने साफ किया है कि अगर बल्लेबाज गेंद खेलने के बाद संतुलन बनाने की कोशिश में लड़खड़ाकर स्टंप्स पर गिर जाता है, तो उसे हिट विकेट आउट माना जाएगा, चाहे गेंद उस समय काफी दूर जा चुकी हो।

बॉल और बैट के लिए तय हुए मानक

एमसीसी ने मौजूदा और पूर्व महिला खिलाड़ियों से सलाह लेकर जूनियर और महिला क्रिकेट में इस्तेमाल होने वाली गेंदों के लिए नए नियम बनाए हैं। अब गेंदों को तीन साइज में बांटा गया है। साइज–1, साइज–2 और साइज–3।

## ग्रुप डी में पिछली फाइनलिस्ट साउथ अफ्रीका के साथ न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान

● टी-20 वर्ल्ड कप 2026 ● ग्रुप ए में भारत-पाकिस्तान

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से शुरू होगा। आईसीसी के मेगा इवेंट में 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें 4 अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा चर्चा 'ग्रुप ऑफ डेथ' को लेकर है। इस बार यह टैग ग्रुप-डी को मिला है। जिसमें पिछली बार की फाइनलिस्ट साउथ अफ्रीका के साथ 2021 की रनर-अप न्यूजीलैंड और पिछली सेमीफाइनलिस्ट अफगानिस्तान शामिल हैं।

ग्रुप-ए में भारत और पाकिस्तान जैसी राइवल टीमों के अलावा ग्रुप-सी में 2-2 बार की चैंपियन इंग्लैंड और वेस्टइंडीज भी आमने-सामने हैं। इस स्टोरी में हम टूर्नामेंट के चारों ग्रुप का एनालिसिस करेंगे।

**ग्रुप-ए- पाकिस्तान को हरा चुका है यूएसए-** ग्रुप -ए में डिफेंडिंग चैंपियन भारत और पाकिस्तान जैसी राइवल टीमें हैं। जबकि नीदरलैंड, एसए और नामिबिया भी इस ग्रुप का हिस्सा हैं।

कागजों पर भारत और पाकिस्तान को मजबूत दावेदार माना जा रहा है, लेकिन पिछले टी-20 वर्ल्ड कप में अमेरिका ने पाकिस्तान को हराकर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर कर दिया था।



2024 में पहली बार वर्ल्ड कप खेलने वाली अमेरिकी टीम ने 2009 की चैंपियन पाकिस्तान को सुपर ओवर में मात देकर इतिहास रचा था। ऐसे में ग्रुप-ए में किसी भी टीम को हल्के में लेना भारी पड़ सकता है। नीदरलैंड भी साउथ अफ्रीका जैसी टीमों को वर्ल्ड कप में हरा चुकी है।

**ग्रुप-ए की टीमों का स्क्वॉड-** भारत- सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, ईशान किशन, हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर और रिंकू सिंह।

**पाकिस्तान-** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर जमान, ख्वाजा मोहम्मद नफे, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान और उस्मान तारिक।

**यूएसए-** मोनांक पटेल (कप्तान), जेसी सिंह (उप-कप्तान), एंड्रीज गौस, शेहान जयसूर्या, मिलिंद कुमार, शायन जहांगीर, सैतेजा मुक्कामाला, संजय कृष्णमूर्ति, हरमीत सिंह, नोस्टुश केनजिगे, शैडली वान शल्कविक, सौरभ नेत्रवलकर, अली खान, मोहम्मद मोहसिन और शुभम रंजने।

**नीदरलैंड-** स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), कॉलिन एकरमैन, नोआ क्रोज़, बास डी लीडे, आर्यन दत्त, फ्रेड क्लासेन, काइल क्लेन, माइकल लेविट, ज़ैक लायन-कैशेट, मैक्स ओडोड, लोगान वैन बीक, टिम वैन डेर गुगटेन, रूलोफ वैन डेर मेरवे, पॉल वैन मीकेरेन और साकिब जुल्फिकार।

## देविका सिहाग ने थाईलैंड मास्टर्स में जीत का श्रेय पीवी सिंधू को दिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 का खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली युवा भारतीय शटलर देविका सिहाग ने अपनी इस बड़ी सफलता का श्रेय दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के साथ लंबे समय तक किए गए अभ्यास और मशहूर कोच इरवानस्याह आदि प्रतामा के मार्गदर्शन को दिया है। हरियाणा की 20 वर्षीय खिलाड़ी ने इस जीत के साथ भारतीय बैडमिंटन में नया अध्याय जोड़ा है।

### सुपर 300 खिताब जीतने वाली तीसरी भारतीय महिला बनीं देविका

देविका सिहाग साइना नेहवाल और पीवी सिंधू के बाद सुपर 300 महिला एकल खिताब जीतने वाली तीसरी भारतीय महिला शटलर बन गई हैं। इस उपलब्धि ने उन्हें भारतीय बैडमिंटन के उभरते सितारों में शामिल कर दिया है और अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनकी पहचान को और मजबूत किया है।

**सिंधू के साथ अभ्यास से मिला आत्मविश्वास-** पीटीआई वीडियो से बातचीत में देविका ने कहा कि पीवी सिंधू के साथ अभ्यास करना उनके करियर के लिए बेहद फायदेमंद रहा। उन्होंने बताया कि सिंधू के खेल को करीब से देखना और उनके अनुशासन व मेहनत से प्रेरणा लेना उनके प्रदर्शन में साफ झलकता है। पिछले कुछ महीनों से सिंधू के साथ अभ्यास करने से उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ा है।

**कोच इरवानस्याह की भूमिका को बताया अहम-** देविका ने इंडोनेशियाई कोच



इरवानस्याह आदि प्रतामा के योगदान को भी खास बताया। उन्होंने कहा कि अंतराष्ट्रीय स्तर के इस अनुभवी कोच से उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से खुद को बेहतर ढंग से तैयार करने की सीख मिली है। हर सत्र के बाद रणनीति और सुधार पर होने वाली चर्चा उनके खेल को निखारने में मदद कर रही है।

**इन दिग्गज खिलाड़ियों से लेती हैं प्रेरणा-** देविका ने खुलासा किया कि वह चीनी ताइपे की पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी ताई त्जु यिंग और पीवी सिंधू की लंबे समय से प्रशंसक रही हैं। इसके अलावा उन्होंने एन से यंग, अकाने यामागुची और वांग झी जैसे मौजूदा दौर की शीर्ष खिलाड़ियों की फिटनेस, गति और सकारात्मक खेल शैली की भी सराहना की।

**टॉप 30 में पहुंचना अगला लक्ष्य-** भविष्य को लेकर देविका ने कहा कि इस साल उनका लक्ष्य विश्व रैंकिंग में टॉप 30 में जगह बनाना है। उन्होंने बताया कि साल की शुरुआत शानदार रही है और वह आने वाले टूर्नामेंटों को लेकर काफी उत्साहित हैं। उनका मानना है कि निरंतर अच्छा प्रदर्शन उन्हें इस लक्ष्य तक जरूर पहुंचाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में तड़पते शख्स की मदद के बजाय मोबाइल लूट ले गए स्कूटी सवार, मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी के रणहौला इलाके, विकास नगर में एक इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना हुई। सड़क पर गिरकर तड़प रहे व्यक्ति की मदद करने की बजाय स्कूटी सवार दो युवक उसकी जेब से फोन लेकर फरार हो गए। समय पर मदद न मिलने के कारण व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसकी जांच के आधार पर पुलिस अब आरोपियों की तलाश में जुटी है। साथ ही मरने वाले व्यक्ति की पहचान की कोशिश जारी है। सड़क पर बेसुध पड़े युवक की कई घंटे तक किसी ने मदद नहीं की और न ही पुलिस को सूचना दी। सुबह करीब आठ बजे इलाके के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में शव पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। शख्स घंटों उसी हाल में सड़क पर पड़ा रहा। समय पर उपचार नहीं मिलने के कार अंतत: दम तोड़ दिया। पुलिस आरोपी युवकों की तलाश कर रही है। आशंका है कि युवक की मौत दिल का दौरा या किसी अन्य मेडिकल इमरजेंसी के कारण हुई होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट होगा। पुलिस टीमें मोबाइल छीनकर फरार हुए दो युवकों की तलाश में जुटी है। इस घटना ने लोगों में सवाल खड़ा किया है कि इंसानियत और सामाजिक जिम्मेदारी कहां गायब हो गई। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मदद करें और अधिकारियों को सूचित करें। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा कि शनिवार तड़के करीब चार बजे गिरने के बाद एक व्यक्ति बेसुध होकर तड़प रहा है।

### दिल्ली में 27 दिनों में 807 लापता हुए, 137 बच्चे भी शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साल 2026 की शुरूआत से ही राजधानी दिल्ली में क्राइम की दस्तक हो चुकी है। जनवरी के 27 दिनों के भीतर राजधानी में 807 लोग लापता हो चुके हैं। इनमें 137 बच्चे भी शामिल हैं। हालांकि 807 लोगों में से 235 लोगों ने पुलिस को ट्रेस किया है, बाकी 538 लोगों की तलाश अभी भी जारी है। इन लापता लोगों में ज्यादातर महिलाएं और लड़कियां शामिल हैं। गायब हुए लोगों में वयस्कों की संख्या 616 है। इनमें 181 का पता चल गया है, जिसमें 90 पुरुष और 91 महिलाएं शामिल हैं। वहीं बाकी के 435 लोग अभी भी लापता है। लापता हुए कुल लोगों में 191 नाबालिग मामले सामने आए, इनमें 48 बच्चों को ट्रेस कर लिया है। इसमें 29 लड़कियां और 19 लड़के है। जबकि 137 नाबालिग अब तक लापता हैं।

**11 सालों में 5559 बच्चे लापता**- पिछले आंकड़ों को देखें तो पता चलता है कि ये मामला कोई नया नहीं है। बीते सालों के जिनपेट जैसे पुलिस डाटाबेस के आंकड़े बताते हैं कि 2015 से 2025 तक हजारों लोग लापता हुए, जिनके मामले दर्ज किए गए। लापता हुए इन लोगों में कई का आज भी पता नहीं चला है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अगर 11 सालों की बात करें तो 5559 बच्चे गायब हुए हैं. इनमें 695 बच्चों का कोई सुराग नहीं मिला है।

**2026 का हुआ खौफनाक आगाज**-ये समस्या और भी ज्यादा गंभीर होती जा रही है, क्योंकि गायब होने वाले नाबालिगों में लड़कियों की संख्या ज्यादा है। इस तरह राजधानी में जनवरी माह में हर रोज लगभग 27 लोगों के गायब होने की घटना चिंताजनक है। क्योंकि 2026 की शुरूआत में 27 दिनों में 807 लोग लापता दर्ज किए गए। इस तरह नई साल का खौफनाक आगाज हुआ है, जिसे लेकर पुलिस और सुरक्षा बलों के बीच अलर्ट बना हुआ है।

### जिनके घर पीएनजी कनेक्शन उनको भी मिलेगी सिलेंडर की राशि

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली सरकार राशन कार्ड धारकों को होली और दीवाली पर मुफ्त सिलेंडर देगी। इस योजना का लाभ पीएनजी कनेक्शन धारकों को भी मिलेगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को महंगाई से राहत देने की दिशा में एक अहम और जनकल्याणकारी निर्णय लिया है। मंत्रिमंडल ने उस योजना को मंजूरी दे दी है, जिसके अंतर्गत वर्ष 2026 से दिल्ली के सभी राशन कार्ड धारक परिवारों को प्रतिवर्ष दो एलपीजी सिलेंडर के बराबर आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। यह योजना दिल्ली सरकार की लक्षित, पारदर्शी और जवाबदेह कल्याण नीति का हिस्सा है।

**रागिनी नायक, पवन खेड़ा, जयराम रमेश हाजिर हों, कोर्ट ने पत्रकार रजत शर्मा द्वारा दायर मानहानि की शिकायत पर कड़ा रुख अपनाया**

# मानहानि मामले में कांग्रेस नेताओं को समन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की साकेत कोर्ट ने वरिष्ठ टीवी पत्रकार रजत शर्मा द्वारा दायर मानहानि की शिकायत पर कड़ा रुख अपनाया है। कोर्ट ने कांग्रेस नेता रागिनी नायक, पवन खेड़ा और जयराम रमेश को आपराधिक मानहानि और जालसाजी के आरोपों में समन जारी कर 27 जुलाई 2026 को पेश होने का आदेश दिया है। शर्मा ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि रागिनी नायक ने उन पर दुर्व्यवहार करने का झूठा आरोप लगाया और दावा किया था कि 4 जून 2024 को लोकसभा चुनाव नतीजों की लाइव डिबेट के दौरान उनके खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग किया गया। इसके बाद पवन खेड़ा और जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नायक के इन दावों को दोहराया और एक वीडियो साझा किया।

शर्मा के आवेदन में तीनों कांग्रेसी नेताओं पर जालसाजी, झूठा दस्तावेज बनाने और मानहानि के आरोपों को लेकर समन जारी करने की मांग की गई थी। जिसके बाद ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास देवंशी जन्मेजा ने आरोपों और रिकॉर्ड पर रखे गए सबूतों पर विचार करने के बाद कांग्रेस नेताओं को समन जारी करते हुए पेश होने



का आदेश दिया। हालांकि, कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि वर्तमान आदेश, मामले के अंतिम गुण-दोष पर कोई राय नहीं है और यह पूरी तरह से ट्रायल (मुकदमे) का विषय है।अपने आदेश में कोर्ट ने यह भी कहा कि प्रथम दृष्टया यह प्रतीत हो रहा है कि आरोपियों ने जानबूझकर रजत शर्मा की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के इरादे से सोशल मीडिया पर भ्रामक और मानहानिकारक सामग्री साझा की। सोमवार को जारी किए अपने आदेश में छ्स्स्नष्ट ने कहा, उपरोक्त चर्चा को देखते हुए, द्धक्क्ष्ट की धारा 465, 469, 471, 499 और 500 के तहत आरोपी व्यक्तियों रागिनी नायक, पवन खेड़ा और जयराम रमेश को 27 जुलाई 2026 को समन जारी करने के लिए पर्याप्त आधार मौजूद हैं। इसलिए, उक्त तीनों आरोपी व्यक्तियों को समन जारी किया जाता है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि घटना का रॉ फुटेज कभी भी आरोपी व्यक्तियों को नहीं दिया गया था। इसलिए उनके द्वारा ङ्क पर पोस्ट किया गया वीडियो इंडिया टीवी द्वारा शो के लाइव या टेलीकास्ट फुटेज को रिकॉर्ड करने के बाद संपादित करके बनाया गया है। जो कि धारा 465 (जालसाजी) और 471 (फर्जी दस्तावेज का असली के रूप में उपयोग) के तहत अपराध की श्रेणी में आता है।

### वीडियो पर कैप्शन के रूप में अपशब्दों को जोड़ा

अदालत ने कहा कि शिकायतकर्ता इस बात को साबित करने में सफल रहे हैं कि रॉ फुटेज नहीं मिलने पर आरोपी व्यक्तियों ने 4 जून, 2024 को टीवी शो का टेलीकास्ट फुटेज प्राप्त किया, और इसके बाद वीडियो पर कैप्शन और टेक्स्ट के रूप में अपशब्दों को ऊपर से जोड़ा गया, ताकि यह दिखाया जा सके कि रजत शर्मा ने अपशब्द कहे हैं, जबकि असल में वे लाइव टेलीकास्ट का हिस्सा नहीं थे। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने एफएसएल रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि आरोपी व्यक्तियों द्वारा अपलोड किए गए वीडियो में स्पष्ट रूप से बदलाव भी नजर आ रहा है, क्योंकि उनमें ऐसे टाइटल और कैप्शन थे जिनसे साफ पता चल रहा था कि वीडियो पोस्ट-प्रोडक्शन फाइल है। साकेत कोर्ट ने इस मामले में दिल्ली हाई कोर्ट के जून 2024 के उस आदेश का भी हवाला दिया, जिसमें हाई कोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि वीडियो देखने से पहली नजर में ऐसा नहीं लगता कि रजत शर्मा ने किसी अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया।

# दिल्ली में 2.76 लाख राशन कार्ड धारकों को एसएमएस से भेजे नोटिस

**200 ने ही दिया जवाब**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में राशन कार्ड सत्यापन को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा लगाए गए अब की गई जांच में 2 लाख से अधिक राशन कार्ड रद्द किए गए हैं और 2.76 लाख लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं।




आरोपों को भाजपा विधायक हरीश खुराना ने पूरी तरह झूठा बताया है। उन्होंने कहा कि 'आप' सरकार के दौरान बिना सत्यापन के फर्जी राशन कार्ड बनाए गए थे, जिससे वंचित और जरूरतमंद लोग लाभ से वंचित रहे। खुराना ने बताया कि इनमें से केवल 200 लोगों ने ही जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री से इस मामले में श्वेत पत्र लाने की मांग करेंगे। विधायक ने बताया कि 2014 से 2024 तक दिल्ली में कुल 9,22,766 राशन कार्ड के लिए आवेदन किए गए थे, जिनमें से कई बिना किसी ठोस सत्यापन के जारी किए गए। सत्यापन प्रक्रिया में यह सच्चाई सामने आई है। बता दें कि, बीते महीने दिल्ली सरकार ने राशन कार्ड के लिए पात्र परिवारों की संख्या बढ़ाने के लिए वार्षिक आय सीमा को 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.20 लाख रुपये कर दिया है। बयान में कहा गया कि दिल्ली की खाद्य सुरक्षा प्रणाली को अधिक न्यायसंगत और गरीब परिवारों पर केंद्रित बनाने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हाल ही में हुई कैबिनेट की बैठक में वार्षिक आय सीमा बढ़ाने का निर्णय लिया गया। इस फैसले के बाद 1.20 लाख रुपये तक की वार्षिक पारिवारिक आय वाले परिवार राशन कार्ड के लिए पात्र होंगे। मुख्यमंत्री के हवाले से बयान में कहा गया कि दिल्ली में इस संकल्प के साथ नए खाद्य सुरक्षा नियम लागू किए जाएंगे कि कोई भी भूखा न रहे। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि डेटा सत्यापन से पता चला है कि इन सभी कारणों से कुल 8,27,756 से अधिक रिक्तियां पैदा हुईं। इन रिक्त स्थानों को अब उन लोगों से भरा जाएगा जो वर्षों से राशन कार्ड या खाद्य सुरक्षा कवरेज की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

**सुप्रीम कोर्ट की यूपी सरकार को फटकार**

# कहा- घृणा अपराध में सही धाराएं क्यों नहीं लगाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार से सवाल किया कि वर्ष 2021 में नोएडा में कथित घृणा अपराध के मामले में दर्ज प्राथमिकी में भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) के उचित प्रविधानों को क्यों नहीं लागू किया गया।

उत्तर प्रदेश की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) केएम नटराज ने जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ को बताया कि उन्होंने संबंधित जांच अधिकारी के विरुद्ध जांच शुरू कर दी है। इस पर पीठ ने पूछा, क्या इससे उचित प्रविधानों के तहत मामले का पंजीकरण नहीं होने की समस्या हल हो जाती है

जब विधि अधिकारी ने कहा



कि उचित प्रविधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए थी, तो पीठ ने कहा, अभी निर्देश दीजिए। न्यायालय जुलाई, 2021 में नोएडा में कथित घृणा अपराध में दुर्व्यवहार और यातना का शिकार हुए एक वरिष्ठ नागरिक की शिकायत पर निष्पक्ष जांच और सुनवाई के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा था। याचिकाकर्ता के वकील हुजेफा अहमदी ने कहा कि प्राथमिकी आइपीसी की धारा 153-बी और 295-ए के तहत दंडनीय अपराधों के लिए दर्ज की जानी चाहिए थी। अहमदी ने आइपीसी की धारा 298 का भी हवाला दिया, जो जानबूझकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से अनुचित टिप्पणी से संबंधित है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं हो रही हैं और यह राष्ट्रीय एकता के लिए ठीक नहीं है। पीठ ने टिप्पणी की, हमें इसे कोई रंग नहीं देना चाहिए। यह एक व्यक्तिगत घटना है जिसके लिए आप इस अदालत में आए हैं। हमने आपकी याचिका पर सुनवाई की है और हम सरकार से कार्रवाई की अपेक्षा करते हैं। इसे यहीं खत्म करते हैं।

### सिपाही का होगा प्रमोशन एक अंक की कानूनी लड़ाई में 18 साल बाद बनी कमेटी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस का एक सिपाही परीक्षा में एक अंक पाने के लिए अपने विभाग के खिलाफ 18 वर्षों से कानूनी लड़ाई लड़ रहा है। परीक्षा में पूछे गए एक सवाल को गलत बताते हुए उसने इसके लिए अंक मांगा है। केंद्रीय प्रशासनिक पंचाट (कैट) ने वर्ष 2007 में हुई परीक्षा में पूछे गए सवाल के सही या गलत होने का पता लगाने के लिए कमेटी गठित कर दी है। इसके साथ ही यह भी कहा है कि अगर सवाल गलत है तो उसे इसका एक नबंर दिया जाए, ताकि उसे वर्ष 2007 से पदोन्नति मिल सके।

# श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, 15 की मौत

**मरने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल**

**ब्राजीलिया, एजेंसी।** ब्राजील के उत्तर-पूर्वी राज्य अलागोआस में मंगलवार को एक भीषण बस हादसा हुआ, जिसमें कम से कम 15 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। यह बस एक धार्मिक मेले से लौट रही थी, तभी सड़क के मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई। अधिकारियों के अनुसार, बस में करीब 60 लोग सवार थे। यह बस ग्रामीण इलाके से गुजर रही थी, तभी तेज मोड़ पर ड्राइवर का नियंत्रण बिगड़ गया और बस सड़क से नीचे उतरकर पलट गई। दुर्घटना इतनी भयानक थी कि कई यात्री बस से बाहर गिर गए, जबकि कुछ लोग मलबे के नीचे दब गए. बचाव दल को उन्हें निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। धार्मिक मेले से लौट रहे थे यात्री स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, बस अवर लेडी ऑफ कैंडेलारिया नामक धार्मिक उत्सव से लौट रही थी. यह त्योहार हर साल 2 फरवरी को पड़ता है और ब्राज़ील के सेआरा राज्य में हजारों श्रद्धालु इसमें हिस्सा लेते हैं। अलागोआस



एविएशन विभाग के निदेशक कर्नल आंद्रे मदीरो ने बताया कि उनकी टीम ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया। उन्होंने कहा ञ्बस मोड़ पर सड़क से उतरकर पलट गई और कई लोग बाहर फेंके गए. कुछ लोग बस के नीचे फंस गए थे। यह बहुत भयानक और असामान्य दुर्घटना थी। घायल यात्रियों को तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया. इनमें एक बच्चा गंभीर रूप से घायल है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। अलागोआस के गवर्नर पाउलो डांटास ने इस हादसे पर गहरा दुख जताते हुए राज्य में तीन दिन के शोक की घोषणा की है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर लिखाः इस दुख की घड़ी में मैं पीड़ित परिवारों और उनके प्रियजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं. ब्राज़ील में सड़क हादसे आम ब्राज़ील में इस तरह के घातक सड़क हादसे अक्सर होते रहते हैं। पिछले साल अक्टूबर में भी उत्तर-पूर्वी राज्य पर्नाम्बुको में एक बस पलटने से 17 लोगों की मौत हो गई थी।

# जयशंकर ने अमेरिकी वित्त मंत्री बेसेंट से की मुलाकात

**वाशिंगटन, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट से मुलाकात की तथा द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग आगे बढ़ाने पर चर्चा की। जयशंकर ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट से मिलकर खुशी हुई। भारत-अमेरिका आर्थिक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर सार्थक चर्चा हुई।

वहीं बेसेंट ने एक पोस्ट में कहा कि उन्हें जयशंकर से मुलाकात करके अच्छा लगा। उन्होंने कहा, इस बातचीत के दौरान हमने आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने के महत्व के साथ-साथ आपसी हित के अन्य राष्ट्रीय और आर्थिक सुरक्षा मुद्दों पर भी चर्चा की। जयशंकर दो से चार फरवरी तक अमेरिका की यात्रा पर हैं और बुधवार को विदेश मंत्री मार्को रुबियो की ओर से बुलाई गई महत्वपूर्ण खनिज मंत्रिस्तरीय बैठक में वह हिस्सा लेंगे।



जयशंकर ने विदेश मंत्रालय में रुबियो के साथ द्विपक्षीय चर्चा भी की जहां दोनों नेताओं ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच व्यापार समझौते पर बनी सहमति का स्वागत किया और महत्वपूर्ण खनिजों की खोज एवं खनन पर द्विपक्षीय सहयोग को औपचारिक रूप देने पर भी चर्चा की।

# नासा का चंद्र रॉकेट आर्टेमिस सेकंड टेस्टिंग में फेल, लॉन्चिग मार्च तक टाली



**● उस उड़ान परीक्षण में हाइड्रोजन रिसाव की समस्या थी**

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगलवार को कहा कि एक दिन पहले किये गए निर्णायक परीक्षण के दौरान ईंधन के रिसाव की समस्या आने के कारण अब वह अपने नये चंद्र रॉकेट को मार्च में प्रक्षेपित करेगी। नासा ने एक बयान में कहा कि प्रक्षेपण में देरी होने से अब उड़ान परीक्षण से पहले डेटा की समीक्षा करने और दूसरा पूर्वाभ्यास करने का मौका मिलेगा। ये रिसाव सोमवार को कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र में ईंधन भरने की लंबी प्रक्रिया शुरू होने के कुछ ही घंटों के भीतर हुए। नासा ने कहा कि इस उड़ान के लिए चुने गए चारों अंतरिक्ष यात्रियों को लगभग दो सप्ताह के पृथकवास से बाहर निकाल लिया जाएगा। नासा ने कहा कि चंद्रमा की परिक्रमा के लिए अगली उड़ान के समय से लगभग दो सप्ताह पहले उन्हें फिर से पृथकवास में रखा जाएगा। हालांकि, अंतरिक्ष एजेंसी ने मार्च में आधिकारिक प्रक्षेपण लक्ष्य के बारे में कोई संकेत नहीं दिया। इसने कहा कि जांच से प्राप्त डेटा की पूरी तरह से समीक्षा करने, प्रत्येक समस्या का समाधान करने और परीक्षण पर वापस लौटने की आवश्यकता है। सोमवार को दोपहर के समय प्रक्षेपण नियंत्रकों ने 322 फुट (98 मीटर) लंबे रॉकेट में अत्यधिक शीतल हाइड्रोजन और ऑक्सीजन भरना शुरू किया। टंकियों में 7 लाख गैलन (26 लाख लीटर) से अधिक ईंधन भरा जाना था। लेकिन रॉकेट के निचले हिस्से में हाइड्रोजन की मात्रा बहुत अधिक हो गई। हाइड्रोजन भरने की प्रक्रिया को कम से कम दो बार रोकना पड़ा क्योंकि प्रक्षेपण दल ने 2022 की पिछले अंतरिक्ष प्रक्षेपण प्रणाली से संबंधित उलटी गिनती के दौरान विकसित तकनीकों का उपयोग करके समस्या का समाधान ढूंढने का प्रयास किया। उस उड़ान परीक्षण में हाइड्रोजन रिसाव की समस्या थी और अंततः वह बिना चालक दल के ही उड़ान भरने में सफल रही। नासा ने अपने बयान में यह भी बताया कि परीक्षण के दौरान ग्राउंड क्रू के संचार में ऑडियो में बार-बार रुकावट की समस्या भी आई। इस मिशन के लिए नामित चार अंतरिक्ष यात्रियों - तीन अमेरिकी और एक कनाडाई - ने लगभग 1,000 मील (1,600 किलोमीटर) दूर ह्यूस्टन स्थित जॉनसन अंतरिक्ष केंद्र से महत्वपूर्ण पूर्वाभ्यास की निगरानी की। नासा ने पिछली बार 1960 और 1970 के दशक के अपोलो कार्यक्रम के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर भेजा था। नये आर्टेमिस कार्यक्रम का लक्ष्य चंद्रमा पर अधिक स्थायी उपस्थिति स्थापित करना है।

# स्वदेशी मेला में 'स्वदेशी एक संदेश युवाओं के नाम' पर बौद्धिक कार्यक्रम संपन्न






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित 10 दिवसीय इस्पातांचल स्वदेशी मेला अपने परवान पर है। लोग मेला घूमने के साथ अपने पसंद के स्वदेशी सामानों की खरीदारी कर रहे हैं। इधर मेला के सेकंड लास्ट दिन मेला घूमने आए आगंतुकों के लिए सहकार भारती द्वारा संचालित बाल संस्कार केंद्र के बच्चों द्वारा नृत्य संगीत का सांस्कृतिक

## सहकार भारती द्वारा संचालित बाल संस्कार केंद्र के बच्चों ने नृत्य संगीत कार्यक्रम में बांधा समां

कार्यक्रम आयोजन कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके उपरांत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बोकारो महानगर द्वारा स्वदेश एक संदेश युवाओं के नाम पर बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय प्रणयांसी माननीय जगन्नाथ शाही, संघ के बोकारो महानगर संघ चालक रंजीत बरनवाल ,महानगर कार्यवाह रतनलाल जी,संदीप तिवारी जी, नरेंद्र कुमार राय व राकेश सिंह राकेश सिंह ने अपनी बौद्धिकता का परिचय देते हुए स्वदेश एक संदेश युवा के नाम पर अपने-अपने बौद्धिक प्रगट किया। इसके उपरांत साहित्यिक अनुरागिक संस्थान की ओर से काव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। किस राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में उत्तर प्रदेश बिहार झारखंड के विभिन्न हिस्सों से आए कवि एवं कवित्रियों ने काव्य पाठ से श्रोताओं को आनंदित कर दिया। रशिम पुंज साहित्यिक संस्थान के राष्ट्रीय महासचिव व ख्याति प्राप्त कवित्री करुणा कालिका अपने काव्य पाठ से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया वही इस कार्यक्रम में बता रहा मुख्य अतिथि बा सेल के संचार प्रमुख मणिकांत धान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस पूरे कार्यक्रम की सफलता में संजय श्रीवास्तव ,अनंत शेखर, मनीष श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार सिन्हा, विनोद चौधरी व ददन कुमार सिंह ने अहम भूमिका निभाई। इधर आज मेला के समापन को लेकर 10 दिनों से चले आ रहे नेता संगीत चित्रकला रंगोली मेहंदी प्रतियोगिता में शामिल हुए छात्र-छात्राओं के बीच पुरस्कार वितरण किया जाएगा साथ ही आगंतुक मुख्य अतिथि द्वारा मेला के समापन की घोषणा की जाएगी.

## संक्षिप्त समाचार

### दो महिला सहित 15 प्रत्याशियों ने किया महापौर के लिए नामांकन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर निकाय चुनाव में महापौर के लिए बुधवार को 2 महिला सहित 15 प्रत्याशियों ने निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार, सहायक निवार्ची पदाधिकारी बाल किशोर महतो तथा सहायक निवार्ची पदाधिकारी विशाल कुमार पांडेय के समक्ष नामांकन दाखिल किया। महापौर पद के लिए नामांकन दाखिल करने वालों में योगेन्द्र प्रधान, आकाश दुसाध, संजीव सिंह, मुकेश पाण्डेय, कुसुम देवी, नवल किशोर पासवान, शांतनु चन्द्रा, उमेश पासवान, शिल्पी शर्मा, भृगुनाथ भगत, राजकुमार कनौजिया, संजीव अग्रवाल, श्री दीनानाथ ठाकुर, राम बिनय सिंह तथा श्री राहुल कुमार चौहान शामिल है।

### धनबाद नगर निगम चुनाव में सियासी हलचल तेज, झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह ने दाखिल किया नामांकन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद नगर निगम चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। बुधवार को झरिया से पूर्व विधायक संजीव सिंह, पूर्व भाजपा युवा जिलाध्यक्ष मुकेश पांडेय ने और भाजपा समर्थित संजीव अग्रवाल ने महापौर पद के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया। नामांकन के साथ ही धनबाद नगर निगम का चुनावी माहौल पूरी तरह से गर्म हो गया है। नामांकन से एक दिन पहले मंगलवार की देर शाम संजीव सिंह ने अपने आवास सिंह मेंशन पर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर मेयर पद के लिए चुनाव लड़ने की औपचारिक घोषणा की थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि धनबाद



नगर निगम का चुनाव दलगत आधार पर नहीं हो रहा है, बल्कि यह जनता से जुड़ा चुनाव है, जिसमें कोई भी योग्य उम्मीदवार अपनी दावेदारी पेश कर सकता है। भाजपा द्वारा महापौर पद के लिए संजीव अग्रवाल को समर्थन दिए जाने के सवाल पर संजीव सिंह ने स्पष्ट कहा कि इस चुनाव में किसी एक पार्टी का वर्चस्व नहीं है और अंततः जनता ही तय करेगी कि शहर का अगला मेयर कौन होगा। उन्होंने भरोसा जताया कि जनता विकास और जनहित के मुद्दों पर मतदान करेगी। बता दे कि आज नामांकन का अंतिम दिन है। ऐसे में एक ओर भाजपा समर्थित प्रत्याशी संजीव अग्रवाल भी आज अपना नामांकन दाखिल करने समाहरणालय पहुंचे, इस दौरान उनके साथ धनबाद विधायक राज सिन्हा सहित भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। वहीं पूर्व महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल के भी चुनावी मैदान में उतरने से मुकाबला त्रिकोणीय होता नजर आ रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि संजीव सिंह के मैदान में आने से चुनाव और अधिक रोचक हो गया है। आने वाले दिनों में प्रचार तेज होने के साथ-साथ धनबाद नगर निगम चुनाव के सियासी समीकरण और भी स्पष्ट होते दिखाई देंगे।

### रास्ता देने का काम शुरू, लेकिन अधिवक्ताओं की हड़ताल अब भी जारी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद कोर्ट परिसर के समीप रास्ता और पार्किंग की मांग को लेकर अधिवक्ताओं द्वारा की जा रही हड़ताल छठे दिन भी जारी रही। लगातार विरोध और आंदोलन के बीच जिला प्रशासन ने 6 फीट रास्ता देने को लेकर कल से कार्य शुरू कर दिया है। नगर निगम और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम कल मौके पर पहुंची, जहां जेसीबी के माध्यम से कोर्ट परिसर के पास बनी एक दुकान को आंशिक रूप से हटाकर रास्ता बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई। वहीं, प्रशासन की ओर से भले काम की शुरूआत कर दी गई हो, लेकिन अधिवक्ता इससे संतुष्ट नहीं हैं। बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं का कहना है कि जिला प्रशासन द्वारा पहले 16 फीट चौड़ा रास्ता देने का आश्वासन दिया गया था। इसके साथ ही कोर्ट परिसर में आने वाले अधिवक्ताओं और वादकारियों के लिए पार्किंग की व्यवस्था करने की बात भी कही गई थी, लेकिन अब तक इन दोनों में से किसी भी मांग पर अमल नहीं हुआ है। अधिवक्ताओं का कहना है कि केवल 6 फीट का रास्ता देकर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा सकता। इसी कारण हड़ताल फिलहाल जारी रखी गई है। अधिवक्ताओं ने बताया कि वे सभी बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के साथ आपस में बैठक करेंगे और आगे की रणनीति तय करेंगे। रणनीति तय होने के बाद ही आंदोलन को लेकर अगला कदम उठाया जाएगा।

### नगरपालिका चुनाव को लेकर अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध कार्रवाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सहायक आयुक्त, उत्पाद के निदेशानुसार नगरपालिका चुनाव को ध्यान में रखते हुए उत्पाद विभाग द्वारा दुग्दा थाना अंतर्गत दुग्धा नयाकनारी क्षेत्र में संचालित अवैध महुवा चुलाई शराब की भट्ठी पर छापामारी की गई।

**भारी मात्रा में अवैध शराब एवं जावा महुवा बरामद**

छापामारी के दौरान मौके से लगभग 100 लीटर अवैध चुलाई शराब तथा 1400 किलोग्राम जावा महुवा बरामद किया गया। बरामद सामग्री को नियमानुसार जब्त कर नष्ट/सुरक्षित किया गया।



**अवैध शराब निर्माण में संलिप्त अभियुक्तों पर दर्ज हुआ अभियोग**

अवैध चुलाई शराब के निर्माण एवं संचालन में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर अग्रेतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

**चुनाव अवधि में अभियान रहेगा जारी**

उत्पाद विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि नगर पालिका चुनाव के दौरान अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण बनाया जा सके।

# ग्रामीणों को जागरूक करने को मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग यूनिट रवाना

**सरायकेला/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में ग्रामीण समुदायों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल की शुरूआत की गई। आरएसबी फाउंडेशन द्वारा ह्यकैंसर स्क्रीनिंग ऑन व्हील्सह्न सेवा के अंतर्गत मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह यूनिट दूरदराज इलाकों में रहने वाले लोगों तक कैंसर जांच की सुविधा पहुँचाएगी। आइए देखते हैं हमारी रिपोर्ट। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर सरायकेला-खरसावां जिले स्थित आरएसबी ट्रांसमिशन्स (इंडिया) लिमिटेड यूनिट-1 परिसर में आरएसबी फाउंडेशन द्वारा मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग यूनिट का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आरएसबी ट्रांसमिशन्स (इंडिया) लिमिटेड के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एस. के. बेहरा तथा कंपनी की हेड-सीएसआर एवं आरएसबी फाउंडेशन की निदेशक श्रीमती प्रियंका बेहरा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर यूनिट को ग्रामीण समुदायों के लिए रवाना किया। यह मोबाइल यूनिट 'कैंसर स्क्रीनिंग ऑन व्हील्स' पहल के अंतर्गत प्रोजेक्ट सम्भावी का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को समय पर कैंसर जांच की सुविधा उपलब्ध कराना है। इस पहल के माध्यम से कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ प्रारंभिक जांच द्वारा जीवन रक्षा को प्रोत्साहित किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कैंसर की समय रहते पहचान होने पर इलाज की सफलता की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

# बोकारो में कुल 1,45,275 व्यक्तियों की मुंह के कैंसर की जांच की गई : सिविल सर्जन

## मुंह में घाव, सफेद दाग एवं होंठ कठोर होना कैंसर के लक्षण हो सकते है : डॉ संजय कुमार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के निर्देशन में सदर अस्पताल के डेन्टल ओपीडी एवं सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में मुंह के कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर एवं सर्वाईकल कैंसर की जांच हेतु अभियान चलाया गया, जिसमें सभी स्वास्थ्य संस्थानों में मुंह के कैंसर की जांच दन्त चिकित्सक के द्वारा किया गया। सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में अभी तक बोकारो जिला में कुल 1,45,275 व्यक्तियों के मुंह के कैंसर की जांच की गई, जिसमें 276 लोगों के अन्दर मुंह के कैंसर का लक्षण मिले, ब्रेस्ट कैंसर की कुल 59,570 महिलाओं की जांच की गई, जिसमें 140 के अन्दर कैंसर के लक्षण मिले एवं सर्वाईकल कैंसर की कुल 30,865 महिलाओं की जांच की गई, जिसमें 132 के अन्दर कैंसर के लक्षण मिले, इस सभी को हाई सेन्टर में रेफर किया गया और इलाज जारी है। प्रोग्राम आफिसर एनओएचपी डॉ निकेत चौधरी के द्वारा बताया गया कि पुरूषों एवं महिलाओं दोनों में मुंह के कैंसर क लक्षण पाये जाते हैं। अपने मुंह की जांच हेतु दर्पण के सामने खडे हो जाये और मुंह की जांच करें कि कही होठों, मसूडों, जीभ के निचली सतह एवं गालों के अन्दर में सफेद धब्बा तो नही है। अगर ऐसा है तो उन्हें दन्त चिकित्सक से सलाह लें। वरीय दन्त चिकित्सक सदर अस्पताल डॉ संजय कुमार के द्वारा बताया गया कि मुंह में लगातार दर्द, मुंह के अन्दर घाव, मुंह के अन्दर घाव से खून आना, मुंह के अन्दर या होटो की जगह कठोर होना, यह सब महसूस हो तो तुरन्त दन्त चिकित्सक से सम्पर्क करें। जिला परामर्शी मों असलम द्वारा बताया गया कि मुंह के कैंसर का मुख्य कारण चबाने वाला तम्बाकू या पान मसाला के साथ साथ खैनी का एक बहुत ही बड़ा भागीदारी है।




# नशा खुरानी गिरोह की महिला लाखों के जेवर व नकदी लेकर फरार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चिराचास थाना इलाके के वार्ड संख्या 6 न्यू पिनरगोड़िया में एक महिला को घर में अकेला पाकर भिखारी के वेश में आई महिला ने उसे बेहोश कर दिया। घर में रखे साढ़े तीन लाख रुपए के जेवर और 5 हजार नकद लेकर चम्पत हो गई। बताया गया है कि सलवार सूट पहने एक महिला ने भीख मांगने को लेकर सुल्ताना के दरवाजे पर दस्तक दी। जैसे ही उसने दरवाजा खोला तो भीख में चावल मांगी। सुल्ताना जैसे ही चावल लाने के लिए मुड़ कर आगे बढ़ी कपड़े से उसके नाक और मुंह को बंद कर दिया। वह बेहोश हो गई। उसके बाद महिला घर के अलमीरा में रखे जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गई। घर में केमिकल लगा कपड़ा भी मौके पर पड़ा हुआ था। जब पीड़िता सुल्ताना की बेटी रेहाना प्रवीण घर पहुंची तो मां को बेहोश पाया। अंदर जाकर देखा तो अलमीरा खुला हुआ था और जेवरात गायब थे। पीड़ित सुल्ताना ने बताया कि उसने सिर्फ सलवार सूट पहले महिला को देखा था। प्रतिदिन इस तरह भीख मांगने लोग आते हैं। बेहोश होने के बाद मैंने कुछ भी समझ नहीं पाई। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। चास के एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि घरवालों के मुताबिक दो-तीन दिन पहले एक पुरुष भीख मांगने आया था और पीड़ित महिला से उसके परिवार से लेकर लंबी बातचीत की थी। आज एक महिला भीख मांगने के लिए आई और इस घटना को अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि यह नशा खुरानी गिरोह के तर्ज पर इस घटना को अंजाम दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है लिखित आवेदन देने के बाद पूरी जानकारी मिलेगी कि कितने की चोरी महिला के द्वारा किया गया है।





## प्रधानमंत्री की परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर गुमला के विद्यार्थी उत्साहित

**गुमला/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा दे रहे छात्र छात्राओं के लिए शुरू किया गया कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा काफी लाभप्रद साबित हो रहा है। इस संबंध में गुमला जिला में परीक्षा दे रहे छात्र - छात्राओं , अभिभावकों एवं विद्यालय के शिक्षकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को सही मार्गदर्शक बताया। सूबे में इस वक्त जैक बोर्ड की ओर से ली जाने वाली मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू हो गई है , तो वहीं सीबीएसई एवं आईसीएसी बोर्ड की परीक्षा कुछ दिनों के बाद शुरू होने वाली है। जैक बोर्ड की परीक्षा दे रहे छात्र - छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के संबंध में बताया कि प्रधानमंत्री जी का यह कार्यक्रम हम छात्र-छात्राओं के लिए काफी सहायक साबित हो रहा है । छात्रों ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को उन्होंने परीक्षा शुरू होने से पहले पुरानी वीडियो को देखा है जिससे हमें काफी मार्गदर्शन मिला है। छात्र-छात्राओं ने बताया कि आगामी 6 फरवरी को भी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम होने वाली है जिसे वे फिर से सुनेंगे। परीक्षा दे रही छात्राओं ने बताया कि प्रधानमंत्री जी द्वारा परीक्षा के संबंध में दिए गए सुझाव काफी लाभप्रद हो रहा है। उन्होंने बताया कि वह बगैर किसी तनाव का परीक्षा दे रही है ,जिसके कारण उनका परीक्षा का पेपर काफी अच्छा जा रहा है।

# नगर पंचायत चुनाव के लिए अंतिम दिन नामांकन को दल-बल के साथ पहुंचे प्रत्याशी

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खूंटी नगर पंचायत चुनाव को लेकर समाहरणालय परिसर में नामांकन के आखिरी दिन चुनाव की सरगर्मी देखते बन रही थी। दलीय आधार पर चुनाव न होने के बावजूद खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र के लिए भाजपा कांग्रेस और झामुमो ने अपने अपने प्रत्याशी मैदान में उतारा है। आज अध्यक्ष पद के लिए भाजपा समर्थित महिला प्रत्याशी रानी टूटी के समर्थन में पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा खूंटी पहुंचे और रानी टूटी के विजयी होने की शुभकामनाएं दी। वहीं कांग्रेस समर्थित महिला प्रत्याशी मनोनीत बोदरा ने कल नामांकन दाखिल किया। झामुमो समर्थित महिला प्रत्याशी सोनम बागे ने आज नामांकन दाखिल किया। खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र में कुल 19 वार्ड हैं। 19 वार्डो में में कुल 28719 मतदाता हैं। नामांकन के लिए आए प्रत्याशियों ने आज मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि अपने वार्ड के विकास कार्यो को लेकर उनकी प्राथमिकताएं होंगी। गली मोहल्लों की सड़कें, नालियां और पेयजल की उपलब्धता उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही वार्ड क्षेत्रों की अन्य समस्याओं को लेकर भी वे जनता की सेवा में हाजिर रहेंगे। यदि वे चुनाव जीतते हैं तो अपने वार्ड क्षेत्र की जनता को शिकायत का मौका नहीं देंगे और जनहित के कार्यो को धरातल पर उतरेंगे। भाजपा समर्थित नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी रानी टूटी ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र का हाल बेहाल है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल की कई योजनाएं अधूरी हैं। अभी तक बस स्टैंड निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। सड़कें टूटी फूटी हैं, नालियां बजबजा रही हैं दुर्गंध से आना जाना परेशानी भरा हो जाता है। नगर पंचायत इलाके में पेयजल का संकट अभी भी है। पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करूंगी। नगर पंचायत इलाके को मैं स्वर्ग बनाना चाहती हूं। खूंटी के वार्ड नंबर दस के खालिद हुसैन ने कहा कि वार्ड के विकास के लिए मैने नामांकन किया है। अपने वार्ड को नंबर वन बनाना चाहता हूं। वार्ड नंबर दो की प्रत्याशी दीक्षा देवी ने कहा कि मैं अपने वार्ड के लोगों की सेवा एक मां की तरह करूंगी। वार्ड की जो भी समस्याएं होंगी सभी समस्याओं को अपना मानकर सुलझाने का पूरा प्रयास करेंगी। जनता के सुख दुख की भागीदारी रहूंगी। जनता का विश्वास बनाए रखूंगी। अपने वार्ड की जनता को एक परिवार मानकर विकास का कार्य करूंगी। पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा ने कहा कि खूंटी में रानी टूटी लंबे समय तक समाज सेवा में राष्ट्र सेवा में लगी रही। शिक्षा से उनका विशेष

# भाजपा नेत्रियों के बगावती सुर, महापौर के लिए नामांकन





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर निकाय चुनाव में भाजपा से समर्थन नहीं मिलने के बाद डॉक्टर परिंदा ने महापौर पद के लिए आज अंतिम दिन अपना नामांकन कराया। इसके साथ ही महिला नेत्री ने भाजपा के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंक दिया है। चास नगर निगम के मेयर पद के लिए भाजपा ने निगम के पूर्व डिप्टी मेयर अविनाश कुमार को समर्थित उम्मीदवार बनाया है। जिसके बाद से ही भाजपा में बगावत शुरू हो गई है। बोकारो में सबसे बड़े राजनीतिक घराने दिवंगत समरेश सिंह की बहू डॉ परिंदा सिंह ने भाजपा के खिलाफ बगावत का झंडा उठाते हुए नॉमिनेशन कर दिया है। परिंदा ने कहा कि पार्टी ने यह निर्णय नहीं लिया है कि पार्टी का कोई अन्य नेता चुनाव नहीं लड़ सकता। डॉ परिंदा ने कहा कि चास में उन्होंने सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में संघर्ष किया है। जनता की मांग पर वह मैदान में है। दूसरी तरफ भाजपा की एक अन्य महिला नेत्री रितु रानी सिंह ने भी प्रदेश नेतृत्व के निर्णय पर बगावती सुर अपनाते हुए मेयर पद के लिए नामांकन कर दिया।उन्होंने कहा कि सिर्फ पार्टी के कार्यो को जनता के बीच ले जाने से कोई नेता नहीं होता। सामाजिक सरोकार भी कोई चीज होती है। यह जनता तय करेगी की कौन चोर है और मोर कौन है। मैने 2009 से पार्टी के लिए काम किया और मेरे ऊपर कई मुकदमे भी हुए है।पार्टी को लगा होगा कि हमसे बेहतर कोई दूसरा उम्मीदवार है लेकिन मैं अपने फैसले पर पूरी तरह से खड़ी हूं। वहीं भाजपा नेता अरविंद राय ने कहा कि यह दलीय आधार पर चुनाव नहीं है। पार्टी मेरी मां है। अगर पार्टी का झंडा और चुनाव चिन्ह रहता तो मैं पार्टी का निर्णय मानता। लेकिन यह निकाय चुनाव है और मैं चुनाव लड़ने का फैसला कर लिया है। बताते चले कि स्वर्गीय समरेश सिंह की बहु डॉक्टर परिंदा सिंह पूर्व में भी मेयर का चुनाव लड़ चुकी थी, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। वर्तमान में स्वर्गीय समरेश सिंह की छोटी बहू कांग्रेस से बोकारो विधायक भी है।

# खादगडा बस पड़ाव अगलगी कांड का खुलासा, एक आरोपित पुलिस गिरफ्त में

**रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजधानी रांची के खादगडा ओपी अंतर्गत बस स्टैंड में बीते 2 फरवरी को हुई आगलगी कि घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए 1 शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है।लेकिन घटना को अंजाम क्यों दिया गया था ये स्पष्ट नहीं हो पाया। मामले की जांच जारी है। रांची पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किए है जिसने पहले खादगढ़ा बस स्टैंड में 6 बसों को आग के हवाले कर दिया था और उसके बाद दूसरे दिन सिटी बस को भी आग में झोंकने की कोशिश थी। दोनों ही घटनाओं में अपराध की शैली बिल्कुल एक थी। जिसका खुलासा एक सीसीटीवी फुटेज से हुआ। दरअसल खादगढ़ा बस स्टैंड में हुई आग लगी की घटना के दूसरे दिन 3 फरवरी को भी सिटी राइड बस में एक व्यक्ति के द्वारा आग में झोंकने की साजिश थी और उसकी तस्वीर सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। आरोपी को जब इंटेरोगेट किया गया तो खादगढ़ा की घटना में भी उसने अपनी संलिप्त स्वीकार कर ली। मामले की जानकारी देते हुए सिटी एसपी ने बताया कि दोनों ही घटनाओं में मोड्स आफ ऑपरेंडी यानी अपराध की शैली बिल्कुल एक थी।जिसका खुलासा 3 फरवरी की घटना से हुआ जब सीसीटीवी में एक तस्वीर कैद हुई की एक व्यक्ति हाथ में कपड़ा बांधकर बस के अंदर गया और वापस खाली हाथ निकला। और थोड़ी देर बाद बस से धुवां निकलने लगा। स्थानीय लोगों ने तुरंत आग पर काबू पा लिया और पुलिस ने लोगों मदद से आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया। जब पुलिस की जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि लोगों ने इस शख्स को 2 फरवरी को स्टैंड में घटना से महज 5 मिनट के अंदर वह व्यक्ति बस के अंदर जाकर वापस निकलते देखा गया था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com